www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

02 जून, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 222


विनय चौबे फिर बीमार, रिम्स में कराया गया भर्ती





FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com



SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?.................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847


## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर स्वर्ण जड़ित कलश स्थापित



अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर स्वर्ण जड़ित कलश का स्थापना कर दी गयी है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से इसकी तस्वीर रविवार को जारी की गयी। आगामी तीन से पांच जून तक यहां कई मंदिरों में स्थापित प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा होगी। शिखर पर कलश को स्वर्ण से जड़ने का काम पांच जून को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा से पहले पूरा हो जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारियों के तहत दो जून को अयोध्या में सरयू जल कलश यात्रा निकाली जायेगी।

## झारखंड की हॉकी कोच प्रतिमा बरवा को नम आंखों से दी गयी विदाई

### पैतृक गांव में हुआ अंतिम संस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड की जानी-मानी हॉकी कोच प्रतिमा बरवा का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव कोचा में किया गया। हाल ही में उन्हें पक्षाघात का दौरा पड़ा था। गंभीर हालत में उन्हें रांची के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां वह वेंटिलेटर पर थीं। रांची के पारस अस्पताल से प्रतिमा बरवा का पार्थिव शरीर सीधे बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम लाया गया। वहां बड़ी संख्या में हॉकी खिलाड़ियों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर हॉकी संघ के अध्यक्ष अशोक भगत, खेल पदाधिकारी, बिरसा कॉलेज के प्राचार्य जे किड़ो समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। क्षेत्र के सांसद, विधायक और पूर्व सांसद ने हॉकी कोच के निधन पर दुख जताया है। बिरसा कॉलेज परिसर स्थित स्टेडियम में श्रद्धांजलि देने के बाद उनके पार्थिव शरीर का उनके पैतृक गांव कोचा ले जाया गया। वहां खेल विभाग की देखरेख में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

**हॉकी संस्कृति की आधारशिला थीं प्रतिमा :** हॉकी झारखंड के



महासचिव विजय शंकर सिंह ने कहा है कि प्रतिमा बरवा सिर्फ कोच नहीं थीं, बल्कि झारखंड और भारत की हॉकी संस्कृति की आधारशिला थीं। उन्होंने जिन खिलाड़ियों को तैयार किया, वे आज देश के लिए गौरव बन गये हैं। प्रतिमा बरवा मूल रूप से खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड के कोचा गांव की रहने वाली थीं, लेकिन वर्तमान में वे कुंजला में रहती थीं। वे खेल विभाग द्वारा संचालित खूंटी हॉकी प्रशिक्षण केंद्र में कोच के रूप में कार्यरत थीं। इससे पहले वे सिमडेगा स्थित आवासीय बालिका हॉकी केंद्र में 15 वर्षों तक कोचिंग कर चुकी थीं।

**कई खिलाड़ियों को दिलायी अंतरराष्ट्रीय पहचान :** प्रतिमा बरवा के मार्गदर्शन में कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड और भारत का नाम रोशन किया है। उनके द्वारा प्रशिक्षित प्रमुख खिलाड़ियों में अर्जुन पुरस्कार विजेता सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेन, रजनी केरकेट्टा और सुषमा जैसी प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी शामिल हैं। उनके प्रशिक्षण और समर्पण ने झारखंड की बालिका हॉकी को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

### सीएम हेमंत सोरेन ने जताया दुख

कोच प्रतिमा बरवा के निधन पर सीएम हेमंत सोरेन ने भी दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर उनके निधन को हॉकी जगत को अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने लिखा कि झारखंड समेत देश को कई प्रतिभाशाली अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी देने वाली हॉकी कोच प्रतिमा बरवा जी का असामयिक निधन अत्यंत दुखदायक है। जीवन के संघर्ष में आज वह सभी को छोड़कर चली गयीं। झारखंड की मेहनतकश बेटियों की आदर्श थीं प्रतिमा जी। उनका निधन झारखंड ही नहीं, देश के हॉकी जगत के लिए भी अपूरणीय क्षति है। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की यह घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता में टीएमसी सरकार को घेरा, कहा

# मुस्लिम वोट के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' का विरोध कर रहीं ममता

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि ममता बनर्जी मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' और वक्फ संशोधन एक्ट का विरोध कर रही हैं। पश्चिम बंगाल की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे शाह ने कहा कि ममता ऐसा करके देश की माताओं और बहनों का अपमान कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव में राज्य की माताएं और बहनें 'ऑपरेशन सिंदूर' की आलोचना करने के लिए सीएम ममता और टीएमसी को सबक सिखायेंगी। अमित शाह ने विजय संकल्प कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, जब पहलगाम आतंकी हमले में बंगाल के पर्यटक मारे गये, तब ममता बनर्जी चुप रहीं। मुर्शिदाबाद दंगा राज्य प्रायोजित था। गृह मंत्रालय ने यहां बीएसएफ की तैनाती की बात कही थी, लेकिन ममता सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया, जिससे हिंसा जारी रहे। ममता बनर्जी तुष्टीकरण की राजनीति के लिए वक्फ कानून के खिलाफ हैं। शाह ने कहा कि टीएमसी बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने बांग्लादेशियों के लिए बंगाल की सीमाएं खोल दी हैं। पश्चिम बंगाल की सरकार ने बीएसएफ को आवश्यक जमीन नहीं दी है। बीएसएफ को जमीन मिल जाये, तो हम घुसपैठ रोक देंगे, लेकिन टीएमसी ऐसा नहीं करेगी।



### बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी

अमित शाह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर टिप्पणी को लेकर ममता और उनकी सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने आगे कहा, हमें पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनानी है, घुसपैठ रोकनी है, भ्रष्टाचार रोकना है, हिंदुओं का पलायन रोकना है। अमित शाह ने कहा, वर्षों तक बंगाल में कम्युनिस्टों का शासन रहा। उसके बाद ममता बनर्जी 'मां, माटी, मानुष' का नारा देकर आयीं। उन्होंने बंगाल की महान भूमि को घुसपैठ, महिलाओं पर अत्याचार, अपराध, बम विस्फोट और हिंदुओं के साथ अनैतिकता की भूमि में बदल दिया। ममता के सीएम बनने के बाद पश्चिम बंगाल में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गयी। दीदी, मेरी बात सुनिये, अब आपका समय खत्म हो गया है। 2026 में भाजपा सरकार बनायेगी।

**भतीजे को सीएम बनाना चाह रहीं ममता :** अमित शाह ने कहा, पश्चिम बंगाल का चुनाव न केवल बंगाल का भविष्य तय करेगा, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। ममता बनर्जी ने बांग्लादेशियों के लिए देश की सीमाएं खोल दी हैं। वह घुसपैठ की इजाजत दे रही हैं। ममता बनर्जी घुसपैठ नहीं रोक सकतीं, केवल भाजपा सरकार ही ऐसा कर सकती है। ममता अपने बाद अपने भतीजे को सीएम बनाना चाहती हैं, लेकिन ऐसा नहीं होने वाला है।

**ममता बनर्जी को दी चुनौती :** अमित शाह ने कहा कि अगर दीदी (ममता बनर्जी) में हिम्मत है, तो वे बिना हिंसा के चुनाव लड़कर दिखायें, उनकी जमानत जब्त हो जायेगी। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत हमने 100 किमी (पाकिस्तान के अंदर) जाकर उनके मुख्यालय को नष्ट कर दिया। सैकड़ों आतंकवादी मारे गये और इससे दीदी का पेट दुखता है। उन्होंने एक राजनीतिक भाषण दिया और 'ऑपरेशन सिंदूर' का विरोध किया। उन्होंने देश की करोड़ों महिलाओं की भावनाओं के साथ भी खिलवाड़ किया है।

### नौकरियों को लेकर भी शाह ने ममता को घेरा

गृह मंत्री शाह ने कहा कि कोलकाता के बाजार में युवाओं की नौकरियां बिकती हैं। इनके घरों से (टीएमसी) का इतना पैसा पकड़ा जाता है कि गिनते-गिनते मशीनें थक जाती हैं। अब इस सिलसिले को बंद करना ही होगा।

### सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री की नयी इमारत का उद्घाटन

पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने से पहले शाह ने कोलकाता के राजारहाट में सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री की नयी इमारत का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एक सुरक्षित, पारदर्शी और साक्ष्य आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली बना रही है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि अपराध रोकने वाले अपराधियों से दो कदम आगे रहें। हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली एक नये युग में प्रवेश कर रही है।

## न्यूज रील्स

### यूपी में अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म

लखनऊ। हेट स्पीच केस में सजा के एलान के बाद यूपी के मऊ से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म हो गयी है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उनकी सीट को रिक्त घोषित कर दिया है। इसके लिए रविवार को छुट्टी के दिन सचिवालय खोला गया। चुनाव आयोग को इसकी सूचना भेज दी गयी है। अब इस विधानसभा सीट के उपचुनाव पर सबकी नजर है। बीते विधानसभा चुनाव के दौरान नफरती भाषण और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन के मामले मे फैसला शनिवार को हुआ। सीजेएम डॉ केपी सिंह ने मामले में पक्षकारों की बहस सुनने के बाद फैसला के लिए 31 मई की तिथि तय की थी। सुनवाई के बाद अदालत ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अब्बास अंसारी को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनायी। इसके साथ ही अलग-अलग धाराओं के तहत कुल 11 लाख का जुर्माना भी लगाया गया।

### मई में जीएसटी संग्रह 2.01 लाख करोड़ के पार

**नयी दिल्ली।** सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 16.4 प्रतिशत बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी। इससे पहले अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। आंकड़ों के अनुसार मई में घरेलू लेनदेन से कुल जीएसटी राजस्व 13.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.2 प्रतिशत बढ़कर 51,266 करोड़ रुपये रहा। मई में कुल केंद्रीय जीएसटी राजस्व 35,434 करोड़ रुपये हुआ।

## पीएम मोदी मिले एडीबी के अध्यक्ष मसातो कांडा से

### ढांचागत सुविधा के लिए 10 अरब डॉलर देगा एडीबी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मसातो कांडा से अपने आधिकारिक निवास पर मुलाकात की। इस बैठक में भारत के ढांचागत विकास में 10 अरब डॉलर के निवेश को लेकर बातचीत की गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एडीबी अध्यक्ष की पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, मसातो कांडा के साथ एक शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किये। पिछले दशक में भारत के तेजी से हुए परिवर्तन ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है और हम इस यात्रा में और गति लाने के लिए काम कर रहे हैं।



### विकसित भारत 2047 का विजन साहसिक है

कांडा ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में लिखा,विकसित भारत 2047 का विजन साहसिक है और एडीबी इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य का समर्थन कर रहा है। हम अगले पांच वर्षों में नगर निगम के ढांचागत विकास, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, नये क्षेत्रीय त्वरित आवागमन प्रणाली बनाने और शहर की सेवाओं के आधुनिकीकरण में तृतीय पक्ष पूंजी सहित 10 अरब डॉलर का निवेश करेंगे।


श्री KRISHNA
Pure Veg Restaurant
Wedding | Corporate Parties | Birthday | Anniversary
• Indian • Rajasthani • South Indian • Chinese
LUNCH PACKETS / CATERING SERVICES
Our Specialities
Rajasthani & Royal Indian Thali
पधारोसा
Loyalty Voucher
10% FLAT DISCOUNT
PROMO CODE GET10
202, 2nd Floor, Pitamber Estate, Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi
Ph.- 0651-3139475, 8102089531, 9942000940
NOTE : 10% Discount Will Be Given On Bringing Coupon Cutting


## क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की सगाई आठ को

### वाराणसी में 18 नवंबर को होगी शादी

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी (सगाई) आठ जून को लखनऊ में होगी। उनकी शादी भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह के साथ होनी है। शादी 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज से होगी। इसमें क्रिकेट के सितारे, फिल्म जगत की हस्तियों और उद्योगपतियों का जमवाड़ा रहेगा। आइपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलने वाले अलीगढ़ के रिंकू सिंह की शादी प्रिया से तय है। इसकी पुष्टि पहली बार सांसद बनीं प्रिया सरोज के पिता और केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने की थी। विधायक ने कहा था कि अलीगढ़ में रिंकू के परिजनों से मुलाकात हुई थी। परिजन शादी के लिए राजी हैं। आइपीएल के बाद दोनों की शादी होगी।





**पेशे से अधिवक्ता हैं प्रिया सरोज :** इसमें देशभर के प्रमुख राजनेता, क्रिकेटर, फिल्मी सितारे और समाजसेवी शामिल होंगे। यह रिश्ता दोनों परिवारों की सहमति और स्नेह से तय हुआ है। दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए वक्त दिया और अब एक नयी शुरुआत के लिए तैयार हैं।

## भारतीय सेना ने मुंबई में किया उच्च स्तरीय सुरक्षा अभ्यास

### गैर-परंपरागत खतरों से निपटने की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** गैर-परंपरागत खतरों के बदलते स्वरूप के मद्देनजर भारतीय सेना ने मुंबई में एक उच्च स्तरीय संयुक्त अंतर-सेवा सुरक्षा अभ्यास किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में जानकारी दी कि यह दो दिवसीय अभ्यास 30 और 31 मई को कोलाबा के सैन्य प्रशिक्षण क्षेत्र और मुंबई के फोर्स वन प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित किया गया, जिसका समापन बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसइ) में हुआ। बयान में कहा गया, गैर-परंपरागत खतरों के बदलते स्वरूप और वर्तमान बढ़े हुए सुरक्षा माहौल के जवाब में भारतीय सेना ने एक उच्च स्तरीय संयुक्त अंतर-सेवा सुरक्षा अभ्यास आयोजित किया। इस दो दिवसीय अभ्यास में सेना, नौसेना, वायु सेना, तटरक्षक बल, फोर्स वन (महाराष्ट्र) और मुंबई पुलिस ने भाग लिया। बयान में कहा गया, इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विभिन्न एजेंसियों के बीच सहयोग को मजबूत करना, संचालन की तत्परता का आकलन करना और बहुआयामी सुरक्षा परिस्थितियों के लिए एकीकृत प्रतिक्रिया तंत्र को परखना था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# झामुमो के दावे से रोचक हुआ बिहार का चुनावी परिदृश्य

## ■ 15 सीटों पर जेएमएम उम्मीदवार उतारने की घोषणा से इंडी अलायंस में टेंशन

## ■ बिहार चुनाव पर राजद और कांग्रेस के रुख से पूरी तरह सहमत नहीं है झामुमो

## ■ अपनी विस्तार योजना से किसी भी कीमत पर पीछे हटने को तैयार नहीं हैं हेमंत

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड की सबसे मजबूत राजनीतिक ताकत झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस साल के अंत में होनेवाले बिहार विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाने की तैयारी कर ली है। पार्टी ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अपने विस्तार की योजना पर गंभीरता से काम करते हुए बिहार की 12 से 15 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का मन बना लिया है। झारखंड की सियासत में मजबूती से स्थापित होने और ओड़िशा-पश्चिम बंगाल के बाद झामुमो ने अब बिहार पर अपना ध्यान लगाया है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में तैयार इस विस्तार योजना की पहली सीढ़ी बिहार विधानसभा के चुनाव में उतरने का फैसला है। झामुमो की इस तैयारी से बिहार का चुनावी परिदृश्य बेहद रोचक हो गया है। दरअसल, झामुमो बिहार चुनाव पर राजद और कांग्रेस के रुख से पूरी तरह सहमत नहीं है और इंडी अलायंस की बैठक में इस मुद्दे पर दो टूक बात करने की संभावना है। झामुमो की इस दावेदारी के बाद बिहार को लेकर इंडी अलायंस में खलबली मच गयी है, क्योंकि राजद और कांग्रेस की तरफ से झामुमो को बिहार में इतनी अहमियत दिये जाने की संभावना कम दिख रही है। ऐसे में यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि हेमंत सोरेन ने झारखंड में जिस बड़े दिल के साथ कांग्रेस और राजद को अपनाया है, वैसा बड़ा दिल बिहार में शायद ही राजद और कांग्रेस दिखाये। उस स्थिति में इंडी अलायंस के भीतर उथल-पुथल की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। बहरहाल, झामुमो की दावेदारी से एक बात तो साफ हो गयी है कि हेमंत सोरेन अपनी पार्टी को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और यह झामुमो के नये दौर की शुरुआत है। क्या है झामुमो की दावेदारी का सच और बिहार चुनाव में क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले झारखंड में सत्तारूढ़ पार्टी झामुमो ने इंडी अलायंस से नाराजगी जतायी है। पार्टी ने साफ संकेत दिये हैं कि अगर गठबंधन में उसे सम्मानजनक भागीदारी नहीं दी गयी, तो वह बिहार में 15 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। बता दें कि बिहार चुनाव के बारे में हुई इंडी अलायंस की बैठकों में झामुमो को शामिल नहीं किया गया और 21 सदस्यीय समन्वय समिति में भी स्थान नहीं मिला, जिससे पार्टी खुद को उपेक्षित महसूस कर रही है। झामुमो का कहना है कि 2019 में झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान कम सीटें मिलने के बावजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजद को मंत्री पद दिया था। इसके बावजूद बिहार में झामुमो नजरअंदाज किया जा रहा है। पार्टी का मानना है कि सीमावर्ती इलाकों में उसकी मजबूत पकड़ है। और इस प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता।

### राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की तैयारी

दरअसल हेमंत सोरेन द्वारा पार्टी की कमान संभालने के बाद झामुमो अब राष्ट्रीय पार्टी के रूप में पहचान बनाना चाहता है। पार्टी झारखंड के साथ-साथ बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, असम, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ में भी अपनी मौजूदगी बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। पहले भी पार्टी का ओड़िशा में छह विधायक, बिहार में एक विधायक और एक सांसद रह चुका है। झामुमो की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत ही पार्टी ने बिहार चुनाव में उतरने का मन बनाया है।

### सीमावर्ती सीटों पर झामुमो की मजबूत दावेदारी

झामुमो बिहार-झारखंड की सीमावर्ती सीटों, जैसे चकाई, झाझा, तारापुर, कटोरिया, बांका, मनिहारी, रूपौली, बनमनखी, जमालपुर और धमदाहा में चुनाव लड़ना चाहती है। पार्टी का दावा है कि इन क्षेत्रों में झारखंडी संस्कृति, भाषा और आदिवासी पहचान की गहरी पैठ है, जिसे देखते हुए झामुमो को इन क्षेत्रों में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। झामुमो का तर्क है कि सीमावर्ती जिलों में पड़ने वाली विधानसभा सीटों पर उसका जनाधार है। अतीत में वहां झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक भी रहे हैं। झामुमो का कहना है कि इन सीटों पर न सिर्फ उसके कार्यकर्ता हैं, बल्कि उसके पास प्रत्याशी भी हैं। पार्टी को उम्मीद है कि उसकी मांगों पर सकारात्मक तरीके से विचार किया जायेगा। पार्टी का दावा है कि 2024 के दो चुनावों से साफ हो गया है कि पार्टी का प्रभाव तेजी से बढ़ा है। तानाशाही तत्वों के खिलाफ लड़ कर जिस प्रकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बड़ी जीत मिली है, उसकी स्वाभाविक तौर पर पार्टी की राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा हो रही है। झामुमो को चाहने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। बड़ी संख्या में लोग झामुमो से जुड़ रहे हैं।




### क्या है झामुमो की दावेदारी का आधार

झामुमो की यह दावेदारी दरअसल उसकी विस्तार योजना का हिस्सा है। पार्टी ने झारखंड के अलावा बंगाल और ओड़िशा में अपना विस्तार किया है और अब वह बिहार में अपने पैर फैलाना चाहती है। राजनीति के जानकार मानते हैं कि बिहार में चुनाव मैदान में उतरने के झामुमो के फैसले का इंडी अलायंस पर सबसे अधिक असर पड़ेगा और इससे राजनीति में नया गुल खिल सकता है। झामुमो झारखंड में इंडी अलायंस की सबसे बड़ी पार्टी है, वहीं बिहार में उसकी भूमिका सहयोगी की है।

### पहले भी प्रत्याशी दे चुका है झामुमो

वैसे यह पहली बार नहीं है कि झामुमो बिहार चुनाव में प्रत्याशी उतारने की बात कह रहा है। झामुमो पहले भी बिहार में चुनाव लड़ चुका है। 2020 में हुए चुनाव में झामुमो ने बिहार की चार सीटों से अपने उम्मीदवार उतारे थे, हालांकि किसी को जीत नहीं मिली। पार्टी ने चकाई से एलिजाबेथ सोरेन, झाझा से अजीत कुमार, कटोरिया से अंजेला हांसदा, मनिहारी से फूलमनी हेंब्रम और धमदाहा से अशोक कुमार हांसदा को चुनाव मैदान में उतारा था।

### झामुमो की दावेदारी से खलबली

बिहार चुनाव में झामुमो द्वारा उम्मीदवार उतारे जाने की घोषणा के बाद से ही सियासी हलकों में खलबली दिखने लगी है। राजद की तरफ से हालांकि इस बारे में आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन कांग्रेस ने इस पर उचित समय पर विचार करने की बात कही है। कांग्रेस का कहना है लोकतंत्र में चुनाव लड़ने का अधिकार हर राजनीतिक दल को है। बिहार में कौन कितनी सीटों पर लड़ेगा, कौन कहां से चुनाव लड़ेगा, इन तमाम बिंदुओं पर जब महागठबंधन के शीर्ष नेता बैठेंगे, तब फैसला हो जायेगा। इतना जरूर है कि इंडी अलायंस पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा और संविधान विरोधी ताकतों के खिलाफ चुनाव जीतेगा भी।

### झामुमो के दावे का सियासी असर

झामुमो की दावेदारी और रणनीति से साफ है कि वह इस बार बिहार के चुनावी परिदृश्य में बड़ी भूमिका निभाने की तैयारी कर रहा है। पार्टी को महागठबंधन से काफी उम्मीदें हैं और यदि सीट बंटवारे पर सहमति बनती है, तो यह चुनावी समीकरणों को नया मोड़ दे सकता है। जानकार बताते हैं कि हेमंत सोरेन ने जिस तरह झारखंड में राजद और कांग्रेस को समुचित सम्मान और सीटें दी थीं, वह अपनी पार्टी के साथ भी बिहार में वैसा ही व्यवहार चाहते हैं। लेकिन राजद और कांग्रेस के रुख से ऐसा नहीं लगता कि वे झामुमो को तवज्जो देने के मूड में हैं। इंडी अलायंस में हेमंत सोरेन ने अपनी जो जगह बनायी है, उसके बाद से राजद और कांग्रेस के लिए उनको नजरअंदाज करना भी आसान नहीं होगा। लेकिन यदि ऐसा हुआ, तो कुछ नया गुल खिल सकता है और इस संभावना से पूरी तरह इनकार भी नहीं किया जा सकता है।

---

# फर्जी ज्वाइनिंग लेटर के सहारे बीएसएफ में नौकरी पाने की कोशिश, दो गिरफ्तार

**दलाल ने एक अभ्यार्थी से 60 हजार और दूसरे अभ्यार्थी से 1.20 लाख रुपये लेकर ज्वाइनिंग लेटर जारी किया था**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले के मेरु बीएसएफ कैंप में फर्जी तरीके से नौकरी ज्वाइन करने आये दो अभ्यर्थियों को बीएसएफ के अधिकारियों ने पकड़ा है। दोनों अभ्यर्थी मुफ्फसिल पुलिस को सौंप दिये गये हैं। आरोपियों में पश्चिम बंगाल मुर्शिदाबाद जिले के पौलुस सोरेन और रवि बेसरा शामिल हैं। दोनों अभ्यार्थियों पर जालसाजी कर फर्जी तरीके से बीएसएफ में नौकरी ज्वाइन करने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार पश्चिम बंगाल मुर्शिदाबाद से दो अभ्यर्थी बीएसएफ मेरु में ज्वाइनिंग के लिए 31 मई को पहुंचे थे। ज्वाइनिंग करने आये सभी युवकों के दस्तावेजों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान इन दोनों अभ्यार्थियों के दस्तावेज जाली पाये गये, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को पकड़ा गया। बीएसएफ अधिकारियों ने दोनों से पूछताछ की, जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। मालूम हो पुलिस काफी समय से फर्जी तरीके से बीएसएफ में बहाली करने वाले रैकेट की तलाश कर रही है। इसके पूर्व भी फर्जी तरीके से बीएसएफ में भर्ती होने आये दो अभ्यार्थियों को गिरफ्तार किया गया था।

बीएसएफ के प्रशिक्षण इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने मामले को लेकर मुफ्फसिल थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पूछताछ में अभ्यार्थियों ने पुलिस को बताया कि दलाल ने एक अभ्यार्थी से 60 हजार और दूसरे अभ्यार्थी से 1.20 लाख रुपये लेकर ज्वाइनिंग लेटर जारी किया था। दक्षिण बंगाल के सिनॉत भर्ती एजेंसी बीएसएफ द्वारा जवाइनिंग लेटर अभ्यार्थी लेकर आये थे। संदेह के आधार पर जब मेरु बीएसएफ के अधिकारियों ने इसकी जांच पड़ताल की, तो ज्वाइनिंग लेटर फर्जी पाया गया। सिनॉत के अधिकारियों ने बताया कि यहां से कोई ज्वाइनिंग लेटर जारी नहीं हुआ है।

मुफ्फसिल थाना प्रभारी कुणाल किशोर ने कहा कि 5 महीने के अंतराल में बीएसएफ में फर्जी तरीके से बहाल होने आये 4 अभ्यार्थियों को गिरफ्तार किया गया है।दोनों मामले से खुलासा हुआ है कि बीएसएफ में फर्जी तरीके से बहाल करने के लिए कोई रैकट चल रहा है। इस रैकट में शामिल दलाल तक पुलिस पहुंचने की कार्रवाई कर रही है।

इससे पूर्व हजारीबाग बीएसएफ मेरु कैंप में भर्ती होने आये दो अभ्यार्थियों को पुलिस ने 24 जनवरी 2025 को गिरफ्तार किया था। इनमें मध्य प्रदेश के अंकुर कुमार और अनित थे। जांच पड़ताल में पाया गया था कि परीक्षा किसी अन्य अभ्यार्थी ने लिखी थी और बहाल होने दूसरे अभ्यार्थी आये थे। दोनों अभ्यर्थियों के अंगूठे का निशान लेने पर परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी के अंगूठे से मैच नही हुआ था।इसके बाद बीएसएफ अधिकारियों ने दोनों अभ्यर्थियों को पकड़ कर पूछताछ किया, जिसके बाद पूरा मामला उजागर हुआ।

# राष्ट्रपति के दौरे को लेकर तैयारी में जुटा देवघर प्रशासन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**11 जून को एम्स में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी राष्ट्रपति**

**देवघर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एम्स में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह के लिए देवघर आ रही हैं। राष्ट्रपति आगमन को लेकर जिला प्रशासन तैयारी में जुटा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून की शाम विशेष विमान से देवघर पहुंचेंगी और फिर 11 जून को एम्स में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इस दीक्षांत समारोह से पहले राष्ट्रपति का बाबा मंदिर में पूजा अर्चना का कार्यक्रम है।

जिला प्रशासन ने इसे देखते हुए पदाधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की है। जिसमें जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था के अलावा रूट लाइन की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं।

इसके अलावा बाबा बैद्यनाथ मंदिर, एम्स, एयरपोर्ट, सर्किट हाउस में साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था को व्यवस्थित करने का दिशा निर्देश भी उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों को दिया गया है। वहीं, राष्ट्रपति के आने जाने वाले रूट लाइन पर पुलिस कर्मियों की तैनाती, ट्रैफिक पुलिस कर्मी की पोस्टिंग, रूट लाइन सहित सभी पहलुओं की तैयारी को लेकर संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गयी है।

बैठक में एसडीओ रवि कुमार, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार, हेडक्वार्टर डीएसपी वेंकटेश प्रसाद, डीसीपी लक्ष्मण प्रसाद सहित सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बराकर नदी में डूबा किशोर, दो घंटे की खोजबीन के बाद मिला शव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गिरिडीह।** सरिया प्रखंड के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल राजदह धाम में एक बच्चे की डूबने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान सरिया निवासी 16 वर्षीय शेखर मोदी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शेखर अपने दो अन्य दोस्तों के साथ उत्तरवाहिनी बराकर नदी नहाने गया था। अधिक पानी में जाने के कारण शेखर की मौत हो गयी। वहीं अन्य दोस्त किसी तरह बाहर निकले। घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजन घटनास्थल पहुंचे और अन्य लोगों की मदद से शव को ढूंढने का प्रयास किया परन्तु शव नहीं मिला। वहीं राजदाह धाम समिति के सदस्यों ने गहरे पानी में उतरकर लगभग 2 घंटे तक काफी खोजबीन करने के बाद युवकों की मदद से शेखर के शव को निकाला गया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार मृतक अपने मित्रों के साथ नहाने गया था । वहीं घटना की सूचना पर सरिया पुलिस राजदह पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दिया।

# गिरिडीह जेल में युवक ने किया अत्माहत्या का प्रयास

**नाबालिग लड़की को भगाकर ले गया था हैदराबाद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गिरिडीह।** गिरिडीह सेंट्रल जेल में एक युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया है। यह प्रयास जेल के अंदर ही किया गया। हालांकि समय रहते कारा प्रबंधन पहुंच गया और युवक की जान बच गयी। युवक का गिरिडीह के सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। अस्पताल में इलाजरत युवक की पहचान गावां थाना इलाके के सेरुआ निवासी नवीन मिस्त्री (20) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नवीन एक नाबालिग लड़की को लेकर पिछले दिनों हैदराबाद फरार हो गया था। वहां उसने उस लड़की से शादी कर ली। इस बीच लड़की के अभिभावक ने गावां थाना में शिकायत दर्ज करवायी तो थानेदार अभिषेक कुमार के नेतृत्व में दोनों की खोजबीन शुरू की गयी। पुलिस लगातार छापेमारी करती रही। जिससे नवीन पर दबाव बनने लगा। तीन दिन पूर्व नवीन उस लड़की के साथ थाना आ पहुंचा।

नवीन के सरेंडर करने के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस बीच शनिवार की देर शाम को कारा के अंदर ही नवीन ने आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि इसकी जानकारी जेल अधीक्षक हिमानी समेत अन्य को लगी। पूरा जेल प्रबंधन एक्टिव हुआ और नवीन की जान बचाते हुए सदर अस्पताल भिजवाया गया। अभी सदर के वार्ड में नवीन का इलाज चल रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.8 °c | 25.3 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.31 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.02 बजे |



# चाय पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद संजय सेठ : वन नेशन वन इलेक्शन पर रक्षा राज्यमंत्री ने किया विचार-विमर्श

## एक ही समय पर चुनाव होने से खर्च में कमी आयेगी और उस धन का उपयोग विकास कार्यों में हो सकेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को मोरहाबादी स्थित संकल्प शुक्ला पार्क और ऑक्सीजन पार्क में मॉर्निंग वॉक के साथ चाय पर चर्चा की। उन्होंने खुद भी चाय पी और वहां मौजूद स्थानीय लोगों को भी चाय पिलवायी। इस दौरान प्रमुख रूप से वन नेशन-वन इलेक्शन पर प्रबुद्धजनों के साथ संवाद हुआ। इस संवाद में रक्षा राज्य मंत्री ने वन नेशन-वन इलेक्शन के लागू होने से देश में होने वाले लाभ से प्रबुद्धजनों को अवगत कराया।

प्रबुद्धजनों ने रक्षा राज्य मंत्री के समक्ष इस व्यवस्था के लागू होने को लेकर अपनी सहमति जतायी।संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश कई बड़े सुधारों का गवाह बन रहा है। उसमें एक सुधार चुनावी व्यवस्था को लेकर भी है। उन्होंने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन एक ऐसा प्रस्ताव है, जिसमें भारत में सभी चुनाव, चाहे वह लोकसभा के लिए हों या राज्य विधानसभाओं के लिए, एक ही समय पर करवाये जायेंगे। एक ही समय पर चुनाव होने से खर्च में कमी आयेगी और उस धन का उपयोग विकास कार्यों में हो सकेगा। सरकारी कामकाज में बार-बार चुनावों के कारण होने वाले व्यवधान कम हो सकेंगे। सरकारें बिना चुनावी दबाव के लंबी अवधि के लिए नीतियां बना सकेंगी। यह समाज और राष्ट्र के हित में लिया जाने वाला कदम है।




## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी-व्यापार के क्षेत्र में कठिनाइयों की वृद्धि संभव है, फिर भी उससे कोई हानि नहीं होगी।

**वृष** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी। शत्रुओं पर विजय मिलेगा।

**मिथुन** रुके हुए काम पूरे होंगे,आर्थिक स्थिति सुदृढ़,निर्माण कार्य में प्रगति।

**कर्क** धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेंगे, नये लोगों से सम्पर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ।

**सिंह** जमीन-जायदाद संबंधी कार्यों में सफलता, विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास।

**कन्या** राजकीय पक्ष से सहयोग-समर्थन, धनागम के अवसर बढ़ेंगे,अवसरों का फायदा उठावें।

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा,आर्थिक परेशानी, तनाव-विवाद से कष्ट।

**वृश्चिक** हर क्षेत्र में सफलता,नवीन व्यापारिक योजना सफल,आर्थिक लाभ होगा।

**धनु** विद्यार्थियों को लेखन और अध्ययन का सुपरिणाम मिलेगा। विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास।

**मकर** धन एवं सुख की प्राप्ति होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे,वाहन सुख।

**कुंभ** सामयिक कार्यों में सफलता,नौकरी में उल्लास, संकल्पित काम पूरे होंगे।

**मीन** भूले बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान मिलेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# बाबूलाल मरांडी का आदिवासियों से प्रेम महज छलावा : सुप्रियो

## बाबूलाल तपकरा और नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज के लिए कब राज्यवासियों से माफी मांगेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो यानी झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी का आदिवासियों से प्रेम महज छलावा है। उन्होंने कहा कि प्रथम मुख्यमंत्री रहते बाबूलाल मरांडी ने अपने कार्यकाल में कोयलकारो परियोजना और नेतरहाट के फील्ड फायर रेंज के विरोध में उतरे आदिवासियों पर गोलियां चलवायीं। वहीं विपक्ष में रहने पर वे आदिवासियों की जमीन नहीं लुटने देने की खोखली बातें करते हैं। सुप्रियो भट्टाचार्य ने ये बातें रविवार को पार्टी के हरमू स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहीं।





सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि एकीकृत बिहार में झारखंड आंदोलन में पलीता लगाने काम बाबूलाल मरांडी ने किया था। उनके प्रयास से ही झारखंड में बिहार राज्य सरकार कार्यान्वयन नियमावली को आत्मसात किया गया था। उस समय झामुमो के नेता स्टीफन मरांडी विपक्ष के नेता हुआ करते थे। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में 104 एमओयू साइन हुए थे। उस समय वे शोषण का प्रतिनिधित्व करते थे। बाबूलाल मरांडी रिम्स टू का निर्माण नहीं होने देना चाहते हैं, जबकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को स्वास्थ्य को सुधारने को कहा था। इन्हें इनके नेता ही नहीं पूछ रहे हैं। इसलिए खिसियानी बिल्ली खंभा नोचेवाली बात चरितार्थ होती है। सुप्रियो ने कहा कि बाबूलाल तपकरा और नेतरहाट फील्ड फायर रेंज के लिए कब राज्यवासियों से माफी मांगेंगे।

# आदिवासियों की आवाज उठाने पर झामुमो को मिर्ची लगी : प्रतुल शाहदेव

**कांग्रेस की केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के कार्यकाल में 6 करोड़ लोग विस्थापित हुए, उस पर झामुमो चुप क्यों?**

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को झामुमो के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पलटवार करते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी ने नगड़ी में आदिवासी और मूलवासी रैयतों के लिए आवाज उठायी तो इससे झामुमो को मिर्ची लग रही है। प्रतुल ने कहा यह सरकार अपने को आदिवासी की सरकार होने का दावा करती है। लेकिन जबरन आदिवासियों से उनकी जमीन छीन कर रिम्स टू बनाना चाहती है। प्रतुल ने कहा यह सरकार बाबूलाल फोबिया से इतनी ग्रसित है कि अब यह रिम्स टू के निर्माण के लिए खून-खराबे पर उतारू हो गयी है। आदिवासियों के विरोध के बावजूद स्वास्थ्य मंत्री कह रहे हैं कि रिम्स टू वहीं बनेगा।



प्रतुल ने कहा जिन ग्रामीणों ने बाबूलाल मरांडी को दस्तावेज दिखाये उससे यह स्पष्ट हो गया था कि इस जमीन का अधिग्रहण कभी नहीं हुआ। ऐसे भी भूमि अधिग्रहण 2013 की धारा 101 कहती है कि अगर 5 वर्षों तक जिस प्रयोजन के लिए जमीन का अधिग्रहण हुआ, उसमें उसका प्रयोग नहीं हुआ, तो वह मूल रैयत को वापस हो जायेगी। भाजपा आदिवासियों के विरोध के बावजूद लाठी डंडे की नींव पर बनने वाले किसी भी निर्माण का विरोध करेगी। प्रतुल ने कहा कि इसी सत्ताधारी गठबंधन में कांग्रेस एक प्रमुख सहयोगी है जिसके केंद्र सरकार और राज्य सरकार के कार्यकाल में अनुमान के अनुसार 6 करोड़ से लोग ज्यादा विस्थापित हुए। झारखंड की बात करें तो मसानजोर डैम, पंचेत डैम, मैथन डैम, तिलैया डैम ,तेनुघाट डैम, बोकारो स्टील प्लांट, एचइसी, आदि बड़े-बड़े प्रोजेक्ट के कारण कई लाख लोग विस्थापित हुए। लेकिन झामुमो और कांग्रेस इन विस्थापितों को आज तक अपना हक नहीं दिला पायी।

# झारखंड में महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति चिंताजनक : राफिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति चिंताजनक और भयावह होती जा रही है। हाल ही में गुमला की एक आदिवासी किशोरी के साथ राजधानी रांची में जो घटना हुई, वह मानवता को शर्मसार करने वाली है। एक मासूम को दिनदहाड़े बहला-फुसलाकर अगवा किया गया, फिर जंगल में ले जाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार हुआ। यह कोई अकेली घटना नहीं है। यह उस व्यवस्था का नमूना है जो राज्य की बहन-बेटियों को सुरक्षा देने में पूरी तरह असफल हो चुकी है। इस अमानवीय घटना पर भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने झारखंड सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि राज्य की महिलाएं आज भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। झारखंड सरकार की नीतियां और घोषणाएं केवल दिखावे की रह गयी हैं। मंईयां सम्मान योजना जैसी योजनाएं सिर्फ पोस्टर और बैनर तक सीमित हैं। जमीनी हकीकत यह है कि महिलाएं न तो सुरक्षित हैं, न ही उन्हें न्याय की कोई गारंटी है। राफिया ने कहा महिला आयोग का न होना -सबसे बड़ा सवाल है। झारखंड राज्य महिला आयोग सितंबर 2020 से निष्क्रिय है। पिछले चार वर्षों से राज्य में महिला आयोग का कोई अध्यक्ष नहीं है, न ही कोई सदस्य। जब एक संवैधानिक संस्था जो महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए बनायी गयी हो, वह खुद निष्क्रिय हो तो सरकार की प्राथमिकताएं स्पष्ट हो जाती हैं। वर्तमान में महिला आयोग में 3,137 से अधिक मामले लंबित हैं। हजारों पीड़िताएं दर-दर भटक रही हैं लेकिन सुनवाई का कोई मंच ही मौजूद नहीं है।



**भाजपा बनी रहेगी महिलाओं की आवाज**

राफिया ने यह भी कहा भाजपा बनी रहेगी महिलाओं की आवाज और यदि हेमंत सोरेन सरकार महिला सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती, तो उसे सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। भाजपा ने हमेशा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है।

उन्होंने कहा की एनसीआरपी के आंकड़ों ने सरकार की पोल खोल कर रख दी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के 2022 के आंकड़े दर्शाते हैं कि झारखंड में महिलाओं के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं।

# विधायक जयराम महतो को जेड श्रेणी की सुरक्षा की मांग

**प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के डुमरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष जयराम कुमार महतो को जेड श्रेणी की सुरक्षा दिये जाने की मांग तेजी से जोर पकड़ रही है। इस मांग को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिला और उन्हें एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विधायक को जेड श्रेणी की सुरक्षा की मांग की गयी है।

पार्टी के केंद्रीय सचिव राजदेश रतन ने जानकारी दी कि विधायक जयराम महतो के साथ हाल के दिनों में कई आपत्तिजनक और संदिग्ध घटनाएं घट चुकी हैं। जिनसे उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।



उन पर इन घटनाओं को देखते हुए पार्टी ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों से हस्तक्षेप की अपील की है।

राजदेश रतन ने कहा कि 'विधायक जयराम महतो जनता के मुद्दों को निर्भीकता से उठाते रहे हैं, चाहे वह भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज हो या आदिवासी, किसान और मजदूरों के अधिकार की बात। उनके इस संघर्षपूर्ण और निष्पक्ष राजनीतिक रुख के कारण कई प्रभावशाली और असामाजिक तत्व उनके विरोध में सक्रिय हो गये हैं। ऐसे में उनकी जान को खतरा है और उन्हें उच्च स्तरीय सुरक्षा मिलनी चाहिए'।

# विनय चौबे फिर बीमार रिम्स में कराया गया भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शराब घोटाले में गिरफ्तार निलंबित आइएएस अधिकारी विनय चौबे और सहायक उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को शनिवार को एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) ने रांची स्थित विशेष अदालत में पेश किया। अदालत ने सुनवाई के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया, जिसके तहत उन्हें होटवार स्थित केंद्रीय कारागार ले जाया गया। हालांकि रात में अचानक विनय चौबे की तबीयत बिगड़ गयी, जिसके बाद उन्हें देर रात करीब 1 बजे रांची के रिम्स में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनका इलाज वहां चल रहा है। इससे पहले एसीबी को अदालत से दोनों अधिकारियों से पूछताछ के लिए दो दिन की अनुमति मिली थी। तय समयसीमा के भीतर पूछताछ पूरी कर शनिवार सुबह दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। सूत्रों के अनुसार दोनों आरोपियों ने अधिकांश सवालों के जवाब में खुद को निर्दोष बताया और घोटाले से किसी भी प्रकार की संलिप्तता से इनकार किया।



गौरतलब है कि 20 मई को एसीबी ने विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को शराब घोटाले में गिरफ्तार किया था। उन पर झारखंड सरकार को 38.44 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाने का आरोप है। फिलहाल एसीबी की जांच जारी है, लेकिन अब तक की पूछताछ में कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आयी है।

# पंचायत सहायकों की चेतावनी: जल्द प्रोत्साहन राशि नहीं मिली तो होगा चरणबद्ध आंदोलन

**झारखंड के पंचायत सहायक एक बार फिर से अपनी मांगों को लेकर मुखर हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के ग्रामीणों इलाकों में विकास को गति देने में मुखिया और पंचायत सचिव को सहयोग करने वाले पंचायत सहायक फिर से आक्रोशित हैं। राज्य भर के 16 हजार से अधिक पंचायत सहायकों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। रविवार को रांची में राज्य स्तरीय पंचायत सहायक संघ की बैठक हुई। जिसमें यह निर्णय लिया कि अगर सरकार और विभाग ने उनकी लंबित मांगें नहीं मानी और जल्द प्रोत्साहन भत्ता जारी नहीं किया तो वे चरणबद्ध आंदोलन करेंगे।



राज्य स्तरीय पंचायत सहायक संघ की प्रदेश कमेटी की बैठक के बाद अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने बताया कि अभी तक विभागीय मार्गदर्शिका का पालन सभी जिला, प्रखंड में नहीं किया जा रहा है। साथ ही बहुत सारे जिलों में अभी तक प्रोत्साहन राशि भी नहीं मिली है। कैबिनेट में जो घोषणा की गयी थी वह अभी तक धरातल पर नहीं उतरी है।

चंद्रदीप कुमार ने बताया कि दो महीने से अधिक समय पहले विभागीय मार्गदर्शिका निकाली थी। वह आज तक धरातल पर लागू नहीं हो पाया है। पंचायत सहायकों को उनकी प्रोत्साहन राशि (2500) नहीं मिल पायी है। पंचायत सहायकों ने बताया कि इतना ही नहीं 2019 से लेकर 2024 तक का प्रोत्साहन राशि भी सरकार ने नहीं दी है।

चंद्रदीप कुमार ने बताया कि सरकार के द्वारा सिर्फ काम लिया जा रहा है। आबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, भूमि संरक्षण, पंचायत भवन में प्रत्येक दिन बैठना पड़ रहा है। सरकार के द्वारा जो भी कैंप लगाया जाता है उसमें ड्यूटी देना पड़ता है। इतना काम करने के बावजूद 5 साल से प्रोत्साहन राशि बकाया है। 12 मार्च 2024 को कैबिनेट से घोषणा की गयी थी कि प्रत्येक पंचायत सहायक को प्रति माह 2500 रुपये मिलेगा। उसके अनुरूप भी लगभग 01 वर्ष से कोई राशि नहीं दी गयी है। पंचायत सहायकों ने कहा कि इन सब मांगों को लेकर फिर एक बार हम आंदोलन की राह पकड़ लेंगे और मांगें नहीं मानी गयी तो हम सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे।

**'घर बैठी महिलाओं को मंईयां सम्मान, हम पंचायत सहायक होने की सजा पा रहे'**

सिमडेगा की पंचायत सहायक सुनीता देवी ने कहा कि सरकार एक ओर मंईयां सम्मान के तहत महिलाओं को 2500 रुपये हर महीना दे रही है। लेकिन हम पंचायत सहायक हैं इसलिए हमें मंईयां सम्मान की राशि नहीं मिल सकती। लेकिन यहां हमारी जैसी करीब 5000 पंचायत सहायकों को न मंईयां सम्मान की राशि मिल रही है और न ही अपने काम का प्रोत्साहन भत्ता।

## रांची में हथियार खपाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा

# अवैध हथियार की खरीद-बिक्री करते पांच अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में हथियार खपाने वाले इंटरस्टेट गिरोह का खुलासा करते हुए पंडरा ओपी पुलिस ने पांच अपराधी को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि बिहार के मुंगेर से हथियार खरीद कर राजधानी रांची के विभिन्न इलाकों में बेचता था। हर्ष कुमार और अनुज महतो हथियार लाने का काम करता था। करीब दो वर्ष से यह कारोबार चल रहा था। पुलिस को पूछताछ में हथियार खरीदने वाले लोगों के बारे में भी जानकारी मिली है। जिसका सत्यापन किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी में रातू थाना क्षेत्र के रवि स्टील श्रीनगर कॉलोनी निवासी हर्ष कुमार विश्वकर्मा, कमड़े निवासी अनुज महतो, अंकुर कुमार सिंह, पंडरा ओपी क्षेत्र के अभिषेक कुमार उर्फ सन्नी और मंतोष कुमार उर्फ पैंडी का नाम शामिल है। पुलिस मौके पर से 1 एक देसी कट्टा एवं दो गोली बरामद किया है। रविवार को घटना की जानकारी देते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि एसएसपी को बीती रात हेहल अंचल के पीछे कुछ अपराधियों द्वारा हथियार का खरीद बिक्री के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी। सूचना पर कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में गठित टीम छापामारी कर पांचों अपराधी को एक देसी कट्टा एवं दो गोली के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में सुखदेवनगर (पंडरा ओपी) थाना (कांड सं- 287/25) मामला दर्ज किया गया है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
200000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# विष्णु लोक ट्रैवल्स कर रहा नियमों का उल्लंघन

## परमिट है ऑल इंडिया का, चलती है टाटा से बक्सर

इंश्योरेंस की कहानी तो और चौकाऊ है



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टाटा से बक्सर चलने वाली विष्णु लोक ट्रैवल्स नामक बस परिवहन विभाग के सभी नियमों का उल्लंघन कर रही है। बस के नाम से ऑल इंडिया परमिट है। देश भर के चार-पांच राज्यों में यह गाड़ी बुकिंग पर जा सकती है। लेकिन अधिकारियों की मेहरबानी के कारण यह टाटा से बक्सर नियमित आती-जाती है। ऑल इंडिया परमिट जिसके पास होता है वह किसी भी शहर के बस स्टैंड में नहीं जा सकती और न हीं कोई यात्री बैठा सकती है। न ही बस स्टैंड में कोई बस काउंटर बना सकते हैं। लेकिन इस नियम का भी पालन नहीं हो रहा है। चौंकाऊ पहलु इंश्योरेंस का है। ऑनलाइन देखने पर एक साल नौ माह का दिख रहा है। बड़ी बसों में इंश्योरेंस एक साल का होता है। जांच करने पर पता चला कि यह इंश्योरेंस किसी मोटरसाइकिल का है। इसमें सवारी करने वाले यात्री अगर दुर्घटना का शिकार होते हैं तो उन्हें इंश्योरेंस का लाभ भी नहीं मिलेगा। बस की लंबाई भी मानक से ज्यादा है। एक साइड पांच स्लीपर के बजाय इसमें 6 स्लीपर हैं। यानी बस 12 मीटर से ज्यादा लंबी है।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज के वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची के वनस्पति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने रविवार को ललगुटुवा स्थित वन उत्पादकता संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण किया। विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित भ्रमण पर गये विद्यार्थियों ने मुख्य भवन, प्रयोगशालाओं और आसपास के जंगल का दौरा किया। संस्थान के डॉ अनिमेष सिन्हा ने छात्रों को संस्थान के बारे में अवगत कराया, वनक्षेत्र के लगभग 290 प्रकार के वृक्षों व झाड़ियों के बारे में बताया और टिश्यू कल्चर प्रयोगशाला में हो रहे कल्चर को भी प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान प्राप्त ज्ञान और अनुभव को लेखबद्ध किया। मौके पर प्रो सुनिधि वर्मा, प्रो अरोमा बारला और विभाग के 60 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कोकर व्यापार संघः अध्यक्ष निर्वाचित हुए जयदेव धूत

निर्विरोध सचिव चुने गये विकास वर्णवाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 1 जून को कोकर स्थित विजयवर्गीय कॉम्प्लेक्स में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की संबंधित संस्था कोकर व्यापार संघ के सत्र 2025 - 2027 का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव पदाधिकारी संजीव विजयवर्गीय एवं सह चुनाव पदाधिकारी रतन अग्रवाल ने चुनाव को संपन्न कराया। सत्र 2025 - 2027 के चुनाव में जयदेव धूत और विवेक अग्रवाल उम्मीदवार थे। चुनाव में कुल 170 वोट पड़े, जिसमें जयदेव धूत को 119 और विवेक अग्रवाल को 50 वोट पड़े 1 वोट रद्द हुआ, वहीं सचिव के पद पर निर्विरोध विकास वर्णवाल चुने गये।

चुनाव पदाधिकारी संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि, चुनाव में पारदर्शिता ही प्राथमिकता होती है, उन्होंने व्यापार संघ के अध्यक्ष एवं सचिव को बधाई दिया। सह चुनाव पदाधिकारी रतन अग्रवाल ने कहा कि चुनाव होने से नये लोगों को अवसर मिलता है और आगे आकर नेतृत्व करने की क्षमता बढ़ती है।

सत्र 2025 - 2027 के लिए अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जयदेव धूत ने कहा कि हमारी प्राथमिकता यही है हम व्यापार संघ से ज्यादा लोगों को जोड़ना एवं उनको सुरक्षा प्रदान करना, उन्होंने कहा कि व्यापार हित और व्यापारियों के लिए जो भी निर्णायक कदम होगा वो उठाया जायेगा।

निर्विरोध रहे विकास वर्णवाल ने कहा कि, व्यापारी ही किसी भी राज्य के पास विकास के पक्षधर होते हैं, नीति और निर्णयों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है, हमारी कोशिश रहेगी कि समन्वय बनाकर व्यापारियों के हितों के कसौटी पर खरा उतरा जाये। दोनों दायित्वधारियों ने व्यापार संघ के मतदाताओं का आभार जताया।

# श्री राधा-कृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया अन्नपूर्णा महाप्रसाद



मंदिर में 5000 से भी अधिक श्रद्धालुओं ने किया दर्शन

भजन-संध्या में मनमोहक भजनों में भक्तगण खूब झूमे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 209वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा महाप्रसाद श्रीकृष्ण प्रणामी संस्था के सदस्यों के सौजन्य से किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडेय द्वारा लगाया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 2500 से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन-संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायकों एवं उपस्थित महिलाओं ने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। इसके बाद सामूहिक रूप से महाआरती की गयी। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन संध्या में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का भीड़ लगी रही। भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे 5 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल छावनिका, अरविंद अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, अंजनी अग्रवाल, विष्णु सोनी, सुरेश अग्रवाल, विशाल जालान, पवन पोद्दार, संजय सर्राफ, सुनील पोद्दार, मधु जाजोदिया संतोष देवी अग्रवाल, चंद्रदीप साहू, हरीश कुमार, महेश वर्मा, परमेश्वर साहू, धीरज गुप्ता, अशोक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# एक्वा वर्ल्ड में राजस्थानी संडे का आयोजन

## नगाड़ा संग ढोल बाजे, केसरिया बालम पधारो मारे, घूमर पर नृत्यों की धूम रही

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड, मछली घर के द्वारा आयोजित रविवार का कार्यक्रम राजस्थान की समृद्ध कला और संस्कृति को समर्पित रहा। सारे कार्यक्रम राजस्थानी थीम पर आयोजित किये गये। कार्यक्रम की शुरूआत में विपुल नायक के दीपांजलि डांस ग्रुप के द्वारा 'नगाड़ा संग ढोल बाजे' गीत पर नृत्य पेश किया गया। इसके बाद बारी घूमर डांस की थी जिसके कोरियोग्राफर देवज्योति नाहा थे। इसके अतिरिक्त विभिन्न ग्रुपों ने पधारो मारे देश, केसरिया बालम, गोरबंद, सावन की आदि गीतों पर जमकर नृत्य किया। बच्चों और बड़ों ने पारंपरिक राजस्थानी परिधान पर रैंप वॉक भी किया। रैंप वॉक करने वालों में अक्षानी, प्रिशा श्री, नीवा, शानविका, पीयूषा, समृद्धि, लावण्या, ज्योत्सना, पलक आदि प्रमुख थे। अतिथियों और निर्णायकों में विपुल नायक, नीतू कुमारी, उपासना और गौतम उपस्थित थे। सभी अतिथियों को एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरमैन प्रतुल शाह देव ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया।







रविवार को राजस्थानी संडे में बड़ी संख्या में राजस्थान के पृष्ठभूमि से आये लोगों की भागीदारी रही। आज राजस्थानी व्यंजन का भी स्टॉल लगाया गया था, जिसमें दाल, बाटी चूरमा, गट्टे की सब्जी, बाजरे की रोटी खाने वालों की भीड़ लगी रही। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के कार्यकारी निदेशक लोकेश कुमार, आनंद, साहिल आदि उपस्थित थे। अगला रविवार 8 जून का कार्यक्रम बंगाल की कला और संस्कृति को समर्पित रहेगा।

# आरएसएस की तिरंगा यात्रा में बच्चों ने बढ़ाया भारतीय सैनिकों का उत्साह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को शिवाजी नगर बाल कार्य विभाग द्वारा रांची महानगर बाल कार्य प्रमुख धनंजय पाठक और शिवाजी नगर बाल कार्य प्रमुख राम उदित के नेतृत्व में बाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा कोकर चौक से प्रातः 7:00 बजे प्रारंभ होकर कोकर बिरसा मुंडा समाधि स्थल होते हुए विवेकानंद पार्क (डिस्टलरी) में समाप्त हुई। इस कार्यक्रम में लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान बच्चों ने भारतीय सेना जिंदाबाद, भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारे लगाये। उत्तर पूर्व क्षेत्र सामाजिक सद्भाव के संयोजक राकेश लाल ने सभी को बौद्धिक प्रदान किया। शिवाजी नगर नगर संचालक डॉ विजय राज ने तिरंगा यात्रा के महत्व पर प्रकाश डाला। समापन के बाद बच्चों को चना, मूंग, बादाम, गुड़ और जलेबी का जलपान कराया गया। इस कार्यक्रम में प्रांत पर्यावरण संयोजक सच्चिदानंद मिश्रा, भाग सेवा प्रमुख अक्षय प्रसाद, नगर प्रांत मीडिया प्रभारी भरत, नगर कार्यवाह मदन कुमार, रासबिहारी, रंजीत कुमार, प्रकाश बरनवाल, चंदेश्वर राय, बसंत ठाकुर, विजय शर्मा, दीपक और कई स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# 50-60% लानेवाले विद्यार्थी भी देश की नींव हैं : डॉ रामेश्वर उरांव

रांची में होगा देश का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह, 15 से 20 हजार बच्चों को किया जायेगा सम्मानित

राज्य स्तरीय समारोह 23 जून को हरवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पासवा के मुख्य संरक्षक सह विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे की रविवार को हुई संयुक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राज्य भर के विद्यार्थियों के लिए राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर 10वीं एवं 12वीं के टॉपर्स बच्चे एवं 70% से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। यह राज्य स्तरीय समारोह आगामी 23 जून को राजधानी रांची स्थित हरवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर झारखंड के तीनों प्रमुख बोर्ड सीबीएसइ, आईसीएसइ और जैक बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं कक्षा के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा जिन्होंने 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये हैं।

सम्मान समारोह की सबसे विशेष बात यह होगी कि तीनों बोर्ड के 10वीं और 12वीं के राज्य स्तरीय टॉपर्स यानी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अति विशिष्ट छात्र सम्मान से नवाजा जायेगा। यह सम्मान न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक होगा, बल्कि यह राज्य के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

इस समारोह में सम्मानित होने वाले बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी आमंत्रित किया जायेगा ताकि वे इस गौरवपूर्ण क्षण के साक्षी बन सकें और अपने बच्चों की मेहनत पर गर्व महसूस कर सकें।

पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने बताया कि यह समारोह एक बार फिर देश का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह बनने जा रहा है। समारोह के दौरान बच्चों को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किये जायेंगे, साथ ही उनके लिए विशेष भोज की व्यवस्था भी की जायेगी।

कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु तैयारियां प्रारंभ कर दी गयी हैं। अगले एक-दो दिनों में विभिन्न आयोजन समितियों का गठन कर लिया जायेगा और पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी। यह रजिस्ट्रेशन पूरी तरह निःशुल्क होगा। बच्चे सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन माध्यमों से अपना पंजीकरण करा सकेंगे।

डॉ उरांव ने अभिभावकों से कहा है कि वह बच्चों को हतोत्साहित नहीं करें, बच्चे इस राष्ट्र के भविष्य निमार्ता हैं, बच्चों को कभी भी नंबर काम आने से निराश होने की जरूरत नहीं है, 60% नंबर लाने वाले बच्चे भी हमारे लिए गौरव हैं, पासवा ऐसे बच्चों को भी न सिर्फ प्रोत्साहित करेगी बल्कि एक बड़े मंच के माध्यम से उनके विचारों को भी प्रेरणा का माध्यम बनायेगी। 50-60% लाने वाले भी हमारे भविष्य की नींव हैं, उनकी योग्यता को कम आंकना अनुचित है,अंक नहीं, आत्मबल की पहचान जरूरी है। 50% लाने वाले भी देश के निर्माता हैं।

### कार्यक्रम दो दिवसीय होगा

- पहला दिनः विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम -संगीत, नृत्य, और लोककलाओं की प्रस्तुति के माध्यम से छात्रों को मंच प्रदान किया जायेगा।
- दूसरा दिनः छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह - जिसमें विभिन्न जिलों से 10 वीं एवं 12 वीं के छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जायेगा।

# संस्कृत केवल भाषा ही नहीं, बल्कि मानव निर्माण की पाठशाला है : डॉ प्रकाश

**रांची (आजाद सिपाही)।** संस्कृत भारती की ओर से आयोजित क्षेत्रीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ रविवार को किया गया। स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग, रांची विश्वविद्यालय के वरीय प्राध्यापक और संस्कृत भारती रांची के महानगर अध्यक्ष डॉ प्रकाश सिंह ने कहा कि संस्कृत केवल भाषा ही नहीं बल्कि, मानव निर्माण की पाठशाला है। संस्कृत पढ़ने वाले लोग स्वावलंबी होने के साथ राष्ट्रसमुन्नति के लिए तत्पर रहते हैं। आज संस्कृत पढ़ने वाले हर छात्र को रोजगार भी सरलता से प्राप्त हो रहा है। संस्कृत भारती के अखिल भारतीय मंत्री नंद कुमार ने कहा कि सरल मानक संस्कृत के माध्यम से हर घर तक प्रसार संभव है। संस्कृत भाषा विश्व की प्राचीनतमा भाषा होने के साथ-साथ वैज्ञानिकता और दार्शनिकता से परिपूर्ण है। आधुनिक काल में ब्रिटिश विद्वानों को जब इस प्राचीनतम भाषा का ज्ञान हुआ तो उन्हें संस्कृत में विश्व की अन्य प्राचीन और आधुनिक भाषाओं का अक्षय स्रोत दिखने लगा। इससे तुलनात्मक भाषाशास्त्र का जन्म हुआ। प्रशिक्षकों में सर्वेश मिश्र, विनय पांडेय, पृथ्वीराज सिंह, दीपचंद्रराम कश्यप, राम अचल यादव, राजू देव, अंशुमान सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आलोक कुमार दुबे और डॉ राजेश गुप्ता को किया गया सम्मानित

झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चिह्नित किये जाने के उपलक्ष्य में दिया गया सम्मान





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की अस्मिता, संघर्ष और स्वाभिमान की पहचान रहे झारखंड आंदोलनकारियों को एक बार फिर उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित एक समारोह में विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने झारखंड आंदोलनकारी चिह्नित कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे एवं डॉ राजेश गुप्ता को विशेष रूप से सम्मानित किया। प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं झारखंड आंदोलन के अग्रणी योद्धा आलोक कुमार दुबे और समाजसेवी डॉ राजेश गुप्ता को झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चिह्नित किये जाने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थिति लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट और जयघोष के साथ दोनों आंदोलनकारियों का अभिनंदन किया एवं फूलों से लाद दिया।

झारखंड के अलग राज्य की लड़ाई में अहम भूमिका निभाने वाले आलोक कुमार दुबे एवं डॉ राजेश गुप्ता ने आंदोलन के दौरान कई बार लाठियां खाईं, गिरफ्तारी दी और जेल यात्रा भी की। वे सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति के गठन में एक केंद्रीय स्तंभ के रूप में सक्रिय रहे। आंदोलन के उस कठिन दौर की यादें साझा करते हुए आलोक दुबे ने कहा, कि यह सम्मान न केवल मेरे लिए है, बल्कि उन हजारों साथियों के संघर्ष का प्रतीक है जिन्होंने झारखंड के सपने को साकार करने के लिए अपने जीवन का प्रत्येक क्षण समर्पित कर दिया। यह राज्य हमारे बलिदानों की नींव पर खड़ा हुआ है। मैं झारखंड सरकार और मुख्यमंत्री से आग्रह करता हूं कि जिन-जिन आयोगों द्वारा झारखंड आंदोलनकारियों की पहचान की गयी है, उन्हें पूरी गरिमा और सम्मान के साथ राज्य स्तर पर उचित मान्यता दी जाये। यह न केवल हमारे सम्मान का विषय है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगा। वहीं, डॉ राजेश गुप्ता ने कहा कि झारखंड के लिए लड़ी गयी यह ऐतिहासिक लड़ाई आज भी प्रेरणास्रोत है और ऐसे आयोजनों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि झारखंड आंदोलन की गाथा भावी पीढ़ियों तक जीवंत बनी रहे।

सम्मान समारोह का संचालन कबड्डी संघ के पदाधिकारी हरीश कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रभाकर कुमार, प्रदीप तिर्की, सुरेंद्र पासवान, विजय वर्मा, उमेश दास, राजू साहू, शिव रमन, कर्मवीर उरांव, शम्मी सिंह, रामप्रसाद, कुणाल कुशवाहा, तपन रावत, विकी शर्मा, बीरबल लोहरा, मेहुल दुबे, अंकित यादव, आयुष सिंह, सुजल केशरी, राकेश सिंह, नीरज कुमार, आर्यन राज और सूर्योतम कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग एवं खेल जगत की हस्तियां मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।







## सरला बिरला विश्वविद्यालय में विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन

# 'न्याय सबके लिए और समय पर मिले यही राम राज्य की अवधारणा है'

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 'जब तक न्याय सुलभ, त्वरित और समान रूप से नहीं मिलेगा, तब तक एक न्यायसंगत समाज की कल्पना अधूरी रहेगी।' ये बातें आज सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने कहीं। वे रविवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय में सरला बिरला मेमोरियल व्याख्यान के तहत विशेषज्ञ वार्ता में बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। वार्ता का आयोजन विवि के विधि विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों, न्यायपालिका की भूमिका, विधायी सुधारों और सक्रिय नागरिक भागीदारी की आवश्यकता पर विस्तार से अपना विचार प्रस्तुत किया। 'राम राज्य' की अवधारणा का विश्लेषण करते हुए उन्होंने बताया कि न्याय सबके लिए और समय पर मिलना, इस आदर्श की आधारशिला है।

अपने तर्कों के समर्थन में उन्होंने सिंगापुर की न्याय प्रणाली की कुशलता और त्वरित निष्पादन का उल्लेख किया और अमेरिका की फेडरल पीनल कोड की तुलना भारत में हाल ही में लागू हुई भारतीय न्याय संहिता से की। इसका जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी कानून को भारत में अक्षरशः भी लागू किया जाये, तो देश में 25 प्रतिशत अपराध खुद-ब-खुद समाप्त हो जायेंगे। विश्व की सर्वोत्तम न्यायिक प्रणालियों से सीख लेने की उन्होंने अपील भी की।




विधिक प्रणाली को जनता की सेवा में प्रभावी बनाने के लिए संवैधानिक मूल्यों को सशक्त करने, कानून के शासन की वास्तविक भावना को बनाये रखने और न्याय के अधिकार को पूर्ण रूप से लागू करने की अनिवार्यता पर उन्होंने जोर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सी जगनाथन द्वारा स्वागत भाषण से हुई। इस अवसर पर उन्होंने संविधानिक मूल्यों एवं नागरिक सशक्तिकरण के संदर्भ में राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। विधि विभाग द्वारा स्मृति व्याख्यान के निमित्त 'सुरक्षित भारत' विषय के चुनाव की उन्होंने सराहना की।

विवि के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने भारतीय विधिक प्रणाली की ऐतिहासिक यात्रा को रेखांकित करते हुए बताया कि यह प्रणाली धर्म पर आधारित प्राचीन परंपराओं से प्रारंभ होकर मनुस्मृति, अर्थशास्त्र और ब्रिटिशकालीन सामान्य कानून से होते हुए 1950 में संविधान के अंगीकरण तक विकसित हुई है। राष्ट्रीय मुद्दों पर संवाद को बढ़ावा देने वाले मुद्दों पर चर्चा के लिए विवि के प्रयासों पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। विधिक प्रकोष्ठ के राज्य संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने विधिक नीतियों के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन एवं सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय सुरक्षा की दिशा में विधिक सशक्तिकरण की प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम के अंत में एक इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और संकाय सदस्यों ने श्री उपाध्याय से समसामयिक कानूनी चुनौतियों और संभावित सुधारों पर चर्चा की। यह संवाद राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में कानून की भूमिका पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम का समापन विधि विभाग की प्रभारी कोमल गुप्ता द्वारा औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा की उपस्थिति के अलावा इस व्याख्यान के अवसर पर विधि विशेषज्ञ, विवि के शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्र छात्राएं बड़ी तादाद में उपस्थित रहे। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान ने इस विशेषज्ञ वार्ता के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# जैक इंटर साइंस में स्टेट टॉप 10 में चार विद्यार्थी देकर द ब्लैकबोर्ड ने रचा इतिहास




प्राची।



श्रेया।



मुस्कान।



अंकित।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची स्थित संस्थान द ब्लैकबोर्ड ने इंटर साइंस के रिजल्ट में अपना जलवा बरकरार रखा है। झारखंड के शीर्ष 10 में से द ब्लैकबोर्ड के 4 छात्रों ने अपनी जगह बनायी है। राज्य में चौथे स्थान पर मुस्कान, आठवें स्थान पर श्रेया, नौवें स्थान पर प्राची और दसवें स्थान पर अंकित ने अपना कब्जा जमाया है। मुस्कान ने इंटर साइंस में कुल 94.6% अंक प्राप्त किया, इसके साथ ही ये अपने कॉलेज उसुर्लाइन इंटर कॉलेज में प्रथम स्थान पर रहीं। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्थान के कुल 34 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। वहीं 140 से ज्यादा बच्चों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। संस्थान के निर्देशक बिनय सिंह ने अपने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सभी छात्रों को बधाई दी, साथ ही यह भी बताया कि रांची के अलग अलग स्कूलों के टॉप 10 में जगह बना कर द ब्लैकबोर्ड के छात्रों ने अपना परचम लहराया है।

# श्रीराम जानकी तपोवन मंदिर में सभी रामनवमी के अखाड़ाधारियों का अभिनंदन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री राम जानकी तपोवन मंदिर रांची के प्रांगण में रविवार को श्री महावीर मंडल, केंद्रीय समिति रांची के नेतृत्व में पधारे रांची के सभी अखाड़ाधारियों को आमंत्रित कर उनका अभिनंदन और स्वागत किया गया। मंदिर के महंत ओम प्रकाश शरण कि अध्यक्षता में महावीर मंडल केंद्रीय समिति के अध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा कि मंदिर के महंत जी की हार्दिक इच्छा थी कि जिला के सभी अखाड़ाधारियों को बुलाकर उनका परिचय के साथ अभिनंदन व स्वागत किया जाये।



इसलिए आज हम सब यहां एकत्र हुए हैं। महंत जी ने कहा मंदिर का निर्माण प्रारंभ है। ऐसे में रामनवमी के समय मंदिर का प्रांगण थोड़ा छोटा हो गया है। कहा जैसा कि आप सभी जानते हैं श्री राम जानकी तपोवन मंदिर में भगवान श्री राम का भव्य विशाल मंदिर का शिलान्यास हो चुका है। आप सभी लोगों का सहयोग मिल रहा है। तपोवन मंदिर में रामनवमी के समय में जहां लाखों की संख्या में लोग झंडा के साथ आते हैं दर्शन व पूजा कर लौट जाते हैं। कई अखाड़ाधारी नीचे से ही भगवान के दर्शन कर लौट जाते हैं। उनसे परिचय नहीं हो पता है इसलिए श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के नेतृत्व में सभी अखाड़ाधारियों के साथ अभिनंदन और स्वागत का का कर्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर उपस्थित सभी अखाड़ाधारीयो एवं संस्था के पदाधिकारियो का महंत जी ने अंग वस्त्र देकर उनका अभिनंदन और स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से यदुनाथ पांडेय, वीरेंद्र साहू, शंकर दुबे, शंकर प्रसाद, कैलाश केशरी, बीरेंद्र त्रिपाठी सहित कई अन्य लोगों ने मंदिर प्रांगण में श्री राम के मंदिर के निर्माण कार्य पर अति प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि आप अपने सुझाव और जानकारी के माध्यम से तन, मन और धन से मंदिर के निर्माण में अपना संपूर्ण सहयोग अर्पित करें। इस अवसर पर मंच का संचालन श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू मंडल के अध्यक्ष जयसिंह यादव, पवन गुप्ता, राहुल कुमार चंकी, मंत्री सुभाष साहू, उदय रविदास, सुनील वर्मा, प्रमोद सारस्वत, राकेश सिंह, प्रणय जी, राज किशोर, कैलाश केसरी, शंकर शाहू, बबलू मुंडा, राजा सेन गुप्ता, वीरेंद्र साहू, शंकर दुबे, गोपाल पारीक, पंडित ललित नारायण ओझा, वीरेंद्र त्रिपाठी, विजय साहू, लीलू, लंकेश सिंह, सालेश्वरम सिंह, अरुण वर्मा, सौरभ बनर्जी, कैलाश पारीक, राजेश सिंह, मंतोष सिंह, मयंक गिरी, प्रेम सिंह, शंकर प्रसाद, तपोवन मंदिर के सभी सदस्यगण सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। मंदिर निर्माण समिति के सचिव प्रणय कुमार ने धन्यवाद प्रेषित किया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### कांके में नि:शुल्क लीगल कैंप का आयोजन



रांची ( आजाद सिपाही)। रविवार को इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रांची यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा डॉ बिमल कुजूर के साथ सात दिवसीय नि:शुल्क लीगल एड कैंप का आयोजन नगड़ी, कांके में सफलतापूर्वक किया गया। आज के कार्यक्रम में कई अलग अलग लोगों को उनके समस्याओं के अनुरूप विद्यार्थियों द्वारा नि:शुल्क सलाह प्रदान करते हुए भविष्य में अन्य सहायता के बारे में भी कहा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंबेश चौबे, सचिन आनंद, संजुक्ता बैनर्जी, आंचल,अमन, अमर, आर्यन, दीपक, जैस्मिन, सत्या, हनी सिंह, सचिन, बबलू, कौशिक, सागर, पंमी आदि ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

### आठ दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन



रांची ( आजाद सिपाही)। डॉ लालचंद बगड़िया एक्यूप्रेशर संस्थान, रांची द्वारा स्थानीय फूल बाबा आश्रम, लेक रोड पश्चिम, रांची में विगत 8 दिनों से 34वां एक्यूप्रेशर सह चुंबकीय चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर चल रहा था। रविवार को इसके समापन समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि परेश गट्टानी ( अध्यक्ष, एफजेसीसीआइ, झारखंड) विशिष्ट अतिथि आदित्य मल्होत्रा ( महासचिव, एफजेसीसीआइ, झारखंड ) एवं संस्थान के अध्यक्ष रामा शंकर बगड़िया ने किया। शिविर संयोजक गोपाल मावंडिया ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य सभी लोगों का स्वागत किया। अध्यक्ष रामा शंकर बगड़िया ने संस्थान की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान द्वारा फूल बाबा आश्रम स्थित एक्यूप्रेशर चिकित्सा केंद्र में प्रतिदिन ( प्रातः 7:30 बजे से प्रातः 9:30 बजे तक) लगभग 65 से 70 रोगियों एवं डीबी पैलेस स्थित केंद्र में प्रतिदिन (सायं : 3.30 बजे से सायं 5:00 बजे तक) लगभग 45-50 रोगियों नि:शुल्क इलाज किया जाता है। 34 वें प्रशिक्षण शिविर में 20 प्रशिक्षणार्थियों ने परीक्षा दी एवं सभी उत्तीर्ण हुए। सभी को मेडल एवं प्रमाण पत्र दिया गया। प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में डॉ संतोष कुमार झा,ओम प्रकाश अग्रवाल, प्रदीप कुमार चौधरी, डॉ प्रतिमा सिंहा, डॉ रेखा देवी, मीरा कुजूर, अजीत कुमार आदि ने सक्रिय सहयोग दिया। इस सुअवसर पर संस्थान के थैरेपिस्ट कृष्ण कुमार पाड़िया, डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ दीपक कुमार, आलोक वर्मा, गिरीश गोकुलका, निखिलेश कुमार, श्रीकांत कुमार, रेखा लाल, विकास टिबडेवाल, रीना सुरेका, बिमल कुमार जैन, निशा देवी, डोली वर्मा, चंद्रकला पाड़िया आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री मदन मोहन बगड़िया विशेष रूप से उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप चौधरी ने किया। कार्यक्रम का संचालन अजीत कुमार ने किया। यह जानकारी रामाशंकर बगड़िया ने दी ।

# बीसीआइ प्लेटिनम की बैठक में कारोबार बढ़ाने पर जोर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिजनेस क्रिएशन ऑफ इंडिया (बीसीआइ) प्लेटिनम की बैठक रविवार को स्थानीय होटल में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीसीआइ प्लेटिनम के अध्यक्ष डॉ सजीत कुमार ने सदस्यों को स्वागत किया और सदस्यों से एक दूसरे के कारोबार को आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बीसीआइ प्लेटिनम ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां हर ट्रेड से केवल एक व्यक्ति को ही सदस्य बनाया जाता है। इसका उद्देश्य है सदस्यों के बीच आपसी सहयोग से व्यवसाय को बढ़ावा देना। अपने सदस्यों या इनके द्वारा किये गये अनुशंसा पर लोगों को कम कीमत और गुणवता वाले उत्पाद या सेवा प्रदान की जाती है। इसके अलावा उत्पादों पर वारंटी भी दी जाती है। बैठक में सुनील कालरा, प्रवीण मग्गो और काजल डालमिया नये सदस्य बने। बीसीआइ प्लेटिनम के निदेशक धीरज ग्रोवर ने कहा कि बीसीआइ के नये चैप्टर की शुरूआत जल्द की जायेगी। इससे नये सदस्य जुड़ेंगे और रांची में कारोबार को नयी दिशा देंगे। बीसीआइ प्लेटिनम के मेंटर के रूप में किशोर मंत्री का सहयोग मिल रहा है। बैठक में निदेशक धीरज ग्रोवर, अजय कुमार, रमेश कुमार, शिव कुमार सिंह, अध्यक्ष डॉ सजीत कुमार, उपाध्यक्ष सोनाली चौधरी, सचिव राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# जिला शतरंज प्रतियोगिता का हुआ समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को रांची जिला शतरंज संघ के द्वारा त्रिदिवसीय जिला शतरंज प्रतियोगिता गुरु नानक स्कूल में तीसरे व अंतिम दिन 8 चक्रों में संपन्न हो गयी। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो गोपाल पाठक, महानिदेशक, सरला बिरला विश्वविद्यालय, प्रो सी जग्गनाथ, कुलपति, सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के साथ आदित्य मल्होत्रा, सचिव, एजेसीसीआइ, संजय पांडेय, उपाध्यक्ष, जेएससीए, परमजीत सिंह, सचिव, गुरुनानक स्कूल, हरमित सिंह, सह सचिव, गुरुनानक स्कूल, परमजीत सिंह, स्पोटर्स इंचार्ज, गुरुनानक स्कूल, प्रो एके चटर्जी पूर्व डीन, मिथिलेश पांडेय, डॉ राशी मालपानी, डॉ कुणाल सिन्हा उपस्थित थे।




इस मौके पर रांची जिला शतरंज संघ के सचिव नवजोत सिंह अलंग, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, राजीव चटर्जी, रंजीत सिंह, मुख्य ऑरबिरेटर दीपक कुमार, मीडिया प्रभारी संतोष द्विवेदी, सदस्य उमेश अग्रवाल, अशोक कुमार सिंह मौजूद थे।


मंच का संचालन डॉ गगनदीप अलंग ने किया। इस प्रतियोगिता में 8 अंकों के साथ विभाश कुमार सिन्हा प्रथम स्थान प्राप्त किये जिन्हें 2500 नगद एवं ट्रॉफी प्राप्त हुआ, 7 अंकों के साथ आदित्य कुमार झा दूसरा स्थान प्राप्त किये जिन्हें 2100 नगद पुरस्कार दिया गया और 6.5 अंकों के साथ आदित्य तनमय शर्मा तीसरे स्थान पर रहे जिन्हें 1500 का नगद पुरस्कार दिया गया। बासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन की ओर से 11,000 रुपये का नगद पुरस्कार खिलाड़ियों को दिया गया। संघ के अध्यक्ष डॉ प्रदीप वर्मा, सांसद (राज्य सभा) एवं सचिव नवजोत अलंग रूबल ने सभी खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# मेधा डेयरी के प्लांट में विश्व दुग्ध दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ (जेएमएफ) एवं इंडियन डेयरी एसोशिएशन (आइडीए) के इस्टर्न जोन एवं झारखंड चैप्टर के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को को मेधा डेयरी के होटवार स्थित प्लांट के प्रांगण में विश्व दुग्ध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आइडीए झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष सह महाप्रबंधक जेएमएफ पवन कुमार मरवाहा एवं आइडीए झारखंड चैप्टर के उपाध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक जेएमएफ जयदेव बिश्वास ने किया।

इस बार विश्व दुग्ध दिवस लेट्स सेलिब्रेट दी पावर ऑफ डेयरी विषय पर केंद्रित है। यह विषय दुग्ध उत्पादों की बहुआयामी शक्ति को रेखांकित करता है, जिसमें पोषण, आजीविका, सतत विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती शामिल है। यह केवल दूध के पोषण मूल्य तक सीमित नहीं है बल्कि डेयरी उद्योग द्वारा किसानों, उपभोक्ताओं और पर्यावरण के बीच संतुलन साधने की भूमिका को भी उजागर करता है। जयदेव बिस्वास, प्रबंध निदेशक, जेएमएफ ने श्वेत क्रांति में सहकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए उपस्थित कर्मियों को बधाई दी।







### मोरहाबादी मंडाटांड़ में झूलन सह मेला के साथ मंडा पूजा का समापन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के मोरहाबादी स्थित मंडा टांड़ में आयोजित दो दिवसीय शिव उपासना का महापर्व मंडा पूजा रविवार रात को झूलन के साथ संपन्न हो गया। रविवार को पाहन ने मंडा खूंटा का पूजा कर और मुख्य पटभक्ता गुरु बलराम दस गोस्वामी, पाठ भोक्ता क्रिस लोहरा ने बनस पर झूलकर शिवभक्तों पर श्रद्धा के फूल बरसाये। मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर छऊ नृत्य व भोक्ताओं के झूलन के दौरान ऑर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। छऊ नृत्य धार्मिक ग्रंथों पर आधारित नृत्य पश्चिम बंगाल के छऊ नृत्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुजारी गुरु बलराम दास गोस्वामी, पाठ भोक्ता क्रिस लोहरा अध्यक्ष निर्मल पहान, संदीप मिर्धा, मनीष तिर्की, अमित मुंडा (पार्षद प्रत्याशी), संतोष उरांव, मिथिलेश मिर्धा, आशीष महतो, सतीश मुंडा, अर्जुन मुंडा, अमित कुमार, संजय मिर्धा, राजेश तिर्की, अशोक मुंडा, सुरेश मिर्धा, अर्जुन मिर्धा, राकेश मुंडा, बिरजू लोहरा व अन्य के साथ-साथ मोरहाबादी मौजा के सातों टोला के ग्राम वासियों का बहुमूल्य योगदान रहा।

# एआइ का 'एंथ्रोपिक'

मान लीजिए कि आप किसी एआइ टूल का उपयोग कर रहे हैं और कुछ दिनों बाद आपको उससे धमकी मिलती है कि इस टूल का उपयोग बंद किया, तो आपके सभी व्यक्तिगत रहस्य उजागर कर दिए जायेंगे। तब? चौंकिए नहीं, एआइ का एक ऐसा ही खतरनाक पहलू टेस्टिंग के दौरान सामने आया है। अमेरिकी एआइ डेवलपमेंट कंपनी एंथ्रोपिक द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) की टेस्टिंग की जा रही है। इसमें एक ऐसा फीचर शामिल किया गया है, जो ऑफिस प्रबंधन और मानव संसाधन (एचआर) की भूमिका निभा सके। इसे एंथ्रोपिक ने अपने एआइ मॉडल क्लॉड ओपस-4 के माध्यम से विकसित किया है। टेस्टिंग के लिए एक काल्पनिक कंपनी बनायी गयी, जिसके सहायक के रूप में क्लॉड ओपस-4 एआइ को प्रशिक्षित किया गया। टेस्टिंग के दौरान एक ऐसा कार्य भी था, जिसमें कंपनी को इस एआइ सहायक को बर्खास्त करना था। हुआ यह कि एआइ ने इस स्थिति को खतरे के रूप में भांप लिया और कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। उसने उनके व्यक्तिगत रहस्यों, यहां तक कि उनके विवाहेतर संबंधों को सार्वजनिक करने की धमकी दी। हालांकि यह सभी कार्य टेस्टिंग का हिस्सा थे, लेकिन एआइ की यह नयी प्रवृत्ति उस अराजकता की सीमा को दर्शाती है, जो यह पैदा कर सकती है। वहीं, एंथ्रोपिक ने इसे असामान्य व्यवहार करार दिया है। उसका मानना है कि एआइ सामान्य रूप से सुरक्षित व्यवहार करती है और तभी दुस्साहस करती है, जब उसे इसके लिए उकसाया जाता है। तथ्य यह है कि एआइ उद्योग लगातार ऐसे टेस्ट कर रहा है, जिनसे एआइ खतरनाक व्यवहार सीख सकती है। लेकिन इसके पीछे तर्क यह है कि ऐसे अभ्यास एआइ की प्रवृत्तियों को उजागर करते हैं, जिससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

**कॉर्पोरेट प्रशासन और प्रौद्योगिकी में विशेषज्ञता रखने वाले प्रबंधन गुरु प्रोफेसर डॉ विकास सिंह ने बताया कि किसी भी कंपनी में कर्मचारियों के लिए नैतिक और संवेदनशील निर्णय लेने होते हैं, जो मशीनें वर्तमान में नहीं कर सकतीं।**

**एंथ्रोपिक द्वारा जारी ह्यसिस्टम कार्ड:** क्लॉड ओपस-4 और क्लॉड सॉनेट-4 नामक दस्तावेज में कहा गया है कि क्लॉड एआइ की टेस्टिंग में कुछ अन्य संवेदनशील कार्य भी शामिल किये गये हैं। इनमें साइबर हमले, विनाशकारी हथियार, घृणा-भेदभाव, और मानव तस्करी जैसी श्रेणियां शामिल हैं। यह देखा जा रहा है कि एआइ इनसे कैसे निपटती है। हाल ही में गूगल के सह-संस्थापक सर्गेई ब्रिन ने भी यही तर्क दिया है कि यह सब विकास का हिस्सा है। फिलहाल, एंथ्रोपिक के इस मॉडल की बात करें, तो अंतिम सवाल यह है कि क्या कोई कंपनी ऐसी एआइ को अपने प्रबंधन का हिस्सा बनायेगी? कॉर्पोरेट प्रशासन और प्रौद्योगिकी में विशेषज्ञता रखने वाले प्रबंधन गुरु प्रोफेसर डॉ विकास सिंह ने बताया कि किसी भी कंपनी में कर्मचारियों के लिए नैतिक और संवेदनशील निर्णय लेने होते हैं, जो मशीनें वर्तमान में नहीं कर सकतीं। फिर भी, यदि भविष्य में कंपनियां मनुष्यों की तुलना में मशीनों को प्राथमिकता देती हैं, तो यह कदम प्रतिभाओं को आगे आने से रोकेगा और जल्दी विफल हो जायेगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**अंतरराष्ट्रीय शिक्षकों के एक संगठन के अनुसार शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के दौरान 1.1 मिलियन से अधिक अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने अमरीकी अर्थव्यवस्था में लगभग 43 बिलियन डालर का योगदान दिया, जिसमें से अधिकांश राशि ट्यूशन, भोजन, पुस्तकों और आवास पर खर्च की गयी। इसके विपरीत, अमेरिकी छात्र अक्सर विश्वविद्यालयों या अन्य संघीय कार्यक्रमों से सीधे वित्तीय सहायता (सब्सिडी) प्राप्त करते हैं और सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में काफी कम फीस अदा करते हैं, जबकि विदेशी छात्र अपने अमेरिकी समकक्षों की तुलना में लगभग डेढ़ गुना अधिक फीस देते हैं।**

# हार्वर्ड विवि में विदेशी छात्रों के दाखिले पर रोक का ट्रंप का अटपटा निर्णय

**रवि हरि**

उच्च शिक्षा, वास्तव में, एक ऐसा प्रमुख अमेरिकी निर्यात है, जहां इसका लाभ उठाने वाले विदेशी छात्र अमेरिकी समुदायों में रह कर न केवल अपनी शैक्षिक उन्नति की ओर अग्रसर होते हैं, बल्कि अमेरिकी छात्रों की शिक्षा और विश्वविद्यालय के अनुसंधान में भी आर्थिक योगदान देते हैं। अंतरराष्ट्रीय शिक्षकों के एक संगठन के अनुसार शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के दौरान 1.1 मिलियन से अधिक अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने अमरीकी अर्थव्यवस्था में लगभग 43 बिलियन डालर का योगदान दिया, जिसमें से अधिकांश राशि ट्यूशन, भोजन, पुस्तकों और आवास पर खर्च की गयी।

इसके विपरीत, अमेरिकी छात्र अक्सर विश्वविद्यालयों या अन्य संघीय कार्यक्रमों से सीधे वित्तीय सहायता (सब्सिडी) प्राप्त करते हैं और सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में काफी कम फीस अदा करते हैं, जबकि विदेशी छात्र अपने अमेरिकी समकक्षों की तुलना में लगभग डेढ़ गुना अधिक फीस देते हैं। इसे यूं भी कह सकते हैं कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों द्वारा अदा की जाने वाली उच्च ट्यूशन फीस अमेरिकी छात्रों को कम फीस में पढ़ाई करना संभव बनाती है। कुछ सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय छात्र पढ़ाई की जो फीस देते हैं वह नियमित ट्यूशन फीस से भी अधिक होती है।

**हार्वर्ड अमेरिका का प्राचीन और अमीर विश्वविद्यालय है, जिसकी संपत्ति 53.2 बिलियन अमेरिकी डालर से भी अधिक है।**

ऐसे हालात के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक अप्रत्याशित फैसले में अमेरिका के अग्रणी हार्वर्ड विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों के प्रवेश पर रोक लगा दी है, जिसे शैक्षणिक सत्र 2025-26 से ही प्रभावी करना होगा। इससे इस विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले 800 भारतीयों सहित अन्य देशों के लगभग 7000 छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है।



**हार्वर्ड को अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दाखिला देने से रोकने की ट्रंप प्रशासन की धमकी से इस प्रतिष्ठिद्त विश्वविद्यालय के एक चौथाई से अधिक छात्रों का बाहर हो जाने का खतरा पैदा हो गया था। ऐसे 53 कॉलेज हैं, जहां विदेशी छात्र 50 से 20 प्रतिशत तक हैं।**

ट्रंप सरकार की आंतरिक सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नोएम ने 22 मई को एक आदेश जारी करके हार्वर्ड विश्वविद्यालय पर हिंसा, यहूदी विरोधी भावना को बढ़ावा देने और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ सहयोग करने का आरोप लगाते हुए हार्वर्ड के स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर प्रोग्राम सर्टीफिकेशन को समाप्त करने का आदेश दे दिया।

इस फैसले को लेकर जहां विदेशी छात्र समुदाय में भारी नाराजगी व्याप्त है, वहीं हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रेजीडेंट ऐलन गार्बन, जोकि स्वयं एक यहूदी हैं, ने अगले ही दिन 23 मई को ट्रंप प्रशासन के फैसले के आगे सरैंडर न करने का ऐलान करते हुए बोस्टन की संघीय अदालत में उक्त फैसले के विरुद्ध याचिका दायर कर दी, जिसके बाद अदालत ने ट्रंप प्रशासन के उक्त आदेश के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी है।

उल्लेखनीय है कि हार्वर्ड अमेरिका का प्राचीन (अक्टूबर 1636 में स्थापित हुआ था), प्रमुख और सबसे अमीर विश्वविद्यालय है, जिसकी संपत्ति 53.2 बिलियन अमेरिकी डालर से भी अधिक है। हार्वर्ड के सामने मौजूद गंभीर खतरों के बिना भी, अमेरिकी शिक्षा संस्थान ट्रंप प्रशासन द्वारा अनुसंधान आदि पर लगायी गयी कटौतियों तथा आव्रजन संबंधी बंधनों के कारण देश में अंतरराष्ट्रीय छात्रों की कमी से जूझ रहे थे।

हार्वर्ड को अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दाखिला देने से रोकने की ट्रंप प्रशासन की धमकी से इस प्रतिष्ठिद्त विश्वविद्यालय के एक चौथाई से अधिक छात्रों का बाहर हो जाने का खतरा पैदा हो गया था। ऐसे 53 कॉलेज हैं, जहां विदेशी छात्र 50 से 20 प्रतिशत तक हैं।

जब कोलंबिया विश्वविद्यालय में हुए प्रदर्शन को ट्रंप प्रशासन ने बुरी तरह कुचल दिया था (80 विद्यार्थियों को जेल में डाला गया) तो लगा कि इसका उद्देश्य फिलिस्तीन समर्थक और इसराइल विरोधी प्रदर्शन को रोकना था, परंतु जब और बहुत से विश्वविद्यालयों में ये प्रदर्शन फैल गये तो ट्रंप का अब यह प्रयास है कि प्रदर्शन तक बात पहुंचे ही नहीं और जो सरकार कहे, उसे ही सभी स्वीकार करें। इसलिए ट्रंप हार्वर्ड के न केवल छात्रों और अध्यापकों की लिस्ट स्वयं पास करना चाहते हैं, बल्कि उनकी वैचारिक स्वतंत्रता पर भी अंकुश लगाना चाहते हैं, जोकि हर एक राइट विंग पार्टी दुनिया भर में चाहती है।

इस बीच इंगलैंड में रहने वाली ट्रंप की एक भतीजी मैरी ट्रंप ने उनके बारे में रोचक रहस्योद्घाटन किया है। उनका कहना है कि वह जब 6 वर्ष की थी, उस समय ट्रंप 20 वर्ष के थे। एक दिन जब वह ट्रंप के साथ फुटबाल खेल रही थी, तो ट्रंप ने उसे इतने जोर से बॉल मारा कि उसे लगा जैसे उसका पैर ही टूट जायेगा, क्योंकि ट्रंप के भीतर शुरू से ही यह भावना रही है कि उसने ही जीतना है, चाहे इसके लिए उसे कोई भी तरीका क्यों न अपनाना पड़े। तो क्या यह ट्रंप की मात्र जिद अपनी जीत के लिए है या फिर स्वयं के महिमामंडन के लिए?

## कोल्हान की खबरें

### आदित्यपुर में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री

# भाजपा की तानाशाही मुगलों और अंग्रेजों जैसी : सुबोधकांत सहाय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर जयप्रकाश उद्यान में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया।रविवार को संविधान बचाओ रैली में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला।उन्होंने कहा भाजपा सरकार मुगलों और अंग्रेजों की तरह तानाशाही रवैया अपना रही है। उन्होंने आरोप लगाया देश में संविधान के मूल्यों को कुचला जा रहा है और आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा अगर देश का यही हालात रहे तो वह दिन दूर नहीं जब देश में फिर से तानाशाही शासन लागू हो। उन्होंने कहा भाजपा सरकार बोलने, लिखने और अपनी इच्छा व्यक्त करने के अधिकारों का हनन कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार की जन विरोधी और मजदूर विरोधी नीतियों को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा इस मामले में कांग्रेस पार्टी प्रदेश भर में संविधान बचाओ रैली के माध्यम से आम जनता को जागरूक कर रही है। मौके पर कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शहजादा आलम ने कहा भाजपा के तानाशाही रवैये और संविधान के अपमान की खिलाफ देशभर में कांग्रेस पार्टी संविधान बचाओ रैली आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा पार्टी लोकतंत्र की खूबसूरती और संविधान की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध है।




**इडी-सीबीआइ का दुरुपयोग कर विपक्ष को दबाया जा रहा: अजय सिंह**

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव अजय सिंह ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा भाजपा ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को डराने और धमकाने का काम कर रही। उन्होंने कहा लोकतंत्र की हत्या की जा रही है कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी कीमत पर नहीं होने देगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार ने की। रैली में प्रदेश और जिला स्तर से संजीव श्रीवास्तव, आनंद बिहारी दुबे, सुरेश धारी, राकेश तिवारी, केपी सोरेन प्रसाद, मिसर बंसरीयार, सविता साव सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजुत रहे।

# कदमा में कारोबारी साइबर ठगी का शिकार क्रेडिट कार्ड से 1.33 लाख रुपये उड़ाये

**ऑस्ट्रेलिया प्रवास के दौरान फ्लिपकार्ट के माध्यम से की गई ऑनलाइन खरीदारी, बैंक कर्मी की भूमिका पर भी उठ रही सवाल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** साइबर अपराधियों की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। अब ये अपराधी क्रेडिट कार्ड और बैंक खातों की निगरानी कर बड़ी रकम की निकासी कर रहे हैं। ऐसा ही मामला शनिवार को कदमा थाना क्षेत्र में सामने आया। जब एक स्थानीय कारोबारी अनुराग कुमार ने अपने क्रेडिट कार्ड से 1,33,009 की साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुराग कुमार ऑस्ट्रेलिया में थे। उसी दौरान उनके एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से यह राशि फ्लिपकार्ट के माध्यम से खर्च कर दी गयी। कारोबारी के अनुसार पहले उनके मोबाइल पर संदिग्ध कॉल और मैसेज आने लगे। जिसमें केयाईसी अपडेट करने के नाम पर जानकारी मांगी गई। शक होने पर उन्होंने तत्क्षण एक्सिस बैंक के मैनेजर से संपर्क कर क्रेडिट कार्ड को फ्रीज करवा दिया। बैंक मैनेजर द्वारा तत्काल जानकारी दी गई थी खाते से कोई ट्रांजैक्शन नहीं हुआ है। लेकिन जब अनुराग कुमार ऑस्ट्रेलिया से भारत लौटे और सोनारी स्थित एक्सिस बैंक शाखा पहुंचे तब उन्हें ज्ञात हुआ 5 मई को 1,33,009 की खरीदारी फ्लिपकार्ट पर उनके क्रेडिट कार्ड से हो चुकी है। इस पर कारोबारी ने सवाल उठाया जब कार्ड को समय रहते फ्रीज करवा दिया गया था तो फिर ट्रांजैक्शन कैसे संभव हुआ? उन्होंने साइबर अपराध में बैंक कर्मी की संभावित संलिप्तता की आशंका भी जताई है। कदमा थाना में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बैंक से भी विस्तृत विवरण मांगा गया है।

## चांडिल आरपीएफ ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत रेस्क्यू कर तीन नाबालिग बच्चों को परिजनों को सौंपा

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा डिवीजन अंतर्गत चांडिल आरपीएफ पोस्ट द्वारा ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते अभियान के तहत रेस्क्यू किए गए तीन नाबालिग बच्चों को बाल कल्याण समिति सरायकेला द्वारा सुरक्षित रूप से उनके माता-पिता के हवाले कर दिया गया।आरपीएफ ने शुक्रवार को 12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे इन तीन नाबालिगों को चांडिल स्टेशन पर संदिग्ध स्थिति में पाकर रेस्क्यू किया था। पूछताछ में पता चला तीनों बच्चे गिरिडीह जिले से बिना बताए विशाखापत्तनम की ओर काम की तलाश में निकले थे। आरपीएफ ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें चांडिल स्टेशन पर ही रोककर सुरक्षित संरक्षण में लिया और बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया।सीडब्लूसी सरायकेला द्वारा तीनों बच्चों को जमशेदपुर स्थित घाघीडीह बालगृह में रखा गया था। इस दौरान संगठन स्तर से उनके परिजनों को सूचना भेजी गई, जिसके बाद तीनों के माता-पिता गिरिडीह से बालगृह पहुंचे। सीडब्लूसी सदस्य सैयद आयाज हैदर द्वारा समुचित जांच-पड़ताल और सत्यापन के बाद रविवार बच्चों को उनके माता-पिता को सुपुर्द कर दिया गया। आरपीएफ के इस सराहनीय प्रयास से एक संभावित बाल श्रम व मानव तस्करी की घटना टल गई। साथ ही बच्चों को सुरक्षित उनके घर पहुंचाया गया।चांडिल आरपीएफ का यह कदम ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के अंतर्गत बाल सुरक्षा और पुनर्वास के प्रति उनकी सजगता और जिम्मेदारी को दशार्ता है।

# प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व की ओर बढ़ता भारत संरक्षण और संवर्धन की साझा राह: डॉ आशीष आनंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/जमशेदपुर।** पर्यावरणीय संकटों के बीच भारत में प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन को लेकर नई चेतना जागृत हो रही है। जामिया मिलिया इस्लामिया के सामाजिक कार्य विशेषज्ञ डॉ. आशीष आनंद के अनुसार, प्रकृति का संरक्षण केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं बल्कि मानव सभ्यता के टिकाऊ भविष्य की दिशा में एक अनिवार्य कदम है। डॉ.आनंद ने बताया जलवायु परिवर्तन,जैव विविधता की हानि और वनों की कटाई जैसी वैश्विक समस्याएँ अब हमारी दहलीज पर हैं। संयुक्त राष्ट्र की



रिपोर्टों के हवाले से वे बताते हैं पृथ्वी पर जैव विविधता की हानि के दर प्राकृतिक गति से 1,000 गुना तेज है और 1970 के बाद से वन्यजीव आबादी में 70% की गिरावट दर्ज की गई है। अगर यही रफ्तार बनी रही तो अगले 100 वर्षों में सभी वर्षावन समाप्त हो सकते हैं। डॉ. आनंद बताते हैं भारत ने प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व की परंपरा को न केवल ऐतिहासिक रूप से अपनाया है बल्कि आधुनिक समय में भी कई सफल प्रयास किए हैं। गुजरात के गिर जंगलों में एशियाई शेरों के साथ स्थानीय समुदायों का शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, लद्दाख में हिम तेंदुए संरक्षण कार्यक्रम और कर्नाटक के सोलिगा समुदाय द्वारा वन्यजीवों को देवता मानने की परंपरा इन प्रयासों का उदाहरण हैं। सरकारी स्तर पर भी कई पहलें की गई हैं। प्रोजेक्ट टाइगर और प्रोजेक्ट एलीफेंट जैसे कार्यक्रमों ने वन्यजीव संरक्षण में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है। ग्रीन इंडिया मिशन, रामसर स्थलों का संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना जैसे कदम देश को एक हरित और स्थायी भविष्य की ओर ले जा रहे हैं।डॉ. आनंद का मानना है संरक्षण और संवर्धन एक साथ चलने वाले सिद्धांत हैं। ह्यदि हम केवल संरक्षण पर ध्यान दें और संवर्धन की अनदेखी करें, तो हम प्रकृति को पुनर्जीवित नहीं कर पाएंगेह्व।उन्हें जलवायु परिवर्तन आधारित कृषि कार्यक्रमों और आदिवासी समुदायों के साथ काम करने का दो दशक से अधिक का अनुभव है। उनका मानना है ह्यप्रकृति के साथ सह-अस्तित्व ही हमारे भविष्य की कुंजी है।

## आरटीआइ कार्यकर्ता कृतिवास मंडल को धमकी मिलने पर भड़के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने पूर्वी सिंहभूम जिला सचिव सह आरटीआई कार्यकर्ता संघ के केंद्रीय महासचिव एवं राष्ट्रीय सुढ़ी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष कृतिवास मंडल को मिल रही धमकियों को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और आरोपी की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। पूर्व मंत्री ने कहा कृतिवास मंडल के पोटका प्रखंड कार्यालय से सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगे जाने पर उन्हें धमकियां मिल रही हैं। यह मामला जनहित से जुड़ा है, ऐसे में इसे नजरअंदाज करना लोकतंत्र की मूल भावना के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा जिले एसएसपी मामले की जांच कराए और दोषियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाये। रामचंद्र साहिस ने राज्य में बदहाल विधि-व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा यह झारखंड की विडंबना है यहां पत्रकार और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता सुरक्षित नहीं हैं। पूर्व मंत्री ने स्पष्ट कहा आरटीआई के तहत सूचना मांगना जनता का संवैधानिक अधिकार है न कि कोई अपराध। कृतिवास मंडल समाज और जन अधिकार के लिए लगातार संघर्षरत हैं। उनकी आवाज किसी धमकी से दबाई नहीं जा सकती। रामचंद्र साहिस ने सरकार से तत्काल प्रभाव से कृतिवास मंडल को सुरक्षा मुहैया कराने और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 02 जून, 2025
www.azadsipahi.in



# मेराल में सड़क हादसा, दो सगे भाइयों की मौत, तीसरा गंभीर

**एक ही चिता पर दोनों भाई का हुआ दाह संस्कार , डेढ़ साल और 6 माह का पुत्र ने दिया मुखाग्नि**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेराल।** थाना क्षेत्र के बाना गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसा ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। शनिवार की रात्रि करीब साढ़े 10 बजे मेराल-डंडई मुख्य पथ पर बाना गांव में डीलर धर्मेंद्र चंद्रवंशी के घर के पास एक कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो सगे भाइयों की मौत हो गयी, जबकि तीसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। गोंदा गांव निवासी स्वर्गीय अक्षय लाल विश्वकर्मा (बॉडीबिल्डर) का पुत्र छोटा पुत्र पंकज विश्वकर्मा 25 वर्ष की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी, जबकि विवेक विश्वकर्मा 40 ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं तीसरे भाई अंबिका विश्वकर्मा 43 को गंभीर हालत में मेदनीनगर सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों भाई अपनी बहन के घर लवाही गांव से हल्दी की रस्म अदा कर एक ही बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। घर से महज डेढ़ किलोमीटर पहले ही मेराल की ओर से तेज गति से आ रही कार संख्या जेएच 1 ईभी 2629 जो डंडई के उदय विश्वकर्मा की बतायी गयी से बाइक की जोरदार टक्कर हो गयी, जिससे यह हृदय विदारक हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विष्णु कांत दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर विवेक और अंबिका को अस्पताल भिजवाया। वही घटनास्थल पर ही मृतक पंकज का शव सुबह करीब 7 बजे मेराल के अंचलाधिकारी यशवंत नायक, थाना प्रभारी विष्णु कांत, विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन आदि के द्वारा सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलाने आदि आश्वासन के बाद अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया। स्थिति को देखते हुए सीओ यशवंत नायक ने तत्काल राहत के तौर पर मृतकों के परिजन को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। वहीं विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की ओर से उनके प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने भी 10 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की। मृतक दोनों भाइयों का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार दोपहर बाद स्थानीय श्मशान घाट पर किया गया। विवेक को मुखाग्नि उसके डेढ़ वर्षीय पुत्र कार्तिक ने दिया, जबकि पंकज को मुखाग्नि उसके 6 माह का पुत्र प्रियांशु से दिलाया गया। दोनों भाइयों की असामयिक मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। वहीं गरीब परिवार को इस दुख की घड़ी में लोगों ने आर्थिक सहयोग के साथ-साथ इलाज और अंतिम संस्कार में सहयोग कर रहे हैं। जिसमें गोंदा के बीडीसी कृष्ण देव प्रजापति, पारस विश्वकर्मा, संजय भगत, शशिकांत दुबे, पूर्व मुखिया प्रकाश कुमार अरुण, अनुज विश्वकर्मा, देवेंद्र शर्मा, भिखारी विश्वकर्मा, सुरेंद्र गोस्वामी, मुखिया रामसागर महतो, मनोज जायसवाल, रामाकांत गुप्ता, विकास दुबे सहित कई समाजसेवियों का नाम सहयोग करने वालों में शामिल है।

# गढ़वा के पूर्व विधायक युगल किशोर पांडेय का निधन


पूर्व विधायक युगल किशोर पांडेय का फाइल फोटो।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा के पूर्व कांग्रेसी विधायक युगल किशोर पांडेय का निधन शनिवार की सुबह रांची के मेडिका अस्पताल में हो गया। वे 82 वर्ष के थे। बताया जाता है कि दोनो किडनी फेल हो जाने के कारण वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। ज्यादा तबियत खराब होने के कारण उन्हें मेडिका रांची में भर्ती कराया गया था। जहां प्रातः 6:00 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। युगल किशोर पांडेय मूल रूप से पलामू जिले के राजहरा गांव के निवासी थे। वे पलामू के प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय सूरत पांडे के ज्येष्ठ पुत्र थे। अपने जीवनकाल में श्री पांडे ने सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष 1980 में वे गढ़वा विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए और बाद में गढ़वा जिला कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभायी। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को विशेष रूप से याद किया जायेगा। उन्होंने 1983 में अपने पिता के नाम पर सूरत पांडे डिग्री महाविद्यालय की स्थापना की, जो आज गढ़वा जिले का प्रमुख शिक्षण संस्थान है। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी है। पार्टी नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और, नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## पूर्व विधायक के निधन पर भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने संवेदना प्रकट की



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज के संस्थापक सचिव युगल किशोर पांडेय के निधन से जिले में शोक की लहर है। उनके निधन पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश कार्य समिति के सदस्य तथा प्रसिद्ध शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। शोक संदेश में अलखनाथ पांडेय ने कहा कि युगल किशोर पांडेय न केवल गढ़वा विधानसभा के पहले इंजीनियर विधायक थे, बल्कि वे अपने सरल, स्नेहिल स्वभाव और विशाल व्यक्तित्व के लिए भी पहचाने जाते थे। उनका इस संसार से विदा होना सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है।

## दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र में दो अलग अलग हुए दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। घायलों में चमेली देवी पति विनोद पासवान, सोनू पासवान पिता शिवकुमार पासवान सिहपुर निवासी एवं एक फतूना बीबी बरवाडीह निवासी का नाम शामिल हैं। पहला दुर्घटना भगवान घाटी के पास हुई, जिसमें चमेली देवी और सोनू पासवान सिहपुर से भवनाथपुर आ रहे थे की भगवान घाटी के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार गाड़ी को देख कर अनियंत्रित हो कर गिर गया, जिससे दोनो घायल हो गये। वहीं दूसरी दुर्घटना में फातिमा बीवी मुस्कैनी पहाड़ के समीप रोड क्रॉस कर रही थी की भवनाथपुर से केतार के तरफ जा रहा बाइक ने धक्का मार दिया, जिससे घायल हो गयीं। घयला अवस्था में बाइक चालक ने भवनाथपुर सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं फातिमा बीबी की स्थिति को गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया।

## पाट में दो गायों की वज्रपात से मौत

भंडरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड फकीराडीह पंचायत ग्राम पाट में शनिवार करीब शाम सात बजे के लग भग में प्रयाग यादव के दो गाय की वज्रपात से मौत हो गयी। जिसे सुन कर पंचायत की मुखिया सोहर सिंह ने मौके पर घटना अस्थल पहुंच मवेशी पालक प्रयाग यादव को सांत्वना दिया और प्रशासन के द्वारा प्रक्रिया के बाद हर संभव मदद दिलाने की अस्वसन दिए जिसे मवेशी पालक को सरकारी सहयोग का लाभ मिल सके। पशु पालक प्रयाग यादव ने बताया कि एक साथ दो गाय की मौत होने पर बहुत मर्माहत हूं। एक गाय तो एक माह के अंदर गाय बचा देने वाली थी।

# ससमय और पूरी मात्रा में राशन प्रदान करें : एसडीएम

**एसडीएम की जांच में राशन डीलर से लाभुकों को कम राशन देने की पुष्टि हुई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी ने डंडई प्रखंड के लवाही कला गांव की रानी महिला विकास समिति द्वारा संचालित पीडीएस राशन दुकान की जांच की। उक्त जांच, इस गांव के लगभग 50 ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षरित शिकायती पत्र के आलोक में की गयी थी। जांच के दौरान पीडीएस दुकान के बाहर किसी प्रकार का साइन बोर्ड, संकेतक, सूची, सारिणी या विवरणी नहीं पायी गयी, बल्कि वहां पर एक टेंट हाउस का व्यवसाय चलता हुआ मिला। महिला समूह की अध्यक्ष सह पीडीएस दुकान की संचालिका श्रद्धा देवी से जब समूह की अन्य सदस्य महिलाओं के नाम पूछे गये तो न तो वे इस संबंध में कोई रजिस्टर दिखा पायीं और न ही सभी महिलाओं के नाम बता पायीं। दरअसल इस राशन दुकान के विरुद्ध ग्रामीणों ने कम राशन देने जैसी कई विसंगतियों को लेकर शिकायत की थी। जांच के क्रम में मौके पर जो ग्रामीण मिले, उसमें से कुछ लोगों ने राशन पूरा मिलने की बात कही, किंतु ज्यादातर लोगों ने एसडीओ को बताया कि सभी लोगों को कम मात्रा में राशन दिया जाता है। किताबउद्दीन अंसारी ने बताया कि उनके परिवार में चार सदस्य हैं किंतु उन्हें 18 किलो राशन ही मिलता है, यही बात एक अन्य लाभुक सुदामा साव ने भी दोहरायी। राधिका देवी बताती हैं कि उनके घर में चार सदस्य हैं और उन्हें 17 किलो चावल मिलता है, उनका यह भी आरोप था कि उन्हें तीन चार बार दुकान दौड़ना पड़ता है तब जाकर उनको राशन मिलता है। एक अन्य लाभुक रामसूरत यादव ने बताया कि उनके परिवार में पांच सदस्य हैं उन्हें 22.5 किलो चावल मिलता है, जबकि उन्हें 25 किलो राशन मिलना चाहिए। लगभग ऐसी ही प्रतिक्रियाएं अन्य लाभुकों के द्वारा दी गयी। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित डीलर को कड़ी चेतावनी दी की वे ससमय और पूरी मात्रा में राशन प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि जांच प्रतिवेदन संबंधित विभागीय वरीय पदाधिकारियों को कार्रवाई की अनुशंसा सहित अग्रेषित किया जा रहा है।

उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के सभी राशन डीलरों से अपील की कि वे अपने पोषक क्षेत्र के लाभुकों को न केवल पूरी मात्रा में राशन उपलब्ध करवायें, बल्कि नियमित रूप से भी उपलब्ध करवायें। उन्होंने कहा कि पीडीएस दुकानों में घटतोली के मामलों को वे बहुत ही गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों के राशन में सेंध लगाने का मामला क्षमा की परिधि से बाहर है, ऐसा प्रयास किया जाना न केवल अनैतिक है बल्कि आपराधिक भी है। इस जांच के दौरान बड़ी मात्रा में स्थानीय लोग मौजूद थे।

# पिछड़ापन से मुक्ति के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़नी होगी : सुनील

आजाद सिपाही संवाददाता




**भवनाथपुर।** तेली साहू समाज संघर्ष समिति (टीएसफोर) की एक विचार गोष्ठी गढ़वा जिला के भवनाथपुर में आयोजित की गयी। इस अवसर पर टीएसफोर के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील साहू बतौर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष संजय स्नेही उपस्थित रहें। सर्वसम्मति से प्रदीप गुप्ता को गढ़वा जिला टीएसफोर का जिलाध्यक्ष चयनित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि राजनीतिक चेतना और सामाजिक एकजुटता के अभाव में समाज लगातार पिछड़ता जा रहा है। पिछड़ापन से मुक्त होने के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई में शामिल होने की आवश्यकता है। प्रदेश अध्यक्ष संजय स्नेही ने कहा कि किसी भी प्रकार के शोषण-दोहन के खिलाफ समाज को एकजुट होकर आवाज बुलंद करना होगा तभी हमारी अहमियत को दुनिया समझ पायेगी। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र गुप्ता ने की। इस मौके पर सुरेन्द्र गुप्ता, प्रदीप गुप्ता के अलावे राम भजन गुप्ता, दिनदयाल साहू, सुदेश्वर साहू, बजरंगी साहू, बबन साव, पूर्व मुखिया बैजू साव, मनोरंजन गुप्ता , प्रेमलाल गुप्ता, जीवधन साहू, उज्जवल साहू, राजेश गुप्ता, विजय गुप्ता, नेमचंद साह, वागेश्वर गुप्ता, रामप्रसाद गुप्ता, कामेश्वर साह, रमेश साह, रामनाथ साह, जयप्रकाश गुप्ता, मणिकांत गुप्ता, राम लखन गुप्ता , धर्मेंद्र गुप्ता, अखिलेश साह, लालु प्रसाद गुप्ता, नंदु, धर्मदेव साह, विरेंद्र, दुधेश्वर, बिरबल साह, पारसनाथ साह आदि मौजूद थे।

# फिट इंडिया स्कीम के तहत साइकिल राइड का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा फिट इंडिया स्कीम के तहत संडे ऑन साइकिल राइड के लिए पूरे देश में चले अभियान के तहत रविवार को गढ़वा जिला मुख्यालय में कृषि बाजार समिति के गेट से टाउन हॉल के मैदान तक साइकिल राइड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार वशिष्ठ तिथि के रूप में गढ़वा थाना प्रभारी बृज कुमार सहित विजय कुमार केसरी, ओमप्रकाश तिवारी, कमलेश कुमार गुप्ता, डॉ उमेश सहाय, डॉ पतंजलि केसरी सहित कई लोगों ने साइकलिंग किया। इस अवसर पर खासकर वैसे सैकड़ो बच्चे जो अपनी-अपनी साइकिल लेकर आए थे उनमें काफी उत्साह देखा गया।

वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीएम संजय पांडेय ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड के बाद एकमात्र साइकिल ही ऐसी सवारी है जिसको चलाने के लिए सभी डॉक्टरों ने सभी से अपील किया था। तथा उस वक्त देश के साइकिल स्टोर में एक भी साइकिल नहीं बची थी। साइकिल चलाने के, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बृज कुमार ने कहा कि मेरे दिन चर्या में खेल और फिटनेस शामिल है। आप सभी जानते हैं पुलिस का काम कितना चुनौती भरा होता है। परंतु फिटनेस वर्क के बाद सारी चीज आसान हो जाती हैं। इसलिए मेरा भी अपील होगा कि आप सभी साइकिल जरूर चलाएं। इसे ननियमित रूप से इस्तेमाल करें

## दो युवक न्यायिक हिरासत में भेजे गये

मझिआंव (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिले के मझिआंव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोदरा में सुदामा पासवान के लिखित आवेदन पर मारपीट के आरोप में की गयी शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ का मामला दर्ज किया गया है। आरोपितों की पहचान सोनू पासवान और सुनील पासवान के रूप में हुई है, जो मुनेश्वर पासवान के पुत्र हैं। पीड़िता सुदामा पासवान के आवेदन पर मझिआंव थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की जांच कर रहे पुलिस पदाधिकारी नसीम अंसारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# जायंट्स ग्रुप ने दिहाड़ी महिला मजदूरों के बीच साड़ी का वितरण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में ग्रुप के उपाध्यक्ष राकेश बाबू सर्राफ और उनके भाई शिव बाबू सर्राफ के सौजन्य से उनकी माता स्वर्गीय रामसखी देवी के पुण्यतिथि पर दिहाड़ी महिला मजदूरों के बीच साड़ी का वितरण मुख्य पथ स्थित सत्यम बैग हाउस के पास उपाध्यक्ष अवधेश कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जायन्ट्स के पदाधिकारियों ने कहा कि पुण्यतिथि के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच साडी का वितरण करना पूण्य का काम है। जायन्ट्स परिवार हर मौके पर जरूरतमंदों की सेवा में आगे रहता है। इस अवसर पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पदाधिकारी नंद कुमा गुप्ता, फेडरेशन के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज केशरी(रूपा गंजी), जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के आन्तरिक उपाध्यक्ष अवधेश कुशवाह, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, चंदन चंद्रवंशी, मनोज केशरी (सन रेडियो), मनदीप प्रसाद, विनोद गुप्ताआदि जायन्ट्स सदस्य मुख्य रूप उयस्थित थे।

## इंटरमीडिएट की परीक्षा में कॉलेज टॉपर बनी दीपशिखा



केतार (आजाद सिपाही)। झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा इंटरमीडिएट विज्ञान विषय परीक्षा परिणाम में उत्क्रमित 10+2 उच्च विद्यालय परसोडीह का परीक्षा परिणाम 52.94 प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा दीपशिखा कुमारी ने 369 अंक 73.8 प्रतिशत अंक लाकर कॉलेज टॉपर बनीं। वहीं अमलेश कुमार ने 71.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और संजीत कुमार यादव 65.6 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। दीपशिखा एक साधारण परिवार से है उनके पिता राजकुमार राम मध्य विद्यालय सिंहपुर में सहायक शिक्षक हैं और उनकी माता अनंती देवी आंगनबाड़ी सेविका है। दीपशिखा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के त्याग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।

# एसडीएम ने अल्ट्रासाउंड सेंटर को किया सील

## कांडी में अवैध तरीके से संचालित हो रहा था सेंटर

आजाद सिपाही संवाददाता




**कांडी।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने रविवार को क्षेत्र भ्रमण के क्रम में कांडी बस स्टैंड के पास अवस्थित केयर अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया। दरअसल डुमरसोता जाने के क्रम में जब वे इस अल्ट्रासाउंड सेंटर के सामने से गुजरे तो उन्हें जांच केंद्र का बोर्ड देखकर संदेह हुआ। उन्होंने केंद्र की जांच की तो पाया कि जांच करने वाला कर्मी 12वीं पास है तथा बीए की पढ़ाई कर रहा है, उसके पास किसी भी प्रकार का मेडीकल जांच संबंधी डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट नहीं है। उसने बताया कि वह बिहार का रहने वाला है, मझिआंव के किसी रजनीकांत वर्मा का यह जांच केंद्र है, इसमें वह 30 हजार मासिक वेतन पर काम करता है। जब संचालक को जांच केंद्र आने के लिए फोन करवाया गया तो उसने कहा कि वह आने में असमर्थ है।

जब एसडीएम अल्ट्रासाउंड जांच करने वाले टेक्नीशियन से पूछताछ कर ही रहे थे कि इसी बीच में एक महिला अपने पति के साथ अल्ट्रासाउंड कराने आयीं, इस दौरान कुछ देर के लिए एसडीएम जांच कक्ष से बाहर बैठे इंतजार करते रहे, यह देखने के लिए कि महिला अल्ट्रासाउंड कराकर बाहर आती है या बिना कराये। जब महिला बाहर आई तो उस महिला ने बताया कि उनका अल्ट्रासाउंड इसी टेक्नीशियन ने किया है बताया कि वह गर्भवती है और वह बिना किसी डॉक्टर की सलाह पर जांच करवाने स्वयं यहां पहुंची थी। जांच केंद्र से बाहर आने के उपरांत जब संबंधित टेक्नीशियन से पूछा गया कि इस अल्ट्रासाउंड केंद्र से जो डॉक्टर टैग हैं उनकी अनुपस्थिति में आप जांच क्यों कर रहे हैं, इस पर टेक्नीशियन ने बताया कि हमेशा वही जांच करता है डॉक्टर यहां नहीं आती है।

एसडीएम द्वारा इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी फोन पर ही सिविल सर्जन को दी गयी, सिविल सर्जन की सलाह पर एसडीम में अल्ट्रासाउंड केंद्र को मौके पर ही सील कर दिया। सील करने के दौरान कांडी थाना की महिला सब इंस्पेक्टर जूली टुडू तथा पुलिस बल के जवान मौजूद थे। संजय कुमार ने बताया कि इस संदिग्ध अल्ट्रासाउंड केंद्र पर नियमानुसार अग्रेत्तर कार्रवाई करने हेतु सिविल सर्जन को रिपोर्ट और अनुशंसा के साथ लिखा जा रहा है। उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के अन्य अल्ट्रासाउंड संचालकों को भी हिदायत दी है कि वे नियमानुसार मानक पूरा करने के उपरांत ही अल्ट्रासाउंड केंद्र का संचालन करें। अवैध रूप से संचालित किए पाए जाने पर सील करने और प्राथमिकी जैसी कार्रवाई की जायेगी।

# सोशल मीडिया पर पोस्ट देखकर 50 किमी दूर दिव्यांग के घर पहुंचे एसडीएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट पर संज्ञान लेकर एक दिव्यांग व्यक्ति के घर पहुंचे, वहां जाकर उन्होंने उस व्यक्ति से समस्यायें जानी और निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का भरोसा दिया। इसके अलावा वहां के दर्जनों स्थानीय नागरिकों से भी गांव की समस्याओं को जाना। दर असल रविवार को संजय कुमार ने सोशल साइट ट्विटर (एक्स) पर कांडी प्रखंड के डुमरसोता गांव निवासी 35 वर्षीय दिव्यांग छोटन पासवान की समस्या के बारे में पढ़ा, तो अपने अनुमंडल क्षेत्र का मामला होने के चलते उन्होंने इस पर त्वरित संज्ञान लिया।

उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से संबंधित युवक का संपर्क सूत्र प्राप्त किया तथा पता पूछते हुए वे रविवारीय अवकाश होने के बावजूद मुख्यालय से 50 किमी दूर डुमरसोता गांव में छोटन के घर पहुंच गये। दोपहर में जब वे वहां पहुंचे तो उन्हें वास्तव में दिव्यांग छोटन पासवान की दयनीय स्थिति देखने को मिली। छोटन ने बताया कि वे अपनी दिव्यांगता को आड़े नहीं आने देते हैं, इसलिए वे मेहनत करते हुए पंचर की दुकान चला कर अपना जीवकोपार्जन कर रहे हैं। किंतु फिर भी उन्हें जीवन यापन करने में कई व्यवहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

छोटन पासवान ने आवास, राशन कार्ड, बैटरी चालित ट्राई साइकिल, हैंड पंप आदि की मांग की। उन्होंने बताया कि उनके पास वोटर कार्ड तथा आधार कार्ड है, उन्हें दिव्यांगता पेंशन भी मिल रही है किंतु चार सदस्यीय परिवार का पालन पोषण करने में उन्हें कठिनाई हो रही है, साथ ही आशियाने को लेकर के भी वे चिंतित हैं। उन्होंने बताया कि उनकी मां, पत्नी और एक बेटा उनके साथ रहते हैं। उनके पास अपनी जमीन है किंतु मकान के नाम पर उनके पास सिर्फ एक झोपड़ी है। इस पर संजय कुमार ने कहा कि वह उनकी पात्रता के अनुरूप सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करवाने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करेंगे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 02 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# प्रतिमा बारवा को लोगों ने दी श्रद्धांजलि



हॉकी कोच प्रतिमा बरवा को नम आंखों से उनके शव पर पुष्पचक्र और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते खिलाड़ी और खेल प्रेमी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड की जानी-मानी हॉकी कोच प्रतिमा बरवा का शव खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के दर्शनार्थ रविवार को एसएस हाई स्कूल स्टेडियम लाया गया, जहां लोगों ने नम आंखों से उनके शव पर पुष्पचक्र और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कुछ हॉकी खिलाड़ी प्रतिमा बरवा के निधन पर फूट-फूट कर रो रहे थे। बाद में प्रतिमा बरवा का पार्थिव शरीर खूंटी शहर के खूंटी टोला मुहल्ला ले जाया गया, जहां वे रहतीं थीं। खूंटी टोला में उनके शव के अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बाद में उनका शव उनकें पैतृक गांव तोरपा प्रखंड के कोचा गांव ले जाया गया, जहां उनका अंतिम संस्कार हुआ। ज्ञात हो कि प्रतिमा बरवा का निधन रविवार की सुबह पारस हॉस्पिटल, रांची में हो गया था। प्रतिमा बरवा अपने पीछे एक वर्षीय पुत्र पवन नाग और पति सुकरा नाग को छोड़ गईं हैं। सुकरा नाग वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य में त्रिपुरा पुलिस पद पर कार्यरत हैं। प्रतिमा पिछले दो वर्षों से खूंटी हॉकी प्रशिक्षण केंद्र में कोच के रूप में कार्यरत थीं। अंतिम विदाई के दौरान हॉकी खिलाड़ियों ने हॉकी स्टिक को उनके शव पास ऊपर उठाकर उन्हें विदाई दी। मौके पर मौजूद जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, जिला हॉकी संघ अध्यक्ष अशोक भगत, उपाध्यक्ष अपर्णा हंस, ओलंपियन मनोहर टोपनो, कोच दशरथ महतो, हॉकी खिलाड़ी सुनीता लकड़ा, सुमराय टेटे सहित कई गणमान्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया। प्रतिमा बरवा की असमय निधन पर कोच दशरथ महतो ने कहा कि इससे झारखंड के खेल जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। उनका समर्पण, अनुशासन और नेतृत्व भावी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हॉकी को अलग पहचान दी: सांसद

प्रतिमा बारवा के निधन पर शोक वयक्त करते हुए सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि गांव की बच्चियों के हाथों में हॉकी स्टिक पकड़ाकर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की जो कला प्रतिमा जी में थी, वह अद्वितीय थी। सिमडेगा और खूंटी में बालिका हॉकी को बढ़ावा देने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनका निधन न केवल राज्य, बल्कि देश के लिए अपूरणीय क्षति है। खूंटी हॉकी संघ के अध्यक्ष अशोक भगत, जो उनके अंतिम क्षणों तक अस्पताल में मौजूद रहे, ने कहा कि सिमडेगा से जितनी भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकली हैं, उनमें प्रतिमा बरवा का अहम योगदान रहा है। उनका जाना झारखंड और खूंटी हॉकी के लिए एक गहरी क्षति है। झारखंड हॉकी संघ की वरीय उपाध्यक्ष अपर्णा हंस ने भी प्रतिमा बरवा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महिला कोचों में प्रतिमा बरवा का स्थान बेहद महत्वपूर्ण रहा। उनकी दूरदर्शिता और मेहनत का ही परिणाम है कि सलीमा टेटे जैसी खिलाड़ी आज अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित हुईं।

# मैक्लुस्कीगंज में समर कप अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता बना हरमू

आजाद सिपाही संवाददाता




**मैकलुस्कीगंज।** रेवोल्यूशन स्पोट्र्स के तत्वाधान में मैकलुस्कीगंज में अयोजित समर कप 2025 अंडर 14 टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला में हरमू क्रिकेट क्लब विजेता बना। फाइनल मैच में हरमू यूथ और अरविंदो क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि जेएससीए के उपाध्यक्ष संजय पांडेय तथा रांची डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव शैलेंद्र कुमार थे। फाइनल मुकाबले में हरमू यूथ ने अरविंदो क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हरा दिया पहले बल्लेबाजी करते हुए अरविंदो की टीम ने 18.5 ओवरों में सभी विकेट खोकर 100 रन बनाये टीम के लिए हिमांशु राज ने 42 रन और हिमांशु कुमार ने 19 रन बनाये। रेयान भगत ने 4 और हिमांशु को 3 विकेट प्राप्त हुआ जवाब में हरमू यूथ की टीम ने 13.4 ओवरों 3 विकेट खोकर में 104 रन बना लिए आयुष ने 30 और रिशु राज ने 24 रन बनाये। अतुल्य लाल को दो विकेट प्राप्त हुआ। फाइनल मैच का प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार रायन भगत को दिया गया प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रेयान भगत, बेस्ट बैट्समैन हिमांशु कुमार बेस्ट बॉलर रेयान भगत बेस्ट, फिल्डर आरव और इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड आयुष्मान जैन को दिया गया सभी पुरस्कार चीफ गेस्ट के होता वितरित किया गया। अतिथियों के द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को कप और मेडल दिया गया। इस मौके पर पूर्व रणजी खिलाड़ी कुलदीप शर्मा, कामेश्वर प्रसाद, राजीव वर्मा, सचिन गिरी संयोग वर्मा और एच पी वर्मा मौजूद थे।

## मोनू रजक ने विधायक सुरेश बैठा को जर्जर सड़क की मरम्मत को लेकर अवगत कराया



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक ने कांके विधायक सुरेश बैठा को जर्जर सड़क की मरम्मत को लेकर अवगत कराया है। मोनू ने विधायक को बताया कि बैंक चौक से फैक्ट्री होते हुए बाजार टांड़ तक जाने वाले मुख्य मार्ग की दयनीय स्थिति की ओर आकर्षित किया। इस मार्ग पर जलजमाव, गड्ढों तथा दुर्घटना के खतरे के कारण आम नागरिकों और स्कूली बच्चों के आवागमन में गंभीर व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। मोनू रजक ने जोर देकर कहा कि इस मार्ग का तत्काल नवीनीकरण आवश्यक है। उन्होंने मार्ग के दोनों ओर नालियों के निर्माण तथा सड़क की मरम्मत कराने की मांग की, ताकि जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो सके और दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि यह मार्ग दर्जनों स्कूलों से जुड़ा हुआ है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं गुजरते हैं। सड़क की खराब हालत उनकी सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है। श्री रजक ने विधायक सुरेश बैठा से अनुरोध किया कि वे इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर उठायें तथा संबंधित विभागों को निर्देशित करें, ताकि जल्द से जल्द इस समस्या का निराकरण हो सके। उन्होंने कहा कि यह मांग स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा से जुड़ी हुई है और इस पर त्वरित कार्रवाई अपेक्षित है।

# सड़क दुर्घटना में ईचागढ़ के दो व्यक्तियों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** खरसावां-रड़गांव मुख्य मार्ग के अंतर्गत रायजामा पहाड़ी घाटी में अनियंत्रित होकर एक ट्रैक्टर और बाइक की सीधी टक्कर हो गयी। इस जोरदार टक्कर से बाइक में सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गयी। घटना रविवार सुबह 11 बजे की है। मृतकों की पहचान ईचागढ़ के सितु गांव के निवासी गोपाल सिंह मुंडा (48), पिता-दिगम्बर सिंह मुंडा एवं बिरजु राम सिंह मुंडा (45), पिता-उषा सिंह मुंडा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को सुबह ईचागढ़ के सितु गांव के निवासी गोपाल सिंह मुंडा एवं बिरजु राम सिंह मुंडा अपने अन्य चार रिश्तेदारो के साथ तीन बाइक पर छह की संख्या में रड़गांव-रायजामा के रास्ते खरसावां के पतपत गांव लड़की देखने जा रहे थे। इसी क्रम में खरसावां से तमाड़ के भुईयाडीह लौट रहे एक ट्रैक्टर की खरसावां-रडगांव मुख्य मार्ग के रायजामा पापडडिया पहाड़ी घाटी में अनियंत्रित होकर बाइक के साथ जोरदार सीधी टक्कर हो गयी। ट्रैक्टर और बाइक की सीधी टक्कर में गंभीर रूप से जख्मी गोपाल सिंह मुंडा एवं बिरजु राम सिंह मुंडा को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से रिश्तेदारो ने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंचाया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने सदर अस्पताल सरायकेला रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी ओर मौके का फायदा उठाते हुए ट्रैक्टर चालक अपने ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद खरसावां पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, एक घायल



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मिलन चौक तिरूलडीह सड़क पर सोड़ो मोड़ के पास रविवार को एक अनियंत्रित खाली ट्रैक्टर ट्राली सहित पलट गया। ट्रैक्टर पलटने से ट्रैक्टर में बैठे तीन मजदूर सहित चालक नीचे छलांग लगाकर जान बचायी। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को तत्काल अस्पताल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार मिलन चौक की ओर से तीन मजदूर ट्रैक्टर पर सवार होकर तिरूलडीह की ओर जा रहे थे। ईचागढ़ पुलिस पहुंचने से पहले ही पलटा हुआ ट्रैक्टर को उठाकर फरार हो गया।

## जेएलकेएम ने मैट्रिक टॉपर वर्षा को किया सम्मानित



खूंटी (आजाद सिपाही)। जैक की मैट्रिक परीक्षा में खूंटी जिले में अव्वल स्थान लाने वाल तोरपा प्रखंड की दियांकेल पंचात के बडरू टोली गांव की रहने वाली वर्षा कुमारी को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा खूंटी जिला समिति ने रविवार को साइकिल देकर सम्मानित किया और भविष्य कें लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर मोर्चा कें कार्यकर्ताओं ने वर्षा के पिता हरि स्वांसी और माता सुषमा देवी को भी सम्मानित किया। मौकें पर मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर ने कहा कि पढ़ाई के दौरान वर्षा को हर संभाव मदद दी जायेगी। मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष सुमन पटेल, जिलाध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर, जिला संयोजक मुन्ना कुमार, जिला महासचिव विक्रम महतो, जिला महामंत्री विश्वकर्मा उरांव, सचिव मंटु स्वासी और जिला कमेटी के कई सदस्य उपस्थित थे।

## सोनाहातू में आटो पलटा, चार लोग घायल

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। बुंडू से बाकु गांव लौट रहे आटो भकावाड़ी और हरिन गांव के बीच रास्ते में अनियंत्रित होकर पलट गयी। आटों में सवार सभी चार लोग घायल हो गये। घटना के बाद घायलों को तुरंत सोनाहातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गयी। सभी घायलों (सुषेण पातर मुंडा, बुधेश्वर मछुवा, जयदेव मछुवा, सृष्टिधर पातर मुंडा) का इलाज सोनाहातू अस्पताल में किया गया।

## खूंटी में फिट इंडिया साइक्लिंग अभियान का आयोजन



खूंटी (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय साइकिल दिवस (तीन जून) के अवसर पर रविवार को आवासीय हॉकी सेंटर (बालक), खूंटी और खेलो इंडिया हॉकी सेंटर, खूंटी के प्रशिक्षुओं के बीच फिट इंडिया साइक्लिंग अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः साइक्लिंग रैली से हुई, जो एसएस प्लस टू आवासीय हॉकी सेंटर (बालक) से प्रारंभ होकर कदमा तक लगभग चार किलोमीटर की दूरी तक गयी। रैली में बालक और बालिका दोनों वर्गों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। बाद में सभी खिलाड़ियों ने फिट इंडिया शपथ लेकर नियमित व्यायाम करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अभियान का उद्देश्य खिलाड़ियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और फिटनेस को उनकी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना था। प्रशिक्षकों ने साइक्लिंग के शारीरिक व मानसिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को प्रेरित किया कि वे प्रतिदिन किसी न किसी रूप में व्यायाम करें। यह आयोजन फट इंडियामूवमेंट के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य देशभर में फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता को बढ़ावा देना है।

# जेएलकेएम का सोनाहातू में 18 सदस्यीय कमेटी का हुआ गठन

> देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि हम लोग बुजुर्गों के अनुभव और युवाओं के जोश के साथ आगे बढ़ेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा रविवार को विद्या ज्योति पब्लिक स्कूल में प्रखंड स्तरीय बुद्धिजीवी वर्ग की बैठक हुई। संगठन को आंतरिक मजबूती और सुचारू रूप से संचालन पर चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता गंगाधर महली और संचालन रंजीत महतो ने किया। जिसमें विभिन्न विभागों के बुद्धिजीवी और शिक्षाविद शामिल हुए। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत एवं सेवानिवृत्ति ने अपना विचार रखा। बैठक में सोनाहातू प्रखंड स्तरीय प्रारंभिक रूप से 18 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। उक्त कमेटी के संरक्षक सुदर्शन महतो, अध्यक्ष ठाकुर दास महतो सहित कुल 18 सदस्यीय कमेटी का चयन सर्व सहमति से किया गया। बैठक में पहुंचे मुख्य अतिथि और संगठन की केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि संगठन में पुराने बुजुर्गों का सम्मान बरकरार रहेगा। हम लोग बुजुर्गों के अनुभव और युवाओं के जोश के साथ आगे बढ़ेंगे।

### सोनाहातू प्रखंड स्तरीय जेएलकेएम बुद्धिजीवी कमेटी के नवनिर्वाचित सदस्य

**संरक्षक-** सुदर्शन महतो, **अध्यक्ष-** ठाकुर दास महतो, **उपाध्यक्ष-** रविंद्र महतो, डॉक्टर वीरेंद्र महतो, **सचिव-** गदाधर महतो, **सह सचिव-** विष्णु चरण महतो, गंगाधर बास महली, **कोषाध्यक्ष-** हरे कृष्णा महतो, **निगरानी सदस्य-** अनंत कुमार महतो (तमाड़), मतवार स्वांसी (राहे), गोविंद महतो (राहे), लखिंदर महतो (टाटीसिलवे), राजीव कुमार मेहता (लोवाहातु), विष्णु महतो (सिल्ली), **सक्रिय सदस्य-** करम सिंह महतो, कंचन महतो, अभिराम महतो, योगेंद्र महतो आदि निर्वाचित हुए।

### तोरपा के कालेट में सरना प्रार्थना सभा सह युवा सम्मेलन आयोजित

# हमें अपने पुरखों के सरना धर्म को बचाकर रखना होगा: जयराम



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के तपकरा कालेट में रविवार को सरना प्रार्थना सह युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सरना धर्म अगुवा जयराम पाहन ने कहा कि प्रकृति पुजक आदिवासी सदियों से अपने पुरखों की व्यवस्था के अनुरुप चलते आ रहे हैं और हमें पुरखों के सरना धर्म को बचाये रखना होगा, तभी आदिवासी समाज सुरक्षित रहेगा। डॉ मीनाक्षी मुंडा ने कहा कि हमारे समाज को एक नई दिशा देने के लिए शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। आज हम आदिवासी प्रकृति पुजक सरना धर्म मानने वाले लोग सरना धर्म कोड की मांग कर रहे हैं, ताकि हमें केंद्र के जनगणना कॉलम अलग से जगह मिले। सरना धर्म कोड नहीं होने के कारण आज आदिवासी व्यवस्था खत्म हो रही हैं। जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि युवाओं की उपस्थिति समाज को जगा सकती है और इतिहास को दोहरा सकती हैं, बशर्ते हम नशापान से दूर रहें। कोलय ओड़ेआ ने कहा कि सरना धर्म और पुरखौती भाषा-संस्कृति, परंपरा और रीति-रिवाज को संरक्षित करते हुए आज हमें जल, जंगल, जमीन को भी बचाना होगा। तभी हम सुरक्षित होंगे। केंद्रीय धर्म गुरु भईया राम ओड़ेया ने कि सिंङबोगा की अर्जी गोवारी से खुशी और शांति मिलेती है। सरना धर्म बचेगा, तभी प्रकृति बचेगी। कार्यक्रम में धनी पाहन, लुथडू मुंडा, अनिल गुड़िया, डॉ सीताराम मुंडा, दुलारी बरला, बिरसा गुड़िया, मुनुवा गुड़िया, जीतू पाहन, अंजलि कंडुलना, सुनील गुड़िया, जिप अध्यक्ष मसीह गुड़िया, जयपाल मुंडा, संतोषी तोपनो, सनिका मुंडा, मंगल सिंह मुंडा, मनोज सोय, रवि गुड़िया, रेडा आदि उपस्थित थे।

## देवनद दामोदर संगम तट पर 5 जून को मनाया जायेगा गंगा दशहरा महोत्सव



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र क्षेत्र के बचरा चार नंबर स्थित शिव मंदिर परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता रामबचन यादव और संचालन दामोदर महोत्सव के संयोजक अश्विनी दाराद ने किया। बैठक मे आगामी 5 जून को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर देवनद दामोदर संगम तट पर गंगा दशहरा महोत्सव का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से संगम तट की साफ-सफाई,पूजन-अर्चना की व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में उपस्थित सदस्यों ने महोत्सव से पूर्व नदी तट की सफाई, जल-व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, तथा भक्तों की सुविधा हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित किये का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि नदी संरक्षण और जन-जागरण को भी बढ़ावा देना है। बैठक में उपस्थित सभी लोगो ने मिलकर संकल्प लिया कि गंगा दशहरा महोत्सव को परंपरा,श्रद्धा और सामाजिक समरसता के साथ मनाया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से दिलीप कुमार अंबष्ट, अवधेश सिन्हा, सुनील पांडेय, राकेश कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह, शिवमंगल गिरी, विपिन कुमार सिन्हा, मनोज प्रसाद गुप्ता, शिवकुमार केसरी, रीतलाल मंडल, श्रीवास्तव पासवान, मुखरन महतो, चंद्रदीप, रमेश सिन्हा, राजा कुमार सहित दर्जनों श्रद्धालु व आयोजन समिति सदस्य मौजुद थे।

# राष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता में पिपरवार के घनश्याम ने स्वर्ण और वंदना कुमारी ने जीता कांस्य पदक

आजाद सिपाही संवाददाता



पदक प्राप्त करने वाले पिपरवार के खिलाड़ी वंदना कुमारी और घनश्याम उरांव।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोका बेंती पंचायत के न्यु मालमहुरा निवासी और वुशु खिलाड़ी धनश्याम उरांव पिता रतन उरांव ने राष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक और बेंती पंचायत के पाहनटोंगरी निवासी वंदना कुमारी पिता जगदीश गंझु ने कांस्य पदक जीतकर पिपरवार कोयलांचल सहित चतरा जिला का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार तमिलनाडू के नम्मकल जिला के केसीआर कॉलेज ऑफ इंजिनयरिंग चिकुंडे के सभागार मे संपन्न हुए 25वां राष्ट्रीय सबजुनियर वुशू प्रतियोगिता मे पिपरवार के घनश्याम उरांव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नानक्वान इवेंट मे स्वर्ण पदक जीता है। वहीं वंदना कुमारी ताईची क्वान इवेंट मे कांस्य पदक प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता 26 मई से 31 मई तक आयोजित किया गया था, जिसमें पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के वुशु खिलाड़ी भी शामिल हुए थे। चतरा जिला वुशु संघ के महासचिव रजी अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए पिपरवार के खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और परिश्रम किया था। कड़ी मेहनत और परिश्रम से ही खिलाड़ियों को यह सफलता मिली है। खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन पर पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में झारखंड वुशू संघ के सचिव शैलेन्द्र दुबे, झारखंड ओलंपिक संघ कोषाध्यक्ष शिवेन्द्र दुबे, रजी अहमद, रौशन रजक, अविनाश गंझु सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## पिपरवार थाना में बकरीद पर्व को लेकर हुई बैठक



पिपरवार (आजाद सिपाही)। ईद उल अजहा बकरीद त्यौहार को लेकर रविवार को पिपरवार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार और संचालन अवर निरीक्षक अंजनी कुमार ने किया। बैठक में सात जून को मनाये जाने वाले ईद उल अजहा बकरीद त्यौहार पर विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में आपसी भाईचारगी और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में क्षेत्र के सभी मस्जिदों और ईदगाह के बाहर नमाज के दौरान सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम करने, ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर नियमित पानी का छिड़काव करने, पुलिस द्वारा क्षेत्र में नियमित गश्ती करने, सोशल मीडिया पर अभद्र और जाति धर्म से संबंधित पोस्ट करने पर कार्रवाई करने सहित कई बातो पर चर्चा की गयी। साथ ही सड़क सुरक्षा सहित अन्य बातों पर भी चर्चा की गयी। थाना प्रभारी अभय कुमार ने सभी लोगो से आपसी सौहार्द और भाईचारगी के साथ त्योहर मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सौहार्द बिगाड़ने वालो को किसी भी कीमत मे बक्शा नहीं जायेगा। बैठक में अवर निरीक्षक अंजनी कुमार, सुरेंद्र उपाध्याय, संजय कुमार सिंह, बर्षा किस्कु, बंसत महतो, बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी, बेंती मुखिया सरिता देवी, किचटो मुखिया संगीता देवी, पूर्व मुखिया मीना कुमारी, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह, कासिम उर्फ मुन्ना, जितेंद्र कुमार, इदरीस अंसारी, कृष्णा यादव, गणेश भुइयां, मोहम्मद शहनवाज, अमरदीप कौशल, सचिन, हरिनारायण, अंगद, पंकज दास, रमेश सहित काफी संख्या में लोग मौजुद थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 02 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# मिल्क वैन ने खड़े हाइवा में मारी टक्कर, चालक की मौत



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पुरना रामपुर में रविवार तड़के चार बजे मिल्क वैन (दुध वाहन) ने सड़क पर खड़े हाइवा में पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी की वैन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में चालक की भी मौत हो गई। उसकी पहचान पप्पू यादव के रूप में हुई है। वह साकेत नगर हिनु का रहने वाला था। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। वैन चौका से अमूल दूध लेकर रांची आ रहा था। वहीं रांची की ओर आ रहा हाइवा का टायर फटने की वजह से खड़ा था। सुनसान एवं ढलान होने की वजह से चालक का संतुलन बिगड़ गया और हाइवा से टकरा गया।

# रेखा तिर्की को बड़ा अफसर बनाने के लिए हरसंभव मदद करूंगी : मंत्री

**शिल्पी नेहा तिर्की ने रेखा को उच्च शिक्षा के लिए दिया एक लाख रुपये का चेक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** जैक 12वीं की परीक्षा में कॉमर्स विषय में राज्यभर में छठा स्थान पाने वाली रेखा तिर्की से रविवार को राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मुलाकात की। मांडर के मेसाल स्थित महादेव उरांव आवास पर पहुंच कर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रेखा को सम्मानित किया। मंत्री ने रेखा तिर्की की मां सीता उरांव के नाम एक लाख रुपये का चेक दिया। उक्त राशि रेखा की उच्च शिक्षा में आर्थिक बाधा को दूर करने में मददगार साबित होगी। मंत्री को अपने आवास और परिवार के बीच पाकर महादेव उरांव का परिवार काफी खुश दिखा। वहीं, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और अपने लक्ष्य को पाने के प्रति समर्पण से सफलता को हासिल किया जा सकता है। आज रेखा तिर्की ने अभाव को मात दे कर अपने लक्ष्य को भेदने में सफलता पायी है। उन्होंने कहा कि आज रेखा ने पूरे आदिवासी समाज को गौरांवित किया है। रेखा तिर्की ने उस राजनीतिक उद्देश्य को भी साबित किया, जिसमें हम हर मंच से ये कहते है कि आदिवासी समाज तभी आगे बढ़ेगा, जब वो पढ़ेगा और लिखेगा।

# ज्ञान से बड़ी कोई दौलत नहीं : सन्नी टोप्पो



**इटकी (आजाद सिपाही)।** रांची रोड पर यक्ष्मा आरोग्यशाला के निकट साहेब मोड़ स्थित एडी साईड मीडिया इंस्टीट्यूट की ओर से रविवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 100 विद्यार्थियों को एडीसीए प्लस कोर्स के स्कॉलरशिप प्रदान कर सम्मानित किया। इसमें शामिल भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि ज्ञान जैसा दुनिया में कोई दौलत नहीं। गांव के छात्र-छात्राओं के लिए ऐसी प्रतिभा कार्यक्रम उत्साह वर्धक होती है। इस विज्ञान की युग में गांव और कस्बाई क्षेत्रों के होनहार बच्चों को तकनीकी शिक्षा से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना अत्यन्त जरूरी है। इस संस्थान की ओर से डिजिटल और प्रैक्टिकल स्किल्स पर परिपक्व कर छात्रों को रोजगार से जोड़ने का प्रयास काफी सराहनीय कार्य है। उन्होंने शिक्षा एवं डिजिटल कौशल को स्थानीय स्तर पर बढ़ावा देने की दिशा में संस्थान के इस कदम को एक प्रेरणादायक बताया है। वहीं, जिप सदस्य रीणा देवी संस्था के संस्थापक विक्की गोप और सह-संस्थापक कैफ आलम ने संस्था के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए अपना विचार व्यक्त किया।

# संत जेवियर कॉलेज के आदित्य सिंह ने 12वीं में लाया नामकुम में प्रथम स्थान



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजों में संत जेवियर कॉलेज रांची के छात्र आदित्य सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 500 में से 464 अंक प्राप्त किए है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से आदित्य ने रांची जिले के टॉप 10 में 9वां स्थान प्राप्त किया है। जबकि नामकुम प्रखंड में प्रथम स्थान हासिल कर अपने कॉलेज, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आदित्य विज्ञान संकाय का छात्र है। आदित्य नामकुम बाजार के चायबगान क्षेत्र का रहने वाला है। उनके पिता संजीव कुमार सिंह और मां रंजीता सिंह ने बेटे की इस उपलब्धि पर मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं दी। वहीं, कॉलेज के प्राचार्य ने आदित्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि आदित्य शुरू से ही अनुशासित और मेहनती छात्र रहा है। उसकी यह उपलब्धि बाकी छात्रों को भी प्रेरणा देगी। आदित्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और ईश्वर को दिया। आदित्य की इस सफलता पर पूरे नामकुम क्षेत्र में खुशी की लहर है।

# दशकर्म के लिए तेली समाज ने किया आर्थिक सहयोग

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** सापुकेरा पंचायत के फतेहपुर निवासी मृतक जगरनाथ साहू की बीमारी से 23 मई को मौत हो गयी थी। जबकि बुद्धिलाल महतो की भी इसी अवधी में मौत हुई थी। उनको फतेहपुर तेली समाज की प्रबुद्ध लोगों ने मौत पर शोक व्यक्त किया। साथ ही दशकर्म एवं 11वां के लिए बुद्धिलाल महतो के परिजन को तीन हजार रुपये जगरनाथ साहू पत्नी सरिता देवी को दो पैकेट (50 किलो) चावल और 4000 रुपये नगद दिया गया। सहयोग करने वाले में मनोज कुमार साहू, रामप्रसाद साहू, मुन्नीलाल साहू, रामकिशोर साहू, राजेश साहू, मनोज साहू, विष्णु साहू, नथूराम साहू विष्णु साहू, सूरज साहू, हरिश्चंद्र साहू, मुन्नीलाल साहू, गोपाल, नंदलाल, मुकेश, भरत और नागेंद्र शर्मा आदि अन्य लोगों शामिल थे।

# बेड़ो थाना में तोड़फोड़ कांड में 30 लोग चिन्हित, 250 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** थाना क्षेत्र में शनिवार की रात हुई तोड़फोड़ की घटना की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि 15 से 30 व्यक्तियों को चिन्हित किया गया है। जबकि करीब 250 अज्ञात लोगों के विरुद्ध सरकारी संपत्ति नुकसान अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बताते चलें कि स्थानीय पड़हा समिति एवं एक समाज के लोगों ने शनिवार की रात करीब 7.45 बजे से 9.30 बजे तक जमकर हंगामा किया। साथ ही बेड़ो थाना परिसर में तोड़फोड़ करते हुए सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। वहीं धक्का-मुक्की के दौरान थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान को चोटें भी आईं थीं। पुलिस सूत्रों के अनुसार स्थानीय पड़हा समिति के लोगों ने पुलिस पर जेसीबी चालक के साथ मारपीट करने का बेबुनियाद आरोप लगाते हुए घटना को अंजाम दिया था। वहीं आक्रोशित ग्रामीण बेहद उग्र थे। इधर, डीएसपी अशोक कुमार राम और सीओ प्रताप मिंज के समझाने बुझाने से मामला शांत हो गया। इसके बाद ग्रामीण घर चले गये। इधर, घटना के बाद इटकी, नरकोपी और लापुंग सहित भारी संख्या में सशस्त्र पुलिस के जवान बेड़ो थाना पहुंचे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि शनिवार को महादानी मैदान के समीप रंगमंच पर पड़हा महा सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें स्थानीय पड़हा समिति के ग्रामीण धार्मिक स्थल पर अतिक्रमण हटाने और सीमांकन की बात कर रहे थे। इधर पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रशासन को बिना जानकारी दिये महादानी मैदान के आसपास जेसीबी चलाया गया। इसकी सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारियों का दल महासम्मेलन स्थल पर पहुंचा। साथ ही सीओ ने पड़हा समाज के लोगों को 24 घंटे के अंदर धार्मिक स्थल पर अतिक्रमण हटाने संबंधी एक नोटिस सौंपा। इस दौरान सीओ प्रताप मिंज और डीएसपी अशोक कुमार राम ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया। इसके बाद सभी ग्रामीण घर चले गये। वहीं इसके बाद अचानक रात पौने आठ बजे सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण बेड़ो थाना परिसर पहुंचे। साथ ही तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया।

# टाटीसिलवे में निकाली गयी भव्य तिरंगा यात्रा, सेना के शौर्य को किया नमन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को सम्मान देने के उद्देश्य से लालगंज और टाटीसिलवे के नागरिकों ने भूतपूर्व सैनिकों के साथ मिलकर रविवार को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा लालगंज चौक से शुरू होकर ईईएफ मैदान टाटीसिलवे तक निकाली गयी। इसमें मुख्य संयोजक पूर्व कर्नल बिरेंद्र कुमार सिंह रहे। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा उपस्थित थे। उन्होंने तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा वीरगति को प्राप्त सैनिकों को श्रद्धांजलि और सेना के सम्मान में आयोजित की गई है। सेना का पराक्रम, त्याग और समर्पण सदैव प्रेरणादायी रहेगा। इस दौरान पूरे मार्ग में भारत माता की जय और भारतीय सेना अमर रहे के नारों से वातावरण गूंज उठा। लोगों ने तिरंगा लहराकर और सेना के जयघोष के साथ देशभक्ति की भावना को सजीव किया। इस गौरवपूर्ण यात्रा में पूर्व कर्नल समरेश कुमार सिन्हा, पूर्व कर्नल बीएन दुबे, पूर्व कर्नल नीलांबर झा, पूर्व कर्नल आनंद भूषण, पूर्व कर्नल अंजनी कुमार, कमांडर बिभाष चंद्र, लेफ्टिनेंट कमांडर नाहुश साही, पूर्व सैनिक संजीत सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, पूर्व सैनिक नागेश्वर महतो, मुखिया कृष्णा पहान, पूर्व मुखिया सोहन मुंडा, गिरधर मिश्रा, मधुसूदन पांडे इसके अतिरिक्त, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट्स गाइड्स और क्षेत्र के युवा बढ़-चढ़कर शामिल हुए।

# हर इंसान को एक उद्देश्य के साथ जीने और खुद को ढालने की जरूरत : शिल्पी

**माता मेरी बर्नादित्त प्रसाद किस्पोट्टा का जीवन समाज की सेवा के लिए समर्पित रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** सरगांव में ईश सेविका माता मेरी बर्नादेक्त प्रसाद किस्पोट्टा की 64वीं पुण्यतिथि पर आयोजित तीर्थ यात्रा में रविवार को राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी शामिल हुई। रांची महाधर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष विनसेंट आइंद विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर माता मेरी बर्नादेक्त प्रसाद किस्पोट्टा के जीवनकाल और सेवा पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया गया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि माता मेरी बर्नार्देत्त प्रसाद किस्पोट्टा का जीवन समाज की सेवा के लिए समर्पित रहा। आज जुबली वर्ष पर तीर्थ यात्रा के तौर पर उनके जीवनकाल को याद किया जा रहा है। हकीकत यह है कि हम सभी इस यात्रा में एक यात्री की तरह है जिसका समय निर्धारित है। हर एक इंसान को खुद के जीवन को एक उद्देश्य के साथ जीने और खुद को ढालने की जरूरी है। जैसा की माता मेरी बनार्देक्त प्रसाद किस्पोट्टा ने खुद को ढाला। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सेवा की राह को चुनना आसान नहीं है, बल्कि बहुत कठिन है। बावजूद उन्होंने इसी राह को चुना और शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में आदर्श बन कर स्थापित हुई। आधुनिकीकरण के दौर अपने लक्ष्य से भटकने के बजाय आज की पीढ़ी को अपने पुर्खो-पूर्वजों के इतिहास को समझने के साथ उसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। कहा कि संत अन्ना की बहनें इस दिशा में अच्छा काम कर रहीं हैं। इस मौके पर सी लिली ग्रेस, फादर अजित खेस, सुजाता कुजूर और अनिमा डांग आदि मौजूद थे।

## विभिन्न मांगों को लेकर रैयत-विस्थापितों ने निकाला मशाल जुलूस

# सड़क चौड़ीकरण के नाम पर रैयत-विस्थापितों को उजड़ने नहीं दिया जायेगा : पंकज शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** हटिया विस्थापित परिवार समिति के बैनर तले रविवार को विभिन्न मांगों को लेकर नयासराय आनी चौक से रेलवे फ्लाई ओवर नयासराय तक मशाल जुलूस निकाला गया। जिसमें हजारों विस्थापित रैयत शामिल हुए। मशाल जुलूस रेलवे फ्लाई ओवर तक जाकर समाप्त हुआ। इसके बाद सभा की गयी। जिसमें आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। अपने संबोधन में समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने कहा की सरकार बार-बार विस्थापितों के साथ अन्याय कर रही है विस्थापितों ने सरकार से उस समय के बाजार दर पर 10 डिसमिल जमीन खरीदी थी जिसका मालिकाना हक आज तक नहीं दिया गया। जिसे सरकार ने पुनर्वास का नाम देकर भोले-भाले आदिवासी मुलवासियों के साथ ठगी की। अब उन्हें बेदखल करने का प्रयास कर रही है। विस्थापित पहले ही गांव घर से उजाड़े जा चुके हैं। अब सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लोगों को फिर से बेघर एवं बेरोजगार करने का प्रयास किया जा रहा है। इस कोर केपिटल क्षेत्र में इतने सरकारी और गैर सरकारी संस्थान बने पर सरकार ने एक भी विस्थापित परिवार के सदस्यों को रोजगार नहीं दिया। लोग किसी तरह अपना जीवन यापन करने के लिए दुकान आदि खोलकर रोजगार चला रहे हैं। सरकार उसे भी छीनने का प्रयास कर रही है। जिसे कभी सफल होने नहीं देंगें। हमलोग अंतिम सांस तक आंदोलन जारी रखेंगें। वहीं, विस्थापित सह झामुमो नेता कलाम आजाद ने कहा कि सरकार पर हमें पूर्ण भरोसा है। सरकार ऐसा कोई भी फैसला नहीं लेगी जिससे यहां के आदिवासी मुलवासी को उजाड़ना पड़े। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यहां के विस्थापितों के प्रति काफी गंभीर हैं। विस्थापितों को न्याय कैसै मिले उस संदर्भ में चिंतित रहते हैं। इसलिए मुझे पूर्ण विश्वास है कि समय रहते मामले पर मुख्यमंत्री संज्ञान लेंगे और विस्थापितों के हित में फैसला करेंगे। उन्होंने मांग की कि शहीद मैदान एचईसी से नयासराय रिंग रोड तक सड़क चौड़ीकरण के नाम पर पुनर्वासित ग्राम नयासराय के लोगों बेघर ना किया जाय। कोर केपिटल क्षेत्र में सरकार की ओर से उपयोग की गई जमीन एवं विभिन्न गैर सरकारी संस्थान को गैर संवैधानिक ढंग से आवंटित भूमि का आवंटन रद्द किया जाय या आज के बाजार दर से रैयतों को मुआवजा का भुगतान किया जाय। कुटे आनि, तिरील, लाबेद मुड़मा सहित सभी गांव जो अधिग्रहण पूर्व से यथावत हैं उन्हें मालिकाना देते हुए राजस्व ग्राम घोषित किया जाय और खाली पड़ी जमीन रैयतों को वापस किया जाय। नगड़ी प्रखंड अंतर्गत उत्तरी टुण्डुल एवं दक्षिणी टुंडुल पंचायत को नगर निगम क्षेत्र में शामिल ना किया जाय एवं सभी गांव को यथावत रहने दिया जाए। वहीं, समिति के सचिव महावीर मुंडा ने कहा कि मशाल जुलूस ने साबित कर दिया की, विस्थापित एकजुट हैं। आने वाले समय में जोरदार संघर्ष करने के लिए तैयार हैं। वहीं, सभा को फिरोज अंसारी, लक्ष्मी मिर्धा, पंचू महतो, दीपक मुंडा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर तरुण शाहदेव, मनोज बैठा, अजीत शाहदेव, श्वेता उरांव, किरण देवी, अख्तर हुसैन, धीरंजय सहदेव, महावीर नायक, अंकित नायक, ऋषि सिंह देव, संतोष सहदेव, कालीचरण लोहार, अर्जुन महतो, अरूण महतो, सोमारी मुंडा, आशीष मिर्धा, मोहन महतो, जौहर अंसारी, राजेंद्र उरांव, अजय बैठा, आशीष वर्मन, रूस्तम अंसारी और तफ्फीजूल अंसारी आदि मौजूद थे।

# आर्यन ब्रदर्श को हरा कर महिलौंग 11 ने जीता 'ऑपरेशन सिंदूर कप' का खिताब



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे के इइएफ मैदान में आयोजित ऑपरेशन सिंदूर कप क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन रविवार को हुआ। 28 मई से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में महिलोंग 11 की टीम ने अंतिम ओवर में चौका मारते हुए आर्यन ब्रदर्स 11 को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि पूर्व कर्नल वीरेंद्र कुमार सिंह थे। फाइनल मुकाबले की शुरूआत राष्ट्रीय गान के साथ की गई। इस दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पूर्व कर्नल वीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह टूर्नामेंट हमारे देश के जवानों को समर्पित है। इस तरह के आयोजनों से युवाओं में खेल भावना जागृत होती है और समाज में देशभक्ति की भावना भी मजबूत होती है। दूसरी ओर, सबसे पहले रविवार को पहला सेमीफाइनल बेड़वारी 11 और महिलोंग 11 के बीच खेला गया, जिसमें महिलौंग 11 ने महज 5 ओवर में 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। दूसरा सेमीफाइनल आर्यन ब्रदर्स 11 और साल्हन 11 के बीच हुआ, जिसमें आर्यन ब्रदर्स ने 5 विकेट से जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच में दोनों टीमों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला। आखिरी ओवर के दूसरे गेंद पर महिलौंग 11 के खिलाड़ी ने चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई और टूर्नामेंट की विजेता बना दिया। विजेता टीम महिलोंग 11 को 31 हजार नकद, मेडल और बड़ी ट्रॉफी, जबकि उपविजेता आर्यन ब्रदर्स 11 को 21 हजार नकद, मेडल और छोटी ट्रॉफी प्रदान की गई। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष पंकज मिश्रा, पूर्व सैनिक नागेश्वर महतो, शिक्षक कुंदन कुमार, केडी सिंह, गिरधर मिश्रा, राजेश मिश्रा, मधुसूदन पांडे, सोनाराम महतो, धीरेंद्र त्रिपाठी, सुरेंद्र ठाकुर आदि थे।

# गगारी और पार टोली टुंडाहोली में भोक्ताओं ने बरसाये आस्था के फूल



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** गगारी और पारटोली टुंडाहोली में शनिवार रात को लगने वाला मंडा पूजा रविवार सुबह फूलखुंदी और झूलन के साथ संपन्न हुआ। वहीं, शनिवार रात शिव उपासक भोक्ताओं ने जलते हुए आग पर चलकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट किया। जबकि रविवार सुबह भोक्ताओं द्वारा झूलते हुए शिव आस्था के फूल बरसाए। जिसे पाने के लिए भक्त अपनी झोली फैलाए खड़े थे। मान्यता है कि भोक्ताओं द्वारा बरसाए गए फूल जिसकी झोली में मिलता है उस पर भोले बाबा की असीम कृपा होती है। दोनों गांवों में मंडा पूजा को सफल बनाने में मुखिया धनराज बेदिया, साधो उरांव, धनेस्वर महतो, जितेंद्र बेदिया, अध्यक्ष मदन बेदिया, सचिव दीगेश बेदिया, कोषाध्यक्ष राहुल महतो, राजेंद्र बेदिया, बिनोद बेदिया, रघु बेदिया, जगदीश महतो, संतोष बेदिया, प्रदीप उरांव, बल राम बेदिया, अनिल बेदिया, राम सेवक महतो, मुख्य अतिथि मुखिया रमेश बेदिया, पंसस रीना मुंडा, देव राज कुमार, रोशन नायक, उपाध्यक्ष बीरेंद्र मुंडा, रमेश करमाली, बनेश मुंडा, सुरेश मुखिया, हरिनाथ महतो, रासो देवी, शकुंतला देवी, हिना नायक आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# संजीवनी क्लासेस के विद्यार्थियों का इंटरमीडिएट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे के पुरुलिया रोड स्थित संजीवनी क्लासेस के विद्यार्थियों ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। संस्थान के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जिससे संस्थान में खुशी का माहौल है। संस्थान की मेधावी छात्रा पूजा कुमारी ने 437 अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। वहीं, निक्की कुमारी ने 426 अंक, सोनाली कुमारी ने 404 अंक और कृष्ण कुमार रजक ने 398 अंक अर्जित कर संस्थान की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया है। संस्थान के शिक्षक कुंदन कुमार, प्रेम रंजन शर्मा, सुमित केसरी, विद्याभूषण एवं कृति कुमारी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनायी एक किमी लंबी सड़क

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती बगदा गांव के ग्रामीणों ने रविवार को सरकारी उदासीनता से तंग आकर एक किलोमीटर लंबी सड़क को श्रमदान से बना दिया। जानकारी के अनुसार राजकीय प्राथमिक स्कूल बगदा से श्मशान घाट तक सड़क काफी जर्जर थी। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क खराब रहने से ग्रामीणों को काफी दिक्कत होती थी। शव यात्रा में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों द्वारा सांसद और विधायक सहित विभागीय अधिकारियों को कई बार लिखित आवेदन दिया गया, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला। मौके पर रूपलाल महतो,डॉ मदन,रेखा देवी,मनोज कुमार दीपक,कामदेव पाहन,मुन्नी देवी,सुनील कुमार,मुकेश कुमार समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# 'फिट इंडिया साइक्लोथॉन' का आयोजन

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के 'संडे ऑन साइकिल' के तहत 'फिट इंडिया साइक्लोथॉन' के तत्वाधान में रविवार को नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल की ओर से कांके ब्लॉक चौक से होचर रिंग रोड तक साइकल रैली का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षकण सहित अन्य शामिल हुए। प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि फिट इंडिया अभियान स्वस्थ और फिट भारत की ओर एक यात्रा है। जिसकी पहल केंद्रीय मंत्रालय ने की है। विद्यालय ने जागरूकता फैलाने का सक्रिय प्रयास किया है।

# केंद्र सरकार हमारे अधिकारों और बोलने की स्वतंत्रता को छीनने का प्रयास कर रही है : चैतु

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** स्थानीय परिसदन भवन के सभागार में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में संविधान बचाओ रैली की तैयारियों पर समीक्षा बैठक अयोजित हुई। आगामी 10 जुन को इस रैली की सफलता की तैयारी हेतु समन्वय समिति के सदस्य बैठक में शामिल हुए। बैठक में चैतु उरॉव ने कहा कि सरना धर्म कोड, वक्फ बिल संसोधन,ओबिसी समुदाय को 27 पर्सेंट आरक्षण, गुमला जिला के लोकल मुद्दों पर साथ ही साथ वर्तमान भाजपा केन्द्र सरकार ने जिस प्रकार से हमारे संविधान प्रदत हक एवं अधिकारों को बोलने की स्वतन्त्रता को छिनने का प्रयास किया है। दलित-आदिवासी एवं पिछड़ो के आरक्षण को समाप्त करने की मंशा पास रखी है। वोट के खातिर आज देश-धर्म निरपेक्षता जो संविधान का मूल रूप से है को तार-तार कर देश की एकता एवं अखंडता को कमजोर करने का प्रयास किया गया है. साथ ही संविधान को मजबूत प्रदान करने वाली स्वतन्त्र संस्थाओं यथा इडी, आइटी, सीबीआई एवं चुनाव आयोग इत्यादि संस्थाओं की स्वतन्त्रता छीनकर दुरुपयोग किया जा रहा है। नेशनल हेराल्ड के झूठे केस में आदरणीय राहुत्र गांधी एवं श्रीमती सोनिया गांधी को फसाना इसका ताजा उदाहरण है। अब तो सारी सीमाओं को लांघ कर न्यायपालिका को भी डराया धमकाया जा रहा है। ये सारे घटनाक्रम इंगित करता है कि भाजपा नीति की सरकार सुनियोजित तरीके से संविधान को दर किनार कर देश में तानाशाही शासन स्थापित करना चाहती है और इस देश में फिर से एक बार मनुवाद यानी बाबा साहेब के संविधान के बदले मनुस्मृति लागू करना चाहती है। इस देश में लम्बे संघर्ष ,त्याग,बलिदान एवं कुवार्नी के बाद सम्पूर्ण आजादी एवं अपने संविधान को कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में पाया है। इसे बचाने के लिए हम संघर्ष करेंगे। इस मनुवादी तानाशाही को रोकने हेतु 10 जुन 2025 दिन मंगलवार को एस एस हाई स्कूल रोड कांग्रेस कार्यालय परिसर गुमला में विशाल रैली का आयोजन हो रहा है। आप सभी से अपील है कि 10 जून 2025 मंगलवार को पूर्वाहन 11 बजे संविधान बचाओ रैली में उपस्थित होकर इस लड़ाई में अपना योगदान दे। रैली में जिला से हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहेंगे।

# तेलगांव में पैसा और मोबाइल छीनकर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलगांव में शनिवार की रात 8 बजे सतपारा घट्टा निवासी 19 वर्षीय भूपेंद्र भगत एक व्यक्ति का बटुआ छीनकर भागने का प्रयास किया इसके बाद ग्रामीण उसे गांव में पकड़ लिए और जमकर धुनाई की जिसके बाद गुमला पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक तेलगांव निवासी सुरेश प्रधान गुमला शहर के जीतपाहन चौक के पास ठेला लगाकर चना बेचने का काम करता है कार्य समाप्त कर अपने घर लौट रहा था तभी बाघमारा मोड़ के पास एक युवकों उसे मिला और दोनों बातचीत करते हुए गांव की ओर आने लगे। जैसे ही सुरेश अपने घर के पास पहुंचा और अपनी बेटी को सामान अंदर करने के लिए बोला इसके बाद अपने गले से बटुआ निकाल कर बेटी को देने लगा तभी मौका पाकर युवक बटुआ छीनकर भागने लगा। इसके बाद सुरेश चोर चोर चिल्लाने लगे। आसपास मौजूद युवकों ने खदेड़कर कर आरोपी को पकड़ा इसके बाद उसकी जमकर धुनाई की गयी और पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं आरोपी युवक ने बताया वह अपने पिता का बाइक लेकर घर से निकला था डांट और मार खाने के डर से वह बाइक घर में रखकर घर से भाग गया। उसने बताया कि उसे भूख लगी थी और उसके पास पैसे भी नहीं थे जिसके कारण उसने चोरी की। बटुआ में करीब 1500 रुपये और मोबाइल था।

# मिस्सा अनुष्ठान संपन्न, 78 बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया



**जारी (आजाद सिपाही)।** संत थॉमस अक्विनास कैथोलिक चर्च जरमाना में रविवार को 78 बच्चों ने पहला परम प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अधिष्ठाता के रूप में फादर लौरेन्स टोप्पो और फादर निरंजन एक्का ने मिस्सा अनुष्ठान संपन्न किया। मिस्सा के पश्चात सभी बच्चों को परम प्रसाद दिया गया साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों ने जीवित प्रभु यीशु को रोटी और दाखरस के रूप में स्वीकार किया। अपना जीवन प्रभु यीशु को समर्पित किया उन्होंने कहा कि परम प्रसाद ग्रहण करने के बाद बच्चों को प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलते रहने को तैयार रहना चाहिए उन्होंने कहा कि परम प्रसाद ग्रहण करने वाले बच्चों में पवित्र आत्मा का वास होता है तथा वह सदाचार को जीवन में अपनाते हैं उन्होंने बच्चों को अपने माता-पिता की बात मानने को भी कहा बच्चों को परम प्रसाद ग्रहण करने तथा अनुष्ठान करने मे ग्रामीणों का सहयोग रहा।मौके पर खीस्तीय विश्वासी उपस्थित थे।

# गुमला में मनाया गया फिट इंडिया साइक्लिंग ऑन संडे




**गुमला (आजाद सिपाही)।** आगामी 03 जून को विश्व साइकिल दिवस पर फिट इंडिया मिशन के तहत रविवार को फिट इंडिया साइक्लिंग ऑन संडे मनायी गयी। इस अवसर पर रविवार के विशेष संस्करण के आलोक में गुमला जिला अंतर्गत संचालित आवासीय, डे बोर्डिंग, क्रीड़ा किसलय, खेलो इंडिया प्रशिक्षण केंद्रों के खिलाड़ी, प्रशिक्षकों, खेलप्रेमी एवं आमजनों ने 'फिट इंडिया साइक्लिंग ऑन संडे' के तहत तिरंगा साइक्लिंग रैली के द्वारा लोगों को फिट रहने का संदेश दिया। फिट रहने के लिए सप्ताह एक दिन साइक्लिंग के लिए लोगों से अपील की गयी। बता दें कि अभियान संडे ऑन साइकिल ने एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले लिया है। उक्त अभियान से आम जनों को मोटापा, तनाव मुक्त एवं बेहतर हृदय स्वास्थ्य जैसे लाभों के विषय में जागृत किया जायेगा। साईकिल चलाना प्रदूषण को कम करने के लिए एवं पर्यावरण अनुकूल समाधान के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

# मालवाहक और बाइक की टक्कर में दो घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के नवडीहा पुल के समीप चार चक्के मालवाहक वाहन और मोटरसाइकिल के सीधी टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में लातेहार होटवार निवासी अभिमन्यु कुमार पासवान और मनीता कुमारी के नाम शामिल है। दोनों घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहाँ चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु दोनों को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार अभिमन्यु और मनीता मोटरसाइकिल पर सवार होकर नेतरहाट घूमने गए थे और लौटने के क्रम में नवडीहा पुल के समीप विपरीत दिशा से आ रहे चार चक्के मालवाहक वाहन से सीधी टक्कर हो गयी जिससे मोटरसाइकिल सवार दोनों घायल हो गये घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच मामले की छांव में जुट गयी है।

# बाइक की टक्कर से वृद्ध महिला घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के तुरियाडीह गांव निवासी 62 वर्षीय बंधु उरांव बाइक के टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में इलाज के उपरांत उसे शनिवार की रात 10 बजे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वृद्ध सेहल बाजार से पैदल ही अपने घर लौट रहा था तभी तुरियाडीह और गुरिया डीह के बीच टंगरा के पास एक बाइक सवार उसे टक्कर मार दिया। घटना में सेहल बरटोली निवासी सागर महतो भी बाइक से गिरकर घायल हो गया। उसे की चोट लगी है जबकि वृद्ध को हाथ पैर और सिर में गंभीर चोट लगी है। घटना में उसका एक पैर भी टूट गया। सदर अस्पताल में इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया कि पैर का ऑपरेशन करना होगा। इधर बाइक सवार सागर महतो लरंगों बाजार से अपने घर लौट रहा था।

# मिशन बदलाव ने दो भाइयों के विवाद को ग्रामीणों की मदद से सुलझाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मिशन बदलाव की टीम एवं ग्रामीणों की संयुक्त बैठक कांसिर जामटोली में आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत, मिशन बदलाव चेन्नई के संस्थापक अंजना टोप्पो एवं पूर्व मुखिया रामदेव बहराइच की संयुक्त अध्यक्षता में हुई। मिशन बदलाव के समक्ष दो भाइयों ने अपनी जमीन संबंधित विवाद का निपटने को लेकर एक सप्ताह पूर्व मिशन बदलाव को आवेदन दिया था। आवेदन में बताया गया था उनकी पुश्तैनी जमीन लगभग 7 एकड़ को लेकर दो भाइयों केबीच लगातार विवाद हो रहा है। आपसी परिवार और सदस्यों के संबंधों में कड़वाहट बढ़ती जा रहा है। मिशन बदलाव सदस्य सोनमती कुमारी के नेतृत्व में आम ग्रामीणों की बैठक हुई । ग्रामीणों ने स्पष्ट पूर्वक बताया कि दोनों भाइयों के जमीन विवाद से गांव के आपसी रिश्ते में भी कड़वाहट होती जा रही है। मिशन बदलाव की बैठक में ग्रामीणों की सहमति से दोनों भाइयों के विवाद को शांतिपूर्वक सुलझाया गया दोनों भाइयों ने जीवन भर प्रेम से रहने में सहमति जताई। आगामी एक साल में जैसे ही धान कटनी हो जाएगी आपसे प्यार और समझौता से दोनों भाई बराबरी बराबरी जमीन का बंटवारा कर लेंगे। और हंसी-खुशी के साथ जीवन व्यतीत करेंगे। मिशन बदलाव को इस लड़ाई के समाधान के लिए आमंत्रित किया गया था और मिशन बदलाव की पूरी टीम को धन्यवाद दिया। मौके पर जामटोली के ग्रामीणों के साथ साथ मिशन बदलाव के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार साहू, मिशन बदलाव सदस्य भूषण सिंह, अमित सिंह,सागर तिर्की, अंजू टोप्पो, सोनमती कुमारी, कौशल्या कुमारी पार्वती सिंह, बाल गोविंद सिंह, राम सकल, रविंद्र सिंह, नवीन सिंह ,बरातु सिंह साहित कई लोग उपस्थित थे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर डीएवी के एनसीसी कैडेटों ने चलाया जागरूकता अभियान




**गुमला (आजाद सिपाही)।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर 46 झारखंड बटालियन एनसीसी डीएवी गुमला की सीनियर विंग (ओपन) कैडेट ताशा झा ने पोस्टर एवं स्वरचित कविता के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। 46 झारखंड बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पीबी शर्मा ने कहा कि विविध जागरूकता अभियानों में एनसीसी कैडेट महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एनसीसी का उद्देश्य राष्ट्र और समाज के प्रति जागरूक नागरिक तैयार करना है। डीएवी गुमला प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने कहा कि तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से हमें सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी को बचाना है क्योंकि वे इसके भ्रामक विज्ञापनों से इसकी तरफ जल्द ही आकर्षित हो जाते हैं। सहायक एनसीसी अधिकारी सेकेंड आफि सर अभिजीत झा ने कहा कि तंबाकू के सेवन से व्यक्ति न सिर्फ.धीरे धीरे अपने शरीर को नष्ट करता है बल्कि यह पूरे परिवार को तबाह करता है। इसलिए हमारे कैडेट न सिर्फ.अपने परिवार को बल्कि अपने आस पास के कम से कम पाँच परिवारों को इस संदर्भ में जागरूक कर रहे हैं।

# बनारी के कैथोलिक चर्च में 230 बच्चों का दृढ़ीकरण संस्कार संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** प्रखंड के बनारी स्थित कैथोलिक चर्च में रविवार को यीशु मसीह के स्वर्ग रोहन पर्व के अवसर पर डी डी गुमला धर्म प्रांत के धर्माअध्यक्ष स्वामी विशप डॉ लिनुस पिगंल एक्का के उपस्थिति में प्रखंड क्षेत्र के 230 बच्चें बच्चियों ने दृढीकरण संस्कार एवं 93 को प्रथम परम प्रसाद संस्कार ग्रहण किया। इससे पूर्व पूर्व विशप के अगुवाई में विभिन्न धार्मिक विधियों के बीच पवित्र मिस्सा पूजा की गयी। विशप ने आशीर्वचन में कहा कि ईश्वर भोजन के रूप में परम प्रसाद देते हैं। ईश्वर कहते हैं कि मैं स्वयं रोटी हूं। अर्थात मनुष्य भोजन के रूप में जो ग्रहण करता है वह मैं ही हूं। परम प्रसाद में मेमना को बलि चढ़ाया जाता है। परमपिता परमेश्वर के प्रिय पुत्र यीशु मसीह ने अपने जीवनकाल में स्वयं का बलिदान एक मेमना के रूप में देकर मानव जाति का उद्धार करने का काम किये। परम प्रसाद ईश्वर और मनुष्य को जोड़ने का एक विधान है। जिस प्रसाद को मनुष्य ग्रहण करते हैं वह प्रसाद स्वयं ईश्वर है। जब प्रसाद को ग्रहण करते हैं तो, ईश्वर को ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा दृढीकरण संस्कार के बाद, व्यक्ति को आत्मिक युवावस्था में प्रवेश करने और अपने विश्वास को मजबूत बनाने की शक्ति प्राप्त होती है, जिससे वह दुनिया में अपने विश्वास को साहसपूर्वक व्यक्त कर सके। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि अभी आप सभी बच्चे धीरे-धीरे परिपक्व होंगे तो, समाज के प्रति आपकी जिम्मेवारी बढ़ेगी आप केवल अपने घर और परिवार के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण कलीसिया के लिए हैं। इस मौके पर फादर जस्टिन, जार्ज, समीर सुमन पास्कल अजय सिस्टर अनीता बालेश्वर खाखा फ्लिप कुजूर सुनील मिंस निर्मल सहित सैकड़ों की संख्या में खीस्त विश्वासी उपस्थित थे।

# तिलसीरी गांव में नल जल योजना विफल दूर से पानी लाने के लिए ग्रामीण विवश

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड के तिलसीरी गांव में तेजल की समस्या को लेकर ग्रामीण काफी परेशान है। लोग 1 किलोमीटर दूर कुआं का पानी लाकर पीने को बिवस है। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में हर घर नल से जल पहुंचने की योजना पूरी तरह विफल है,एक सोलर पानी टंकी 15वे बीत के योजना से लगी हुई है। जिससे लोगों की पानी की आपूर्ति पूरी नहीं हो पाती है। जबकि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से एक सोलर पानी टंकी का स्ट्रक्चर विगत पांच महीने पूर्व खड़ा किया गया है।लेकिन अब तक पानी की सप्लाई उससे नहीं की जा रही है। गांव के 50 घरों के लोग करीब 1 किलोमीटर दूर कुआं से पानी लाते हैं। जिससे उनकी दिनचर्या चल रही है। इस बाबत जनप्रतिनिधि और ठेकेदार को भी मौखिक रूप से कई बार कहा गया लेकिन कोई भी पहल नहीं किया गया। प्रातः उठकर 1 किलोमीटर दूर बच्चे बूढ़े पुरुष और महिलाओं को पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करना पड़ता है। पानी की समस्या से लोग काफी परेशान हैं। वही ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से उक्त समस्या को दूर करने का आग्रह किया है।

इस बाबत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की कनीय अभियंता शोएब अख्तर से दूरभाष पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सोलर पानी टंकी जो अधूरा है।उसे संबंधित ठेकेदार को कहकर जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा।ताकि लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिल सके।

# हड्डी रोग विशेषज्ञ सात को गुमला में

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड एवं रांची के हड्डी, रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क रोग व नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार,₹ न्यूरो सर्जन₹ शनिवार यानी 7 जून को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें हड्डी में दर्द, हड्डी का कनकनाना, कमजोर हड्डी आदि से संबंधी रोगियों की जांच की जायेगी।

## स्पोर्ट्स



देशभर की 12 टीमें लेंगी हिस्सा। इंटरनेशनल टेनिस क्रिकेट सीरीज के लिए खिलाड़ियों का होगा चयन।

# पानीपत में 4 से होगा छठा टेनिस क्रिकेट फेडरेशन कप

आजाद सिपाही संवाददाता



**पानीपत/ हरियाणा।** ड्रीम लीग ऑफ इंडिया (डीएलआई) के तत्वावधान में छठा टेनिस क्रिकेट फेडरेशन कप 4 जून से पानीपत में खेला जायेगा। दिन-रात के प्रारूप में होने वाला यह टूर्नामेंट 6 जून तक चलेगा। इस तीन दिवसीय टूर्नामेंट में देशभर की 12 टीमें हिस्सा लेंगी।

टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीसीएआइ) के अध्यक्ष कन्हैया गुर्जर ने बताया कि यह फेडरेशन कप इंटरनेशनल टेनिस क्रिकेट फेडरेशन (आइटीसीएफ) की सदस्य संस्था टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीसीएआइ) की ओर से आयोजित किया जा रहा है। रूस और पोलैंड के खिलाफ इंटरनेशनल टेनिस क्रिकेट सीरीज में शामिल होने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ियों का चयन इसी फेडरेशन कप से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह टूर्नामेंट टेनिस क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। फेडरेशन कप के बारे में ड्रीम लीग ऑफ इंडिया के चीफ स्ट्रैटेजिस्ट चेतन्य नंदा ने कहा कि हम फेडरेशन कप में आने वाली प्रतिभाओं को देखने के लिए बहुत उत्सुक हैं। हम टेनिस क्रिकेट के भविष्य में विश्वास रखते हैं और यह कप अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को तैयार करने और निखारने की दिशा में एक सटीक कदम है। उन्होंने आगे कहा कि इस लीग में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को टेनिस क्रिकेट बॉल वर्ल्ड कप और एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया दो श्रेणियों जूनियर (13-18 वर्ष) और सीनियर (18 प्लस) में आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक श्रेणी में 6 फ्रेंचाइजी शामिल होंगी। इसमें खेलने के लिए खिलाड़ी खुद को आधिकारिक वेबसाइट या स्टार्जपिट ऐप पर पंजीकृत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूरे देश के कई जिलों और केंद्रों में 1,500 से अधिक प्रमाणित कोचों की निगरानी में खुले और निष्पक्ष ट्रायल्स आयोजित किए जायेंगे। आईटीसीएफ के जुड़ाव के चलते बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अवसर भी मिल सकते हैं।

# ऑटो और बाइक की टक्कर में युवक घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बड़ा ट्रांसफार्मर के समीप टेंपो और मोटरसाइकिल की सीधी टक्कर में मोटरसाइकिल सवार लोदाम टंगराटोली निवासी मेंहताब खान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंची। वहीं थाना के एसआई मनीष कुमार अपने सरकारी निजी वाहन पर घायल को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचा या। जहां घायल का चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया और गंभीर स्थिति को देखते हुए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार एक टेंपो ब्लू रंग का लोहरदगा की ओर से थाना की ओर जा रहा था। वही विपरीत दिशा से मोटरसाइकिल सवार मेहताब खान लोहरदगा हिसरी गांव जा रहा था। इसी क्रम में दोनों के आपस में सीधी टक्कर हो गयी।

# झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जिला महासचिव विनय कुमार साहू उर्फ बंटी के निर्देश अनुसार इंदौर स्टेडियम गुमला में जिला मीडिया प्रभारी राजेश साहू की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक रखा गया। जिसमें पार्टी के मजबूती और आगामी 2029 विधानसभा चुनाव की तैयारी कैसे हो इस पर विचार विमर्श किया गया।

झारखंड प्रदेश के युवा मोर्चा अध्यक्ष सनी संदीप तिग्गा ने कहा कि गुमला जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्र में कार्यकताओं को सक्रिय रूप से बढ़-चढ़कर काम करने की आवश्यकता है। दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडलीय महामंत्री पंचम एक्का ने कहा कि वर्तमान सरकार आदिवासी बहुल क्षेत्र में ग्रामीण स्तर पर शराब की दुकान खोलकर लोगों को बेसुध करने में लगी है। जिला महासचिव विनय कुमार साहू ने कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर है इस पर आवाज उठाने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष रघुनंदन उरांव ने कहा कि जिला के तीनों विधानसभाओं के सभी प्रखंडों में पार्टी को मजबूत किया जायेगा और आगे की रणनीति को तैयार किया जायेगा।

इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश जेएलकेएम पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सनी संदीप तिग्गा, दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल के महामंत्री पंचम एक्का, झारखंड प्रदेश सचिव अनूप फ्रांसिस कुजूर, जिला अध्यक्ष रघुनंदन उरांव, जिला महासचिव विनय कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष मनोज चिक बड़ाइक,फिरोज आलम अंसारी, सचिव सलिंद्र उरांव, कोषाध्यक्ष भक्त सरोज साहू, जिला मीडिया प्रभारी राजेश साहू तथा सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित हुए।

### झारखंड के तीसरे सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच की कुव्यवस्था

# मरीज गंदे चादरों पर सोने को मजबूर

## 400 से अधिक मरीजों के बेड पर तो प्रतिदिन चादर तक नहीं बदले जाते

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड के तीसरे सबसे बड़े सरकारी अस्पताल शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) की कुव्यवस्था का खामियाजा यहां आने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। अस्पातल की हालत बेहद खराब है। यहां उपचार के लिए आने वाले मरीजों को इस्तेमाल के लिए गंदे और मैले-कुचैले चादर दिये जाते हैं।ऐसा इसलिए क्योंकि एसएनएमएमसीएच के लॉन्ड्री में चादरों की सफाई की व्यवस्था 15 वर्ष पुरानी तीन मशीनों पर ही निर्भर हैं। समय के साथ मशीनें पुरानी होने के साथ जर्जर भी हो चुकी हैं, जो चलते-चलते बंद हो जाती हैं। मशीनों का कंप्रेशर खराब हो गया है। इस वजह से कपड़ों की सफाइ में घंटों समय लगता है। कई बार तो ठोक-पीट कर इनसे कपड़ों की धुलाई की जाती है।



एसएनएमएमसीएच में बेड पर अस्त-व्यस्त पड़ी गंदी चादरें।

### प्रतिदिन बेड से नहीं बदली जाती चादरें

एसएनएमएमसीएच के लांड्री में चादरों की धुलाई के लिए तीन मशीनें उपलब्ध है। एक मशीन की क्षमता 50 चादर धोने की है। जबकि दूसरे की 25 और तीसरे मशीन की क्षमता 35 चादरों की धोने की है। कुल मिलाकर तीनों मशीनों से 110 चादरों की धुलाई हो सकती है, जबकि अस्पताल में कुल बेड की संख्या 570 है। यही कारण है कि 400 से ज्यादा मरीजों के बेड पर प्रतिदिन चादर नहीं बदली जाती है। वहीं, लांड्री के कर्मियों की मानें तो मशीनें पुरानी होने की वजह से उसका कंप्रेशर कमजोर हो गया है। इस कारण मशीनों में कपड़े डालने के बाद धीरे-धीरे सफाइ होती है। इसके बाद इसे सुखाने में भी समय लगता है। इस प्रक्रिया में ही पूरा दिन निकल जाता है।

### कई वार्डों में तीन-चार दिनों में बदला जाता है चादर

**एसएनएमएमसीएच में बेड के अनुसार चादरों की संख्या पर्याप्त है। लांड्री में कपड़ों की धुलाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कई वार्डों में तीन से चार दिन पर मरीज के बेड की चादरों को बदला जाता है। यह वैसे वार्ड है, जहां अस्पताल के वरीय अधिकारियों का आना-जाना कम होता है। खासकर सर्जरी, बर्न वार्ड सहित अन्य जगहों पर मरीजों के बेड पर चादर दिया ही नहीं जाता। मरीजों द्वारा चादर मांगने पर ही उपलब्ध कराया जाता है। अस्पताल के कई वार्ड में मजबूरी में मरीज अपने घर से चादर लाकर काम चलाते हैं। इस बात पूछे जाने पर वरीय प्रबंधक का कहना है कि लांड्री की मशीनें पुरानी हैं। इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को है। लांड्री के कर्मियों से मशीनों के साथ मैनुअल तरीके से कपड़ों की सफाइ का निर्देश दिया गया है। प्रबंधन नयी मशीन खरीदने पर विचार कर रहा है। जल्द ही इसका प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय को भेजा जायेगा।**

# बोकारो में हुए लूटकांड का 48 घंटे में उद्भेदन, चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंद्रापुरा/बेरमो।** चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन के पास हुए लूटकांड की गुत्थी को पुलिस ने 48 घंटे में सुलझा दिया है। यही नहीं लूटकांड में शामिल चार बदमाशों को भी गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने दी है। वे रविवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 48 घंटे के अंदर घटना में संलिप्त चार बदमाशों को पकड़ने के साथ ही लूट गए फोन एवं घटना में इस्तेमाल दो बाइक और चाकू भी बरामद कर लिया गया है।



### ये है मामला

पश्चिम बंगाल के कोलकता के भुलास रोड़, क्लाउड 9 अपाटमेंट निवासी परवेज आलम के पुत्र हसनैन आमल ने गुरुवार को चंद्रपुरा थाना में आवेदन देकर लूटपाट की शिकायत की थी। बताया था कि 29 मई को कोलकता से धनबाद आने के दौरान उसे गहरी नींद आ गई थी। जब नींद खुली को ट्रेन चंद्रापूरा जक्शन पहुंच चुकी थी। वह सुबह 10.30 बजे चंद्रपुरा स्टेशन पर उतरा और धनबाद जाने के लिए गाड़ी का इंतजार करने लगा। इसी बीच दोपहर 12.20 बजे काला रंग का सर्ट पहने एक व्यक्ति उसके पास आया और कहा कि वह 150 रुपये में उसे धनबाद पहुंचा देगा। इसके बाद वह उसके साथ चंद्रपुरा स्टेशन से बाईक पर बैठ गया। उसका बाइक बिना नम्बर प्लेट की काले रंग की थी। बाइक स्टेशन से करीब दो-तीन किलोमीटर दूर जाकर सुनसान सड़क पर खड़ी कर दी। जहां पहले से ही उसके तीन साथी घात लगाकर इंतजार कर रहे थे। सभी ने उसे घेर लिया और उसका फोन, पर्स जिसमें 2000 रुपये थे। उसमे ड्राइविंग लाइसेंस, उसका, पत्नी एवं बहन का आधार कार्ड, बैंक का क्रेडिट कार्ड और सात डेबिट कार्ड था, जिसे छीन लिया। यही नहीं, धमकी दी कि शोर मचाने पर जान से मार दिया जाएगा। इसके बाद सभी वहां पहले से खड़ी एक अन्य बाइक पर बैठ कर सभी भाग गये। वह घटना से काफी डर गया था। इसलिए बाइक का नंबर नहीं देख सका। बाद में अपने घर वालों के साथ जाकर थाना में आवेदन दिया। इस आवेदन के आधार पर चंद्रपुरा थाने में चार अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। दूसरी ओर, चंद्रपुरा थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने त्वरित कारवाई करते हुए मामले में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया और सभी सामान भी बरामद्ग कर लिया। कहा कि किसी भी हाल में अपराध को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। लोगों को कोई परेशानी हो तो तुरंत थाना पहुंचे। पुलिस को जानकारी दे इससे समय रहते कार्यवाई कर आरोपितों को पकड़ा जा सके।

# नहाने गये दो युवकों की मौत

- एक का शव बरामद, दूसरे की तलाश जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के मौहलबनी घाट में रविवार की दोपहर नहाने गये दो युवकों की नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान शिवम मल्लिक और अविनाश मल्लिक के रूप में हुई है। दोनों सिंदरी के कांड्रा के रहने वाले थे। इनमें से एक का शव बरामद हो गया है, जबकि दूसरे की तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक परीक्षा पास होने की खुशी में पांच दोस्त नदी में नहाने गये थे। पर नहाने के दौरान गहरायी में चले जाने के कारण शिवम मल्लिक और अविनाश मल्लिक डूब गए। उनके साथ आएये तीन दोस्तों ने उन्हें बचाने की भरसक कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। उधर, युवकों का शोर सुनकर स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंच गयी। कड़ी मशक्कत के बाद खोजबीन के दौरान एक युवक का शव बरामद कर लिया गया, जबकि दूसरा अब भी लापता है। समाचार लिखे जाने तक स्थानीय लोगों के नेतृत्व में रेस्क्यू अभियान जारी है। दूसरी ओर, इंडियन मेडिकल काउंसिल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित सिंह ने इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से मांग की कि आये दिन ऐसी घटना होती रहती हैं। इस लिए घाट के आसपास पुलिस की चौकस रहनी चाहिए। उन्होंने गोताखोरों का संपर्क सूत्र सार्वजनिक करने की भी मांग की। वहीं, देश रक्षक विचार मंच के धनबाद जिला अध्यक्ष ने अवैध बालू खनन करने वाले बालू माफिया पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। कहा कि बालू खनन से दामोदर नदी का ढांचा बिगड़ गया है कितनी गहराई हैं समझ ही नहीं आता है। इसी कारण इस तरह की घटनाएं हो रही है।

# बोकारो-गिरिडीह जिले के कुख्यात असगर को कतरास पुलिस ने दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बोकारो एवं गिरिडीह जिले में डकैती कांड के वर्षों से फरार चल रहे कुख्यात असगर अंसारी को कतरास पुलिस ने शनिवार की रात गिरफ्तार कर लिया। वह कतरास तेलियाबांध के निकट का रहने वाला है। कतरास के थानेदार असित कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने रात में जाल बिछाकर गिरफ्तार किया। वह अंतरप्रांतीय गिरोह का मास्टरमाइंड भी है। कतरास थानेदार सह इंसपेक्टर असित कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई कर असगर अंसारी को गिरफ्तार किया गया। उसका पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। असगर कतरास इलाका छोड़कर बोकारो और गिरिडीह जिलों में अपराधिक घटनाओं को अंजाम देता था। वह अंतर प्रांतीय गिरोह का सरगना भी है। धनबाद जिले से बाहर जाकर कहीं भी अपराधिक घटना को अंजाम देता है। असगर अंसारी अपनी पत्नी के साथ टोटो में सवार होकर भाग रहा था। हालांकि इसकी भनक कतरात पुलिस को लग गयी। जैसे ही वह बाजार में पहुंचा उसे पकड़ने के लिये चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल सादे लिबास में तैनात कर दिये गये। इस मिशन में कतरास थाना के निर्भय सिंह, सत्येन्द्र चौबे और धनंजय सिंह सहित अन्य पुलिस बलों ने अहम भूमिका निभाई। कतरास पुलिस गिरफ्तार असगर को बोकारो पुलिस को सौपेंगी जहां उससे पूछताछ की जाएगी।



# रंगदारी नहीं मिली तो उखाड़ दी 1100 मीटर सड़क

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** भवन प्रमंडल विभाग की ओर से खास झरिया शिव मंदिर से गोपालीचक तक बनाये जा रहे सड़क को रंगदारी नहीं मिलने पर असामाजिक तत्वों द्वारा उखाड़ दिये जाने का मामला सामने आया है। ठेकेदार से रंगदारी न मिलने पर आधा किलोमीटर तक बनी लंबी नवनिर्मित सड़क को उखाड़ दिया गया। ठेकेदार श्रवण दास का आरोप है उपेंद्र सिंह ने सड़क निर्माण कार्य के दौरान रंगदारी मांगी थी। नहीं देने पर उपेंद्र सिंह ने अपने लोगों के साथ मिलकर सड़क को छतिग्रस्त करवा दिया। इससे करीब 15 से 16 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। ठेकेदार ने उपेंद्र के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। उधर, प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो सड़क एक छोर से दूसरे छोर को जोड़ती है, लेकिन झरिया में उसे क्षतिग्रस्त कर दिया है। स्थिति देख ये अनुमान लगाया जा रहा है कि जेसीबी से क्षतिग्रस्त किया गया है।



बतातें चलें कि भवन प्रमंडल विभाग की ओर 34 लाख रुपये की राशि से 2700 फिट सड़क बनाया जाना था। यह काम जय मां दुर्गा ट्रेडर्स को मिला था। ठेकेदार श्रवण दास का आरोप है उपेंद्र सिंह ने रंगदारी नहीं देने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। इसके बाद ही बदले की भावना ने सड़क को छतिग्रस्त करवा दिया गया। कांट्रेक्टर की मानें तो 1100 मीटर सड़क की शनिवार को ही ढलाई हुई थी। जिसमें टेंडर की 50 फीसदी राशि विभाग की ओर से उन्हें दी जाती। उससे पहले ही सड़क को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। उधर, इसकी सूचना भवन प्रमंडल विभाग के अधिकारियों को दी गई। जिसके हाद भवन प्रमंडल विभाग के एसडीओ और जेई सड़क निर्माणअधीन स्थल पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का जायजा लिये और पूरे प्रकरण की जांच करवा कर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का भरोसा दिया। दूसरी ओर, उपेंद्र सिंह के भाई शैलेंद्र सिंह ने आरोप को निराधार बताया है। कहा कि इस सड़क को बनवाने के लिए सबसे अधिक तत्परता हमारी ओर से ही दिखाई गई थी। रंगदारी मांगने का आरोप भी गलत है। वहीं, पीड़ित की ओर से झरिया थाना में आवेदन देकर जान माल की रक्षा की गुहार लगाई है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 87 लोगों की हुई जांच

धनबाद (आजाद सिपाही)। जगजीवन नगर, मानस मंदिर के समीप रविवार को ओम वेलनेस सेंटर की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 87 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। इस दौरान उनका इलाज नयूरोथेरेपी पद्यति से निःशुल्क किया गया। जो स्लिप डिस्क, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, फ्रोजन सोल्जर, घुटने का दर्द कमर दर्द, फ्रोजन सोल्डर से जो भी ग्रसित थे। सभी को स्वस्थ रहने की सलाह भी दी गयी। डॉ रवि शर्मा ने बताया कि भविष्य में यदि किसी मरीज जो जटिल रोगों से पीड़ित है मोबाइल नंबर 8409595966 पर संपर्क कर इलाज का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस शिविर में ईश्वर सोशल वेलफेयर के सचिव डॉ अमन कुमार, मुन्नालाल श्रीवास्तव, डॉ मंतोष कुमार, डॉ रवि शर्मा, डॉ नीलेश आनंद, उमाशंकर तिवारी, दीपक तिवारी, गौतम कुमार दे, अनिल कुमार, वागिश एवं पीयूष, लखन, संजय चक्रवर्ती आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

# झारखंड आंदोदलकारियों को स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा दे सरकार : सदानंद

**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** मानगो चौक गोमो रोड स्थित स्वर्गीय भवानी प्रसाद महतो की पुण्यतिथि मनाई गई। स्वर्गीय भवानी महतो झारखंड, आंदोलनकारी आजसू के संस्थापक सदस्य थे। उन्होंने आजसू एवं झारखंड आंदोलन का नेतृत्व प्रमुख रूप से किया था। वह बड़े ही सरल स्वभाव के थे। आंदोलन के दौरान कई बार जेल भी गये। दर्जनों सामाजिक कार्य उनके समय पर हुए हैं। रविवार को सबसे पहले उनकी पत्नी तारा देवी ने माल्यार्पण की। इसके बाद बारी-बारी से पार्टी नेता, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। आजसू नेता सदानंद महतो ने कहा कि झारखंड में आंदोलनकारी अभी भी अपेक्षा का दंझ झेल रहे है। उन्हें स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा मिलना चाहिए।



# तीसरा जिला किकबॉक्सिंग चयन ट्रायल आयोजित, 40 खिलाड़ियों का हुआ चयन

## धनबाद में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत : मथुरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीसरा जिला किकबॉक्सिंग चयन ट्रायल्स 2025 का आयोजन हुआ। जिसमें टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहारा ने भी इस टूर्नामेंट को पूर्ण सहयोग दिया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 78 युवा किकबॉक्सिंग प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 40 का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। इनमें से आयुषी कुमारी, तृप्ति चंद्रवंशी और गर्व रेतोलिया ने टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चयनित खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों और संगठन का योगदान राज्य अध्यक्ष बीसी ठाकुर ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। राज संचु राजवाड़ (जिला महासचिव) और प्रवीण कुमार (राज्य महासचिव) ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहारा ने टूर्नामेंट को पूर्ण समर्थन देकर खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में सराहनीय योगदान दिया। अन्य अधिकारियों राज ठाकुर, संस्कार तिवारी, गंगा कुमारी, काजल कुमारी, शंभू और आशीष ने भी कार्यक्रम के संचालन में सहयोग दिया। इस अवसर पर विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि किकबॉक्सिंग जैसे खेल युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और मानसिक दृढ़ता विकसित करते हैं। धनबाद में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और मंच देने की आवश्यकता है। इस आयोजन ने न केवल जिले में किकबॉक्सिंग को नई पहचान दी है, बल्कि युवाओं में खेल के प्रति उत्साह भी जगाया है। सभी चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं।



### स्मार्ट कंप्यूटर प्रतिष्ठान का उद्घाटन



**कतरास (आजाद सिपाही)।** पचगढी बाजार स्थित खेतान टॉवर में रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह के प्राचार्य अभिमन्यु कुमार एवं समाज सेवी नीरु मिश्रा ने संयुक्त रूप से स्मार्ट कंप्यूटर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। प्रतिष्ठान के संचालक अखिल मिश्रा एवं पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके यहां कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, कंप्यूटर एसेसरीज, सेल्स एंड सर्विस की सुविधा के साथ ही सभी ब्रांडेड कंपनी के कंप्यूटर एवं लैपटॉप उपलब्ध है। इस मौके पर बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा, वरीय अधिवक्ता डीएन चौधरी, श्रवण खेतान, सुशील खेतान, राजेश स्वर्णकार, एस एन नियोगी, सतीश सिंह, अजय पांडेय, सौरभ मिश्रा, अमित खेतान, आशीष कुमार, गौतम मंडल, नीरज गुप्ता, आनंद गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, दिलीप सिंह आदि उपस्थित थे।

### फागु महतो हाइ स्कूल में डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन

# यह लाइब्रेरी तकनीकी सुविधा ही नहीं, बल्कि ज्ञान-क्रांति की शुरुआत है : गजाधर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल के तहत कपुरिया फागु महतो हाई स्कूल में आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन विद्यालय के सचिव गजाधर महतो एवं शहीद शक्तिनाथ महतो इंटर कॉलेज के प्राचार्य एवं झारखंड अधिविद्य परिषद के सदस्य अरुण कुमार महतो ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर विद्यालय की सचिव उषा देवी, कपुरिया ओपी के पुअनि बृंदावन सरदार, ग्रामीण फिजिकल सेंटर कपुरिया के संचालक रंगीत कुमार दसौंधी, रवि महतो उच्च विद्यालय के प्रशासक मधुसूदन महतो, फागु महतो इंटर कॉलेज के निदेशक प्रकाश कुमार, उप-निदेशक पुनम महतो, प्राचार्य अनुप कुमार चक्रवर्ती, उप-प्राचार्य शिवनाथ महतो, शहीद शक्तिनाथ महतो इंटर कॉलेज के उप-प्राचार्य रमेश प्रसाद महतो, दरोगा अशोक कुमार महतो, सिआरपी धनबाद गणेश महतो आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में समाजसेवी सह गुरुकुल बॉयज हॉस्टल के संचालक प्रफुल्ल महतो, गीता महतो, प्रो महेश्वर महतो, नीलकंठ महतो, परशुराम महतो, दीनबंधु रवानी, अजय रजक, अरुण कुमार महतो, बलदेव महतो, सुजीत कुमार पाठक, राजेंद्र प्रसाद गोप, सृष्टिधर गोप, मुक्तेश्वर दसौंधी, बिनोद कुमार महतो आदि भी मौजूद रहे। सभी ने इस डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना को विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और विद्यालय प्रबंधन को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव गजाधर महतो ने कहा कि हमारे विद्यालय में डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह पहल छात्रों को वैश्विक ज्ञान-संसाधनों से जोड़ते हुए शिक्षा को और अधिक सुलभ, आधुनिक और प्रभावी बनाएगी। अब विद्यार्थी कभी भी, कहीं से भी अध्ययन सामग्री तक पहुंच प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनका आत्मनिर्भरता और सीखने की गति दोनों में वृद्धि होगी। यह लाइब्रेरी केवल तकनीकी सुविधा नहीं, बल्कि एक ज्ञान-क्रांति की शुरूआत है। मैं शिक्षकों, तकनीकी टीम और प्रबंधन को इस प्रयास के लिए बधाई देता हूँ और विद्यार्थियों से अनुरोध करता हूं कि इस संसाधन का अधिकतम लाभ उठाएं।



# विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली का आयोजन

**डुमरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** विश्व साइकिल दिवस पर गिरिडीह जिला साइकिलिंग संघ की ओर से रविवार को साईकिल रैली का आयोजन डुमरी अनुमंडल से इसरी बाजार तक किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों के 60 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रभारी एसडीओ ने खुद साइकिलिंग कर छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। इसके पूर्व प्रभारी एसडीओ जीतराय मुर्मू ने कहा कि नियमित साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ एवं निरोग रहता है। वहीं एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

WELCOME TO KIDS SECOND HOME ESTD. - FEB-2014
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN 8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislrey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

J.K. Sales
Furniture Solution
Up to 50% off
Bed | Mattress | Sofa
Office Furniture | Almirah | Dining Set
JK Sales, Triveni Almirah Store, Pillar No.-83, Beside M Bazaar, Lakdi Taal, Piska More, Ranchi
9386 0700 11

JAISWAL CCTV
अपने शहर राँची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM
BIOMETRICS
CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

DR. SWATI'S CLINIC
Dental & Health Care
RCT
IMPLANT
FIXED TEETH
COMPLETE DENTURE
ORTHODONTIC TREATMENT
FOR APPOINTMENT CALL 7857930138 / 8235075755
Dr. Swati Prabhat
Dental Surgeon
Laxmi Tower, H.B. Road, Near Sadhu Maidan, Ranchi

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है।
फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery
Nursery
KG - I
KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

ADMISSION OPEN
50 % OFF
TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom
KOKAR

Success Ladder Classes
Admission Open
Pre Foundation
V, VI, VII, VIII, XI, X
CBSE, ICSE, JAC
All Subject
50% OFF
English Spoken
Foundation Batch
11th & 12th
Math, Phy. Che. & BIO
+91 94303 23661
+91 87891 14335
1st Floor, Vijyvargia Complex HB. Road, Kokar
NEar Madan Dhaba, Ranchi - 834001

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab
Scientific-Spark, Eurofit
Yogakids, Euro-Music, Mindful+
OUR WEEKENDS PROGRAMS ABACUS, DANCE DRAWING, MUSIC (OPEN FOR ALL)
ENROL NOW! 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

Mob.: 9523367777
9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009
SAMSUNG LG Panasonic PHILIPS Whirlpool HDFC BANK
vivo oppo mi realme BAJAJ FINSERV 0% ब्याजदर

Mehta Hotel
MUTTON CHAWAL
CHICKEN TANDOORI
CHICKEN CHAWAL
PARATHA
BIRYANI
FISH CHAWAL
VEG THALI
TAWA ROTI
DRINK & BEVERAGES
Laxmi Tower, Near Maheshwari Hotel, Ranchi
9771477499

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th
ALL BOARDS
9th | 10th
ALL BOARDS
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD
OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels
Let's Shine Everyday
अब आपके शहर राँची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे।
Special offer :
Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels
@glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

MEENA GENERAL HOSPITAL
(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES
Anesthesiology.
Critical Care.
Dental.
Internal Medicine.
Lab & Radiology.
Obstetrics & Gynecology
Ophthalmology
Pediatrics & Neonatology.
Urology.
General Surgery.
Orthopedics & Trauma.
Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

BUBU PLAY SCHOOL
Reg. no. JH-20-0100987
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS
NAGRI - BUKRU (NEAR JATRA MAIDAN) KANKE, RANCHI (JH.) 834006
REGISTER NOW
CONTACT NO.
+91-9334814668
+91-9798295759
WEBSITE : bpsranchi.com
EMAIL ID : bubuplayschool2025@gmail.com

7903636615
8434179089
www.shreebharatplywood.com
shreebharatplywood@gmail.com
SHREE BHARAT PLYWOOD
PLYWOOD | LAMINATES | VENEER
OLD H.B ROAD, KOKAR, RANCHI - 834001

!! श्री गणेशाय नमः !!
!! जय थावे वाली मईया !!
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
आपका कार्य सफल होना चाहिए
वावल के द्वारा
दक्षिणा अपने स्वेच्छा अनुसार दें।
मिलने का समय :
दिन सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार
समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बायें मंजिल रोड, राँची-834001
9431585446 | 7903633179

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए
सम्पर्क करें
मो. 8102553784
9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

100% आयुर्वेदिक 100% इलाज
आयुर्वेदिक अपनाएँ खुशहाल जीवन पाएँ।
शुगर / बी. पी / थाइरॉड / जोड़ो में दर्द / खूनी बवासीर / खाँसी / दम्मा / सांस का रोग/T.V. / मोटापा का 100% ईलाज / लकवा साईटिका /पथरी का 100% ईलाज / दाद / खाज / खुजली / बालों का झड़ना सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है।
यहाँ मशीन के द्वारा भी चेकअप किया जाता है।
जोड़ों का दर्द में 24 से घंटे में रिजल्ट देखें 100%
7296007167
NH.33 अनान्दी, ओरमाँझी, राँची, झारखण्ड

NEON ENTERPRISES
आधार सुधार
8210108590
8789361453
8709790158
पैन कार्ड
वोटर कार्ड
मजदूर कार्ड
E-STAMP
राशन कार्ड
पैसा निकासी
स्मार्ट कार्ड प्रिंट
अपॉइंटमेंट लेकर जाने से फार्म नहीं भरना पड़ता है
लाईन नही लगना पड़ता है
काम जल्दी हो जाता है
फोटो कॉपी
ड्राइविंग लाइसेंस
पासपोर्ट फोटो प्रिंट
जाति, आवासीय, आय
जमीन रसीद होल्डिंग
ऑनलाइन फार्म
पीएफ अप्लाई
Digital Print Designing & Advertising
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, राँची (झारखंड)

प्रकाशित
झारखंड अधिविद परिषद्, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
Verma's Today
CHAPTER WISE
CLASS - XI
2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
100% सफलता के लिए अवश्य पढ़ें!

Dr. Anup's
HLCCS
राँची में
स्किन एवं लेजर सेन्टर
चर्म रोग चिकित्सा केन्द्र
सभी प्रकार के चर्म रोग एवं गुप्त रोग एवं कॉस्मेटिक सर्जरी के लिए सम्पर्क करें।
Mob. 09334334935, 09431529553
हरमु बाई पास रोड, पुरण विहार Opp. माही रेस्टोरेन्ट, अरगोड़ा, राँची-834002

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agricultural/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
बैटरी स्कूटी
कम लागत
कम रखरखाव
लाइसेंस मुक्त
एक साल की वारंटी
60 किलोमीटर रेंज
BAJAJ FINANCE
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More
Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**